सुप्रभात
रांची, शुक्रवार
05.01.2024
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net पौष, कृष्ण पक्ष, नवमी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 173 12 दीपिका पादुकोण जल्द दे सकती हैं खुशखबरी

न्यूज डायरी

हिजबुल का मोस्ट वांटेड आंतकी दिल्ली में धराया

नयी दिल्ली। दिल्ली पुलिस को 26 जनवरी गणतंत्र दिवस से पहले राजधानी में बड़ी सफलता हाथ लगी है। दिल्ली में मोस्ट वांटेड आतंकी हिजबुल मुजाहिद्दीन को दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

वाइस एडमिरल त्रिपाठी ने कार्यभार संभाला

नयी दिल्ली। वाइस एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने गुरुवार को नौसेना उप प्रमुख का पदभार संभाल लिया। उन्होंने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले बहादुर जवानों को श्रद्धांजलि दी।

छह से मधुपुर तक जायेगी रांची-न्यू गिरिडीह एक्सप्रेस

रांची। रांची-न्यू गिरिडीह एक्सप्रेस का विस्तार मधुपुर तक किया गया है। अब यह ट्रेन रांची से मधुपुर तक चलायी जायेगी। मधुपुर से न्यू गिरिडीह होते हुए रांची जायेगी।

कुएं में गिरे हाथी के बच्चे को वन विभाग ने निकाला

सरायकेला। सरायकेला-खरसावां जिले के नीमडीह थाना क्षेत्र के अंडा गांव में बुधवार रात हाथी भगाने के दौरान हाथी का एक बच्चा कुएं में गिर गया। करीब 15-20 फीट गहरे कुआं में पानी नहीं था। वन विभाग की टीम गुरुवार की सुबह दो जेसीबी मशीन की मदद से बच्चे को निकाल ली।

झारखंड जदयू प्रभारी अशोक आज रांची में

रांची। राज्य में सियासी हलचल के बीच अपनी राजनीतिक पकड़ मजबूत करने में जुटी जदयू के झारखंड प्रभारी सह बिहार सरकार के मंत्री अशोक चौधरी शुक्रवार को रांची आयेंगे। यहां वे कार्यकर्ताओं के साथ अहम बैठक करेंगे। उनके साथ सह प्रभारी व विधायक मनोज यादव भी रांची पहुंचेंगे।

राहुल की यात्रा का नाम भारत जोड़ो न्याय यात्रा

नयी दिल्ली। राहुल गांधी की यात्रा को अब भारत जोड़ो न्याय यात्रा नाम दिया गया है। पहले इसे कांग्रेस ने भारत न्याय यात्रा नाम दिया था। अरुणाचल समेत 15 राज्यों से गुजरनेवाली यह यात्रा 6713 किमी से अधिक बसों के जरिये और पैदल तय की जायेगी।

छोटू के घर पर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

धनबाद। जेल में गैंगस्टर अमन सिंह की हत्या की जिम्मेवारी लेने वाले आशीष रंजन उर्फ छोटू सिंह के हीरापुर जेसी मल्लिक रोड स्थित आवास पर पुलिस ने इश्तेहार चिपकाया है।

अविनाश को विकास आयुक्त का प्रभार

रांची। राज्य के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार को अगले आदेश तक विकास आयुक्त का अतिरिक्त प्रभाव दिया गया है। वहीं, अपर मुख्य सचिव राजीव अरुण एक्का को अगले अगस्त तक राजस्व परिषद के सदस्य का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

गहना आभूषण
सोना (बिक्री) : 59,300 रु./10 ग्राम
चांदी : 75,000 रु./प्रति किलो

झारखंड हाइकोर्ट ने राज्य सरकार को दिया आदेश

तीन हफ्ते में निकाय चुनाव की अधिसूचना जारी करें

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। झारखंड में अब जल्द ही निकाय चुनाव के आसार हैं। झारखंड हाईकोर्ट ने बड़ा फैसला देते हुए राज्य सरकार को तीन सप्ताह में निकाय चुनाव की अधिसूचना जारी करने का आदेश दिया है। जस्टिस आनंद सेन की अदालत ने गुरुवार को ये आदेश दिया। हाइकोर्ट में निकाय चुनाव जल्द कराने की मांग को लेकर निवर्तमान पार्षद रोशनी खलखो और अरुण झा ने याचिका दाखिल की थी। सुनवाई के बाद अदालत ने राज्य सरकार को उक्त आदेश दिया। साथ ही निकाय चुनाव को लेकर दाखिल याचिका निष्पादित कर दी। इस संबंध में याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता विनोद सिंह ने बहस की। कोर्ट ने अपने आदेश की कॉपी राज्य के मुख्य सचिव, नगर विकास विभाग, रांची नगर निगम और राज्य निर्वाचन आयोग को फैक्स के जरिये फौरन मुहैया कराने का भी निर्देश दिया है।

(शेष पेज 11 पर)

वर्ष 2020 से ही पेंडिंग है चुनाव

झारखंड में साल 2000 से ही 14 नगर निकायों के चुनाव लंबित हैं। रांची, हजारीबाग, गिरिडीह, मेदिनीनगर, गढ़वा, चतरा, मधुपुर, गोड्डा, साहिबगंज, पाकुड़, मिहिजाम, आदित्यपुर नगर निगम, चिरकुंडा, फुसरो, गुमला, लोहरदगा, सिमडेगा, रामगढ़, चाईबासा, कपाली, नगर उंटारी, हुसैनाबाद, छतरपुर, लातेहार, डोमचांच, राजमहल, बरहरवा, बासुकीनाथ, जामताड़ा, खूंटी, बुंडू और सरायकेला-खरसांवा का भी निकाय बोर्ड भंग कर दिया गया है। 2020 के मई में ही देवघर, चास नगर निगम, धनबाद, विश्रामपुर, झुमरी तिलैया, गोमिया, चक्रधरपुर नगर परिषद व कोडरमा, बड़की सरिया, धनवार, हरिहरगंज, बचरा व महगामा नगर पंचायत का कार्यकाल पूरा हो गया था। जबकि उसी साल मई में ही बाकी 34 नगर निकायों का कार्यकाल भी पूरा हो गया था। हाईकोर्ट के आदेश बाद सभी ने राहत की सांस ली है।

ओबीसी आरक्षण के बहाने चुनाव नहीं टाला जा सकता

संविधान के अनुच्छेद 243 (यू) और स्टेट म्युनिसिपल एक्ट 2011 में भी इस बात का जिक्र है कि पांच साल में चुनाव करा लेना है। रांची नगर निगम के पूर्व पार्षद और याचिकाकर्ता अरुण कुमार झा ने बताया कि राज्य सरकार ओबीसी आरक्षण को लेकर टालमटोल कर रही थी। इसपर अधिवक्ता विनोद कुमार ने कोर्ट को बताया कि ओबीसी आरक्षण के नाम पर चुनाव को टालने से संविधान की मूल अवधारणा प्रभावित हो रही है। चुनाव नहीं होने की वजह से लोगों को मूलभूत सुविधाओं के लिए परेशानी झेलनी पड़ रही है। इससे पहले याचिकाकर्ताओं की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि पंचायत चुनाव कराने में भी विलंब हुआ था। तब पंचायत प्रतिनिधियों को विशेष अधिकार दिया गया था। लिहाजा, जब तक नगर निकाय चुनाव नहीं होता है, तब तक पार्षदों को भी अधिकार दिया जाना चाहिए। याचिकाकर्ताओं ने पंचायत वाली व्यवस्था लागू करने के बजाए नगर निगम में प्रशासक नियुक्त करने के आदेश पर भी आपत्ति जतायी थी।

दिल्ली में गणतंत्र दिवस पर दिखेगी झारखंड की झांकी

दुमका-गोड्डा के तसर उद्योग की झलक देखेगी दुनिया

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। गणतंत्र दिवस 2024 के मौके पर दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम में झारखंड की झांकी देखने को मिलेगी। यहां से पूरा देश दुमका-गोड्डा के विश्वस्तरीय गुणवत्ता वाले तसर उद्योग की झलक देखेगा। इसके लिए झारखंड समेत 16 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों की झांकियों का चयन हुआ है। गणतंत्र दिवस पर होने वाले राष्ट्रीय कार्यक्रम के लिए झारखंड ने भी पूरी तैयारी कर ली है। इस वर्ष झारखंड की झांकी में दुमका में उत्पादित विश्व स्तरीय गुणवत्ता वाले सिल्क के उत्पादन से संबंधित झांकी प्रदर्शित की जाएगी। मालूम हो कि 2023 के दिल्ली गणतंत्र दिवस परेड के अवसर पर देवघर की झांकी प्रदर्शित की गयी थी।

देश भर से शामिल होंगी झांकियां : बताते चलें कि केंद्र सरकार ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से झांकियों का प्रारूप मांगा था। विभिन्न चरणों की चयन प्रक्रिया के उपरांत केवल 16 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों की झांकी का दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम में प्रदर्शन के लिए चयन हुआ। झारखंड की झांकी के प्रारूप को चयन प्रक्रिया में पदाधिकारियों द्वारा सराहा गया। नई दिल्ली में 19 जनवरी 2023 तक सभी चयनित राज्यों की झांकी को तैयार कर लेना है और पूरे परिधान के साथ 23 जनवरी 2023 को इनका रिहर्सल भी करा लिया जाना है।

रातू में कोयला कारोबारी की गोली मार कर हत्या

मोरहाबादी जा रहे थे अभिषेक, 12 गोलियां दागी, पुलिस जांच में जुटी

खबर मन्त्र संवाददाता

रातू, रांची। राजधानी रांची के रातू इलाके में अपराधियों ने कोयला कारोबारी अभिषेक श्रीवास्तव की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी। अपराधियों ने कारोबारी को 12 गोलियां मारी। परिजन आनन-फान में अभिषेक को अस्पताल ले गये, पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। रातू थाना क्षेत्र स्थित पिर्रा अस्थापुरम गुरुवार की सुबह साढ़े दस बजे गोलियों की तड़तड़ाहट से थर्रा उठा। सफेद स्कार्पियो से आये अपराधियों ने अभिषेक श्रीवास्तव पर गोलियों की बौछार कर दी। गोली मार हत्या कर दी। स्कार्पियो में महाराष्ट्र का नंबर था। आशंका है कि टीपीसी के इरफान अंसारी उर्फ तूफान दस्ते ने घटना को अंजाम दिया है। (शेष पेज 11 पर)

फिल्मी अंदाज में की हत्या

अपराधियों ने अभिषेक को फिल्मी अंदाज में तीन पिस्टल से उसके सीने में 12 गोलियां उतार दी। सभी खोखे बरामद कर लिये गये हैं। सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी यहां पहुंचे और घटना की जानकारी ली। घटनास्थल का कॉल डंप कराया गया। सीडीआर निकाला जा रहा है। सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। फिंगर प्रिंट दस्ते की भी मदद की जा रही है। सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने अपराधियों की धर-पकड़ के लिये तेज-तर्रार पुलिस अधिकारियों की दो टीमें बनायी है। इरफान अंसारी छह महीने पूर्व ही जेल से बाहर आया है। उसे मीखन गंझू का दाहिना हाथ माना जाता है।

इडी छापा : कारतूस और कैश को ले कर फंसे डीसी

विनोद के सीलबंद दफ्तर की जांच शुरू

- बुधवार को अवैध खनन मामले में 12 ठिकानों पर इडी ने की थी छापेमारी

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। सरकार के करीबी माने जाने वाले विनोद सिंह का सीलबंद दफ्तर गुरुवार को इडी ने खोला और जांच-पड़ताल शुरू की। बुधवार को विनोद सिंह के ठिकानों पर छापेमारी के बाद इडी अधिकारियों ने दफ्तर को सील कर दिया था। गुरुवार की शाम करीब पांच बजे टीम के छह अधिकारी अचानक सुरक्षाकर्मियों के साथ रोस्पा टावर स्थित विनोद सिंह के कार्यालय पहुंचे।

सील हटाकर कार्यालय खोल जांच की प्रक्रिया शुरू कर दी। बुधवार को छापेमारी में आर्किटेक्ट विनोद सिंह के घर से 25 लाख रुपये नकद मिले थे। साहिबगंज जिले में अवैध खनन मामले को लेकर बुधवार को ईडी की टीम ने 12 ठिकानों पर छापेमारी की थी। वहीं अवैध कारतूस, रिश्वत के पैसे और सैलरी तीनों के फेर में साहिबगंज डीसी फंस गये हैं। उनपर गिरफ्तारी और समन की तलवार लटक गयी है।

इनलोगों के यहां इडी ने मारा था रेड : बुधवार सुबह इडी ने सीएम के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू, साहिबगंज के डीसी रामनिवास यादव, डीएसपी राजेंद्र दुबे, साहिबगंज के खनन कारोबारी खुड़ानिया बंधु, सीएम के मित्र विनोद कुमार सिंह, रोशन सिंह, कोलकाता के कारोबारी अभय सरावगी, पूर्व विधायक पप्पू यादव, बिरसा मुंडा जेल, रांची के जमादार अवधेश कुमार के ठिकानों पर पहुंची थी। (शेष पेज 11 पर)

साहिबगंज डीसी पर लटकी गिरफ्तारी की तलवार

साहिबगंज जिले में अवैध खनन मामले को लेकर बुधवार को ईडी की टीम ने 12 ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस दौरान ईडी ने विभिन्न आपत्तिजनक डिजिटल उपकरण, दस्तावेज, रिकॉर्ड और नकद रुपये बरामद किये। साहिबगंज डीसी राम निवास यादव के कैंप कार्यालय से 7.25 लाख सहित 36.99 लाख रुपये बरामद किये गये। इसके अतिरिक्त उनके आवासीय परिसर से 9 एमएम बोर के 19 कारतूस, .380 एमएम के 2 कारतूस और प्रतिबंधित पिस्टल के 5 खाली खोखे भी बरामद हुए। तलाशी के दौरान 30 बेनामी बैंक खातों का भी पता चला और उन्हें फ्रीज कर दिया गया है। रामनिवास राज्य के तीसरे आइएएस अधिकारी हैं, जिनपर गिरफ्तारी की तलवार लटक रही है।

केपटाउन में लहरा तिरंगा, भारत ने बनाया रिकॉर्ड

सबसे छोटा टेस्ट मैच, 92 साल पुराना रिकॉर्ड टूटा

एजेंसी

केपटाउन। भारतीय क्रिकेट टीम ने केपटाउन टेस्ट मैच सात विकेट से अपने नाम कर लिया और इसके साथ ही दो मैचों की सीरीज को 1-1 से ड्रॉ भी करा लिया। केपटाउन में इससे पहले कोई एशियाई टीम टेस्ट मैच नहीं जीत सकी थी। यहां जीत दर्ज करने वाला पहला भारत, एशिया का देश बन गया। वहीं दूसरी ओर यह टेस्ट क्रिकेट के इतिहास का सबसे छोटा मैच रहा, जिसमें कोई टीम विजेता साबित हुई। यह मुकाबला सिर्फ 107 ओवर में खत्म हो गया। इसका मतलब है कि इस मुकाबले में सिर्फ 642 मान्य गेंदें (नो और वाइड बॉल को छोड़कर) की गयी। इससे पहले 1932 में ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच मैच 109.2 ओवर में खत्म हो गया था। यह मैच ऑस्ट्रेलिया ने जीता था। इस सीरीज का पहला मैच दक्षिण अफ्रीका ने पारी और 32 रन से जीता था। इस मैच में जीत के साथ ही रोहित शर्मा दक्षिण अफ्रीका में सीरीज ड्रॉ कराने वाले दूसरे भारतीय कप्तान बन गये। इससे पहले 2011 में महेंद्र सिंह धोनी ने अफ्रीका में सीरीज ड्रॉ करायी थी। भारत ने 31 साल के इतिहास में पहली बार केपटाउन में कोई टेस्ट मैच जीता है। केपटाउन साउथ अफ्रीका का अभेद किला माना जाता था। ठीक वैसे ही जैसे ब्रिसबेन का गाबा मैदान ऑस्ट्रेलिया का किला माना जाता रहा है।

कोडरमा में चार लाख की लूट, जांच में जुटी पुलिस

कोडरमा। जिले के थाना क्षेत्र अंतर्गत नीरू पहाड़ी-सपही रोड स्थित अंबादहा जंगल के समीप से मुथूट माइक्रो फाइनेंस कंपनी के कर्मी से बुधवार की रात करीब चार लाख रुपये लूट लिये। घटना को लेकर फाइनेंस कंपनी के कर्मी कुर्बान अंसारी ने डोमचांच थाना में लिखित आवेदन दिया है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। आवेदन में कुर्बान अंसारी ने बताया कि हम ढोढाकोला, सपही व आसपास के गांव से पैसे की वसूली कर देर शाम 06.25 बजे डोमचांच की तरफ आ रहे थे। हम चार लोग तीन मोटरसाइकिल में सवार होकर लौट रहे थे। इस दौरान अंबादहा मोड़ के समीप कुछ अपराधी आये व मारपीट कर पैसों से भरा बैग लेकर फरार हो गये। बैग में रिकवरी का 3 लाख 93 हजार 700 रुपये था।

ऐसी खूबसूरती, भूल जायेंगे मालदीव : पीएम

एजेंसी

नयी दिल्ली। पीएम मोदी ने भारत के सबसे छोटे केंद्र शासित प्रदेश लक्षद्वीप का दौरा किया। इस दौरान पीएम मोदी स्नॉर्कलिंग का लुत्फ उठाया। उन्होंने लोगों से लक्षद्वीप का दौरान करने का आग्रह किया। पीएम मोदी ने यहां की खूबसूरती की जमकर तारीफ की और कहा, अपने देश में समुद्र की ऐसी खूबसूरत छटा! भूल जाएंगे मालदीव जाना। अक्सर भारतीय पड़ोसी मुल्क मालदीव छुट्टियां बिताने जाया करते हैं। मालदीव ऐसा देश है जिसकी अर्थव्यवस्था पर्यटन पर ही निर्भर है। मगर हमारे देश में भी समुद्र की खूबसूरती और एडवेंचरस एक्टिविटी के लिए उपयुक्त स्थान है, जिसकी तारीफ अब पीएम मोदी ने की है। अपनी यात्रा के क्रम में मोदी ने केंद्र शासित प्रदेश लक्षद्वीप के समुद्री तट पर स्नॉर्कलिंग का लुत्फ उठाया। कोरल रीफ और मछलियों की तस्वीरें साझा करते हुए पीएम मोदी ने घूमने-फिरने वालों को सलाह दी कि वे लक्षद्वीप का दौरा कर एडवेंचरस ट्रिप के आनंद को दोगुना कर सकते हैं। लक्षद्वीप की तस्वीरों को शेयर करते हुए पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा, जो लोग अपने अंदर के साहस को अपनाना चाहते हैं, उनकी लिस्ट में लक्षद्वीप जरूर होना चाहिए। अपने प्रवास के दौरान मैंने स्नॉर्कलिंग का भी प्रयास किया - यह कितना उत्साहवर्धक अनुभव था।



- लक्षद्वीप की सुंदरता देख मोहित हुए प्रधानमंत्री

उन्होंने कहा कि प्राकृतिक सुंदरता के अलावा, लक्षद्वीप की शांति भी मंत्रमुग्ध कर देने वाली है। पीएम ने कहा कि शांत वातावरण ने उन्हें यह सोचने पर मजबूर कर दिया कि 140 करोड़ भारतीयों के कल्याण के लिए यहां किस तरह अवसर बन सकता है। पीएम मोदी ने प्राचीन समुद्र तटों पर अपनी सुबह की सैर की तस्वीरें भी साझा कीं। पीएम मोदी एडवेंचरस एक्टिविटी का खूब लुत्फ उठाते हैं।

जहां श्रीराम करते थे पूजा, वहां जलेगा सबसे बड़ा दीपक

रामलला आ रहे हैं...

एजेंसी

अयोध्या। रामलला का प्राण प्रतिष्ठा समारोह श्रद्धालुओं के लिए बेहद अनोखा होगा। रामघाट पर तुलसीबाड़ी में 22 जनवरी को जो त्रेतायुगीन दीपक जलाया जायेगा, वह दुनिया का सबसे बड़ा होगा। 28 मीटर व्यास वाले इस दीपक को प्रज्ज्वलित करने में 21 क्विंटल तेल लगेगा। इसे गिनीज बुक आफ द वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज कराने की तैयारी है। दीपक का नाम दशरथ छावनी के संत स्वामी परमहंस ने बताया कि शास्त्रों व पुराणों के अध्ययन के बाद दीपक का आकार त्रेतायुग के मनुष्यों के आकार के अनुसार तैयार कराया जा रहा है।

बाती बनाने में सवा क्विंटल रूई : इसके लिए 108 लोगों की टीम बनाई गई है। दीपक तैयार करने में लगभग साढ़े सात करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसकी बाती सवा क्विंटल रूई से तैयार हो रही है। दीपक तैयार करने में चारधाम के साथ तीर्थ स्थानों की मिट्टी, नदियों व समुद्र के जल का इस्तेमाल किया गया है। तपस्वी दीप होगा। इसे तैयार करने में

मंदिर में हर जगह दिखेगी रामलला की झलक

अयोध्या में बन रहा राम मंदिर दुनिया में सबसे खास होने वाला है, जिसकी झलक श्रीराम लला के गर्भगृह से लेकर मंदिर में लगे खंबों तक में दिखाई देगी। नागर शैली और कई विशेषताओं से सुसज्जित होगा अयोध्या का राम मंदिर। 22 को होनेवाले रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए अयोध्या के निमार्णाधीन राम मंदिर में तैयारियां जोरों पर है। इसके बाद दो महीनों तक अयोध्या में खास कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे जो 25 मार्च तक चलेंगे। इस दौरान अयोध्या में राम कथा, प्रवचन, रामलीला के खास कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। जिसके लिए उत्तर प्रदेश के संस्कृति एवं पर्यटन विभाग द्वारा तैयारियां की जा रही हैं।

तुलसी बाड़ी में ही पूजन करते थे रामलला

स्वामी परमहंस ने बताया कि भगवान राम त्रेतायुग में तुलसीबाड़ी में ही पूरे परिवार के साथ पूजन किया करते थे। सरयू के तट पर स्नान करने के बाद वह यहीं पूजन के लिए आते थे, इसलिए आज भी इसका नाम रामघाट है। सरकारी दस्तावेजों में भी इसे इसी नाम से जाना जाता है।

नौवीं से 12वीं कक्षा के छात्रों के लिए प्रेरणा कार्यक्रम

- हर सप्ताह देशभर से 20 बच्चे चुने जायेंगे
- यह अनुभवात्मक और प्रेरणादायक शिक्षण होगा

एजेंसी

नयी दिल्ली। शिक्षा मंत्रालय के स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग ने गुरुवार को नौवीं से बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए एक सप्ताह का प्रेरणाः एक अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रम लॉन्च किया है। मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि प्रेरणा नौवीं से बारहवीं कक्षा के चयनित छात्रों के लिए एक सप्ताह तक चलने वाला आवासीय कार्यक्रम है। यह एक अनुभवात्मक और प्रेरणादायक शिक्षण कार्यक्रम है। देश के विभिन्न हिस्सों से हर सप्ताह 20 चयनित छात्रों (10 लड़के और 10 लड़कियां) का एक बैच कार्यक्रम में भाग लेगा।

प्रेरणा कार्यक्रम भारत के सबसे पुराने शहरों में से एक, वडनगर, जिला मेहसाणा, गुजरात में 1888 में स्थापित वर्नाक्युलर स्कूल से चलेगा। कार्यक्रम के बाद प्रतिभागी प्रेरणा के लोकाचार को अपने-अपने समुदायों में ले जायेंगे। परिवर्तन निर्माता बनेंगे और दूसरों को प्रेरित करने के लिए सकारात्मक बदलाव लायेंगे।

(शेष पेज 11 पर)

ग्रामीण विकास विभाग के अवर सचिव को विभाग ने दी विदायी

रांची। ग्रामीण विकास विभाग के अवर सचिव अरुण कुमार सिन्हा की सेवानिवृत्ति पर गुरुवार को विभागीय सभागार में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। ग्रामीण विकास विभाग के सभागार में आयोजित समारोह में अपर सचिव शैल प्रभा कुजूर, संयुक्त सचिव अवध प्रसाद, जितेंद्र कुमार देव, उप सचिव संजीव कुमार, प्रमोद कुमार, अवर सचिव चंद्रभूषण, अमरेश कुमार एवं अन्य पदाधिकारी/कर्मियों ने श्री सिन्हा को सेवानिवृत्ति पर सम्मानित करते हुए बेहतर भविष्य की शुभकामनाएं दी। विदाई समारोह के दौरान ग्रामीण विकास विभाग के अपर सचिव, संयुक्त सचिव, उपसचिव, अवर सचिव, सहित अन्य पदाधिकारी/ कर्मियों ने श्री सिन्हा के साथ अपने कार्यानुभव साझा किये। अवर सचिव श्री सिन्हा 1990 से सेवा की शुरूआत की। 33 वर्ष सेवा के पश्रात वो सेवानिवृत्त हुए हैं। विदाई समारोह में श्री सिन्हा ने सेवाकाल के दौरान पदाधिकारी /कर्मियों के साथ बिताए क्षण को याद किया और अपने अनुभव साझा किए। सेवानिवृत्ति पर मिले सम्मान पर उन्होंने सभी को धन्यवाद दिया।

कमिटी ने किया दौरा

रांची।-झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन मंजूर अंसारी ने हिन्दपिडी थाना अंतर्गत 12 वार्षिये मदरसा छात्र हुजैफा को हिन्दपिडी थाना एस आई अजय कुमार एवं अनिल कुमार सिंह के द्वारा मारपीट करना, जाति सूचक गली देने को लेकर जांच कमिटी का गठन किया था। गुरूवार को जांच कमिटी हिन्दपिडी थाना पहुंच कर मामले की जानकारी ली। इस कमिटी में उपाध्यक्ष गुलरेज अंसारी, महासचिव गुलाम जावेद, गुलाम रब्बानी, मंजूर आलम,बारीक अंसारी शामिल थे।

फरवरी में झारखंड प्रवेश करेगी राहुल की भारत जोड़ो न्याय यात्रा, कई जिलों से गुजरेगी

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। भारत जोड़ो यात्रा के बाद राहुल गांधी 14 जनवरी से भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर निकलेंगे। उनकी यह यात्रा 20 मार्च तक चलेगी। इस दौरान राहुल गांधी 14 राज्यों से होकर गुजरेंगे। शिड्यूल के तहत झारखंड में राहुल गांधी की यह यात्रा फरवरी माह में प्रवेश करेगी। जानकारी के अनुसार झारखंड में राहुल गांधी यात्रा कोडरमा में प्रवेश कर कई जिलों से होते हुए आठ दिनों तक कांग्रेस का गढ़ रहे इलाकों से गुजरेगी। राहुल गांधी झारखंड में 804 किलोमीटर की यात्रा करेंगे। इस दौरान राहुल गांधी की न्याय यात्रा कोडरमा से झारखंड में प्रवेश करेगी और सिमडेगा होते हुए ओड़िशा निकल जाएगी। ज्ञात हो कि गुरुवार को कांग्रेस अध्यक्ष

मलिकाअर्जुन खड़गे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के साथ हुई महत्वपूर्ण बैठक में 2024 लोकसभा चुनाव और भारत न्याय यात्रा पर चर्चा हुई। दिल्ली में हुई बैठक में सभी राज्यों के प्रदेश प्रभारी, प्रदेश अध्यक्ष, विधायक दल के नेता उपस्थित थे। झारखंड में राहुल की न्याय यात्रा को बंगाल, बिहार, ओडिशा से भी ज्यादा समय दिया गया है।

यात्रा को लेकर कांग्रेसी उत्साहित

कांग्रेस के कई कद्दावर नेता यात्रा को अपने जिले में ले जाने की मुहिम में लगे हुए हैं। कई नेता चाहते हैं कि उनके जिले से राहुल की यात्रा गुजरे। इसके लिए जोड़-तोड़ में लगे हैं। बता दें कि 2024 लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस सांसद राहुल गांधी भारत न्याय यात्रा पर निकलेंगे। यात्रा 14 जनवरी से मणिपुर होकर 20 मार्च को मुंबई में खत्म होगी। इस दौरान यात्रा 14 राज्य और 85 जिलों को कवर करेगी। यात्रा के दौरान राहुल गांधी बस से और पैदल 6 हजार 200 किलोमीटर से ज्यादा की यात्रा करेंगे। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल और जयराम रमेश ने बुधवार को पार्टी हेडक्वार्टर में मीडिया को बताया कि भारत जोड़ो यात्रा के बाद कांग्रेस पार्टी भारत न्याय यात्रा करेगी। यात्रा मणिपुर से शुरू होकर नगालैंड, असम, मेघालय, पश्रि बंगाल, बिहार, झारखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान और गुजरात से होते हुए महाराष्ट्र में समाप्त होगी। बता दें कि दिल्ली में हुई बैठक में झारखंड से आलमगीर आलम, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, प्रदेश प्रभारी मीर अहमद इस बैठक में पहुंचे थे।

खबर एक नजर में

पीएलएफआई सुप्रीमो के दोनों पत्नियों की जमानत अर्जी खारिज

रांची। पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप की दोनों पत्नी हीरा देवी(37) एवं शकुंतला कुमारी(30) को एनआईए कोर्ट ने राहत देने से इनकार किया है। दोनों की ओर से दाखिल जमानत अर्जी पर एनआईए के विशेष न्यायाधीश एमके वर्मा की अदालत में सुनवाई हुई। सुनवाई पश्रात अदालत ने दोनों की अर्जी खारिज कर दी। दोनों पर दिनेश गोप के लेवी वसूली के पैसे को निवेश करने का आरोप है। साथ ही, आरोप है कि दोनों पत्नियों के सहयोग से लेवी की वसूली की राशि फर्जी कंपनियों के नाम से बैंक में जमा करती थी। इससे पूर्व याचिकाकर्ता के वकील ने दोनों की न्यायिक हिरासत की अवधि देखते हुये जमानत देने का अनुरोध किया। एनआईए ने दोनों को 30 जनवरी 2020 को गिरफ्तार किया था। तब से दोनों जेल में है। यह गिरफ्तारी बेड़ो थाना कांड संख्या 67/2016 के तहत की गई है। इस कांड को एनआईए ने 2018 में टेक ओवर कर जांच कर रही है। मालूम हो कि मामले में एनआईए की ओर से साक्ष्य प्रस्तुत किया जा रहा है। इसी मामले में दिनेश गोप को एनआईए ने बीते 22 मई को गिरफ्तार किया है। तब से वह जेल में है।

सीजीएल परीक्षा अब, 28 जनवरी और 4 फरवरी को

रांची। जेएसएससी सचिवालय सहायक (सीजीएल) की परीक्षा की प्रतीक्षा में बैठे झारखंड के अभ्यर्थियों के लिए अच्छी खबर है। जेएसएससी की ओर से इस परीक्षा की तिथि घोषित कर दी गयी है। यह परीक्षा अब, 28 जनवरी और 4 फरवरी को होगी। यह परीक्षा झारखंड के विभिन्न जिलों में होगी। इसके लिए जेएसएससी ने पत्र जारी कर दिया है। जेएसएससी के अनुसार परीक्षा तीन पालियों में होगी। इसके लिए जेएसएससी कार्यालय में शुक्रवार को सभी जिलों के नोडल पदाधिकारियों की बैठक बुलाई गई है। इससे पहले परीक्षा वर्ष 2023 में 16 और 17 दिसंबर को यह परीक्षा होनी थी, लेकिन किसी कारण से जेएसएससी ने परीक्षा स्थगित कर दी थी। परीक्षा के लिए जल्द ही एडमिट कार्ड जारी कर दिया जाएगा।

विधानसभाकर्मी को दी गयी विदायी

रांची। विधानसभा के वे पदाधिकारी -कर्मी जो 31 दिसंबर 23 को सेवानिवृत्त हुये थे, उनके सेवानिवृत्त होने के अवसर पर गुरूवार को विधानसभा सचिवालय में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। नवीन कुमार उप सचिव के पद पर पदस्थापित थे, विदायी दी गयी। वे बिहार विधानसभा से कैडर विभाजन के उपरांत 2005 में टंकक सह लिपिक के रूप में झारखंड विधानसभा में अपना योगदान दिये थे। इसके अलावा विनोद कुमार सफाई कर्मी को भी विदायी दी गयी। वे सफाईकर्मी के रूप में बिहार विधान सभा सचिवालय में 1985 मे योगदान दिए थे । कैडर विभाजन के उपरांत झारखंड विधानसभा सचिवालय में आएए वे उसी पद से सेवानिवृत्त हुये।

नियुक्ति के लिए प्रमाण पत्रों की जांच को विभाग ही प्रतिनियुक्त करेगा अधिकारी

रांची। राज्य के मुख्य सचिव एल खियांगते ने विभिन्न विभागों में नियुक्ति के लिए प्रमाण पत्रों की जांच के लिए पदाधिकारी-कर्मियों की प्रतिनियुक्ति के संबंध में दिशा निर्देश जारी किया है। उन्होंने कहा है कि अब झारखंड लोक सेवा आयोग या झारखंड कर्मचारी सेवा आयोग में किसी अधिकारी या कर्मचारी के प्रतिनियुक्ति प्रमाण पत्र की जांच के लिए की जाती है, तो जिस विभाग की अधियाचना आयोग के भेजी गई है तथा उसके विरुद्ध चयनित अभिव्यक्तियों के प्रमाण पत्र की जांच के लिए पदाधिकारी, कर्मी की मांग आयोग द्वारा किए जाने पर संबंधित विभाग के स्तर से ही पदाधिकारी कर्मी की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। वहीं प्रातिनियुक्ति आदेश निर्गत होने की तिथि से निर्धारित अवधि के बाद संबंधित पदाधिकारी कर्मी स्वतः विरमित हो जाएंगे। इसका उल्लेख प्रतिनियुक्ति आदेश में किया जाएगा। अभी तक कार्मिक विभाग यह प्रतिनियुक्ति करता था। लेकिन यह देखा जा रहा था कि इससे कई विभाग में कार्य प्रभावित हो रहे थे। इसी वजह से मुख्य सचिव ने यह आदेश जारी किया है।

बच्ची का पीछा करना, घूरना या जबरन बात करना भी यौन अपराध : हाई कोर्ट

स्कूल में शिक्षक छात्रा के साथ करता था छेड़खानी

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। झारखंड हाई कोर्ट ने कहा है कि किसी बच्ची का लगातार या बार-बार पीछा करना, घूरना या जबरन संपर्क करने की कोशिश करना भी यौन उत्पीड़न की श्रेणी में आने वाला अपराध है। ऐसा मामला प्रोटेक्टशन ऑफ चाइल्ड फ्रॉम सेक्सुअल ऑफेंस (पॉक्सो) एक्ट 2012 की धारा 11 (4) के तहत संज्ञेय है।

झारखंड हाई कोर्ट ने चतरा जिले की एक स्कूली छात्रा के यौन उत्पीड़न के आरोपी शिक्षक की जमानत अर्जी खारिज करते हुए यह महत्वपूर्ण आदेश दिया है। आरोपी शिक्षक राहुल यादव पर यह आरोप है कि वह स्कूल में पढ़ने वाली छात्रा से छेड़खानी करता था। पीड़िता ने स्कूल के प्रिंसिपल से इसकी शिकायत की तो शिक्षक को स्कूल से हटा दिया गया।

निचली अदालत के फैसले को हाई कोर्ट में चुनौती : स्कूल से हटाए जाने के बाद भी वह शिक्षक छात्रा का पीछा करता था। वह छात्रा से मिलने और जबरन बात करने का भी प्रयास करता था। इस मामले में केस दर्ज होने के बाद निचली अदालत में आरोपी शिक्षक के खिलाफ चार्ज फ्रेम किए जाने को झारखंड हाई कोर्ट में चुनौती दी गई थी।

हाईकोर्ट ने खारिज की शिक्षक की याचिका : जस्टिस सुभाष चांद की बेंच ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद शिक्षक की याचिका को खारिज कर दिया और उसके कृत्य को पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत यौन उत्पीड़न का मामला करार दिया।

झारखंड राज्य धार्मिक न्यास बोर्ड के आदेश पर रोक

रांची। इटखोरी मंदिर विकास समिति के द्वारा दायर रिट याचिका की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति डॉ एसएन पाठक की कोर्ट में हुई। कोर्ट ने झारखंड राज्य धार्मिक न्यास बोर्ड के आदेश को रोक लगा दी। साथ ही निर्देश दिया कि यह याचिका जब तक हाईकोर्ट में लंबित रहेगी, तब तक मंदिर का देख देख व वित्तीय अधिकार उपायुक्त, चतरा के पास रहेगा। प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि धार्मिक न्यास बोर्ड ने अपने क्षेत्राधिकार से बाहर जाकर बिना किसी स्पष्टीकरण से मंदिर का प्रबंध नए समिति को दे दी है, जो कि उनके क्षेत्राधिकार से बाहर है। नई समिति का गठन करने के पूर्व पुरानी समिति को जो की मंदिर का देखरेख करती है उसे स्पष्टीकरण देना होता है की वे मंदिर का विकास सही तरीके से नहीं कर रहे हैं। कोर्ट को बताया गया कि मंदिर का विकास पुरानी समिति 50-60 सालों से करते आ रही है।जब माता की मूर्ति चोरी हुई थी तब भी इसी समिति ने मूर्ति कोलकाता से लाई थी। ना तो कोई स्पष्टीकरण दिया गया ना कानून का बोर्ड के द्वारा अनुपालन किया गया। इसके अलावा राजनीतिक दल के लोगों को नया समिति में रखा गया, जबकि पुर्व में डीसी, अनुमंडल पदाधिकारी आदि मंदिर का देख देख करते थे।

जेडीयू के झारखंड प्रभारी आज पहुंचेंगे रांची

कार्यकर्ता मंथन में होंगे शामिल

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। राज्य में सियासी हलचल के बीच मिशन 2024 को लेकर सभी पार्टियां अपने अपने स्तर से तैयारी कर रही है। झारखंड मुक्ति मोर्चा से लेकर कांग्रेस, राजद में बैठकों का दौर चल रहा है। वहीं झारखंड में अपनी राजनीतिक पकड़ को मजबूत करने में जुटा जनता दल यूनाइटेड भी झारखंड के सियासी हालातों पर नजर बना कर रखा है। इसको लेकर 6 जनवरी को झारखंड जेडीयू भी अपने कार्यकताओं के साथ अहम बैठक करने जा रहा है। झारखंड जदयू के प्रभारी सह बिहार सरकार के मंत्री अशोक चौधरी शुक्रवार, 5 जनवरी को रांची पहुंच रहे हैं, जहां वह कार्यकताओं के साथ अहम बैठक करेंगे। उनके साथ सह प्रभारी व विधायक मनोज यादव भी रांची पहुंचेंगे। 6 जनवरी को झारखंड जदयू ने कार्यकर्ता मंथन का भी आयोजन किया है। जिसमें राज्य भर के कार्यकर्ता और सभी वरिष्ठ नेता मौजूद रहेंगे। वहीं आगामी 21 जनवरी को झारखंड के रामगढ़ में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का भी आगमन होना है। उसको लेकर भी कार्यकताओं को अहम दिशा निर्देश दिए जाएंगे। बैठक को लेकर जदयू के प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद खीरू महतो की तरफ से भी कार्यकताओं को लगातार दिशा निर्देश दिए जा रहे हैं। सिर्फ राजधानी रांची ही नहीं बल्कि विभिन्न जिलों में भी कार्यकताओं को अलर्ट मोड पर रखा गया है। जिस तरह से पिछले तीन दिनों से झारखंड में सियासी हलचल दिख रही है, वैसे में झारखंड जदयू के प्रदेश प्रभारी सह बिहार सरकार के मंत्री अशोक चौधरी का रांची आगमन कई राजनीतिक सवाल खड़े करता है, लेकिन अब देखने वाली बात होगी कि झारखंड जेडीयू राजनीतिक हालात पर क्या ठोस कदम उठाता है।

ओबीसी आरक्षण को लेकर एक बार फिर आजसू पार्टी करेगी कोर्ट का रुख

रांची। निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण को लेकर गोमिया से आजसू विधायक लंबोदर महतो से बात की। विधायक ने साफ कहा कि आजसू पार्टी पिछड़ों के हक और अधिकार के लिए लड़ाई लड़ेगी। ओबीसी आरक्षण के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। जिसमें झारखंड सरकार की ओर से शपथ पत्र दायर यह बताया गया था कि राज्य सरकार की ओर से ओबीसी आरक्षण के लिए ट्रिपल टेस्ट राज्य पिछड़ा आयोग की ओर से कराया जायेगा। जबकि राज्य राज्य पिछड़ा आयोग कई वर्षों से नहीं है। ऐसे में ट्रिपल टेस्ट नहीं हुआ और एक तरह से राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को गुमराह करने का काम किया। हमारी पार्टी फिर से कोर्ट का रुख करेगी। हाईकोर्ट ने तीन सप्ताह में अधिसूचना जारी करने का आदेश दिया है। ऐसे में अब तीन सप्ताह में ओबीसी आरक्षण संभव नहीं है।

क्या है ट्रिपल टेस्ट फॉर्मूला : दरअसल, विकास किशनराव गवली के मामले में सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने निकाय चुनावों के लिए ओबीसी आरक्षण तय करने के लिए एक फॉम्यूर्ला दिया था। इसे ट्रिपल टेस्ट फामूर्ला कहा गया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि निकाय चुनाव में राज्य सरकार ट्रिपल टेस्ट फामूर्ले का पालन करने के बाद ही ओबीसी आरक्षण तय कर सकती है।

फॉर्मूर्ला में ये था : सबसे पहले स्थानीय निकायों में पिछड़ेपन की प्रकृति को लेकर अनुभवजन्य जांच के लिए एक आयोग की स्थापना की जाये। यह आयोग निकायों में पिछड़ेपन की प्रकृति का आकलन करेगा और सीटों के लिए आरक्षण प्रस्तावित करेगा। आयोग की सिफारिशों के आलोक में स्थानीय निकायों द्वारा ओबीसी की संख्या का परीक्षण कराया जाये और उसका सत्यापन किया जाये।

बिहार की तर्ज पर झारखंड में भी बनेगा राज्य में प्रीमियर सेवा

बीडीओ सीओ के लिए अलग-अलग सेवा का होगा गठन, सीएस की अध्यक्षता में समिति गठित

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। झारखंड प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के लिए एक अच्छी खबर है। अब उन्हें प्रोन्नति के लिए इंतजार नहीं करने होंगे। अब, राज्य सरकार ने भी झारखंड में बिहार राज्य की तर्ज पर झारखंड प्रशासनिक सेवा का पुनर्गठन कर उसे प्रीमियर सेवा में बदलने का फैसला लिया है। पदों को भी नए सिरे से तय किया जाएगा। इसके साथ ही अंचल पदाधिकारी के पदस्थापन को झारखंड राजस्व सेवा एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी के लिए ग्रामीण विकास सेवा का अलग से गठन करने का निर्णय लिया गया है।

एक उच्च स्तरीय समिति गठित : प्रीमियर सेवा और झारखंड ग्रामीण विकास एवं झारखंड राजस्व विभाग की सेवा के गठन की अनुशंसा करने के लिए राज्य के मुख्य सचिव एल खियांगते की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समिति भी गठित कर दी गई है। इस समिति में विकास आयुक्त झारखंड प्रधान सचिव वित्त विभाग, प्रधान सचिव ग्रामीण विकास विभाग अपर मुख्य सचिव प्रधान सचिव या सचिव राजस्व भूमि सुधार विभाग को सदस्य, सचिव कार्मिक विभाग को सदस्य सचिव बनाया गया है। इस संबंध में कार्मिक प्रशासनिक सुधार राजभाषा विभाग ने संकल्प जारी कर दिया है। बताते चलें कि झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ कई सालों से राज्य सरकार से प्रीमियर सेवा के गठन की मांग कर रहा था। इसके बाद अब सरकार ने समिति गठित की है।

वर्तमान में उच्च पदों पर आने में काफी उम्र निकल जाती है

बताते चलें कि कार्मिक विभाग के 24 दिसंबर 2020 के आदेश द्वारा झारखंड प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारी के लिए विभिन्न स्तर के संवर्गीय पदों की संख्या निर्धारित एवं चिन्हित है। झारखंड प्रशासनिक सेवा संरचना की संख्या एवं संरचना से यह स्पष्ट होता है कि अन्य राज्यों की अपेक्षा झारखंड प्रशासनिक सेवा के सदस्य बहुत उम्र होने पर अनुमंडल पदाधिकारी एवं संपर्क क्षेत्र एडीएम एवं समकक्ष स्तर, संयुक्त सचिव एवं समकक्ष स्तर, अपर सचिव विशेष सचिव तथा भारतीय प्रशासनिक सेवा में पूर्णतया होकर पहुंच पाते हैं। इस कारण क्षेत्रीय प्रशासन में युवा एवं परिश्रमी पदाधिकारी की कमी रहती है।

इस तरह हो सकता है समस्या का समाधान

राज्य सरकार का मानना है कि क्षेत्रीय प्रशासन में युवा पदाधिकारी की कमी को दूर करने के लिए झारखंड प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारी को प्रथम नियुक्ति के अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी एवं समकक्ष स्तर पर पदस्थापित किया जाए तथा इतनी संख्या रखी जाए कि आगे वरीय पदों में प्रोन्नति शीघ्र हो सके। राज सरकार ने इसके लिए झारखंड प्रशासनिक सेवा संवर्ग का पुनर्गठन कर प्रीमियर सेव बनाने के साथ-साथ झारखंड राजस्व सेवा एवं झारखंड ग्रामीण विकास सेवा का गठन करने का निर्णय लिया है।

दलहन में आत्मनिर्भरता पर राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित

देश को दलहन में पूरी तरह बनाना है आत्मनिर्भर : शाह

सहकारिता मंत्री अमित शाह द्वारा किसानों के पंजीयन, खरीद, भुगतान के लिये पोर्टल लोकार्पित

खबर मन्त्र ब्यूरो



रांची। केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि देश को तेलहन में पूरी तरह आत्मनिर्भर बनाना है। श्री शाह गुरूवार को दलहन में आत्मनिर्भरता पर राष्ट्रीय संगोष्ठी में बोल रहे थे। इस दौरान सहकारिता मंत्री अमित शाह ने किसानों के पंजीयन, खरीद, भुगतान के लिये पोर्टल लोकार्पित किया। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि मोदी सरकार के प्रयासों से 2014 के बाद से दलहन उत्पादन में वृद्धि हो रही हैं। इसमें किसान एवं पैक्सए एफपीओ, सहकारी समितियों के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में मौजूद थे। मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने कहा कि ये पोर्टल के जरिए ऐसी शुरूआत की है, जिससे नेफेड व एनसीसीएफ के माध्यम से किसानों को एडवांस में रजिस्ट्रेशन कर तूर दाल की बिक्री में सुविधा होगी। उन्हें एमएसपी या फिर इससे अधिक बाजार मूल्य का डीबीटी से भुगतान हो सकेगा।

श्री मुंडा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में किसान हित में अनेक ठोस कदम उठाते हुए हम आगे बढ़ रहे हैं। केंद्र सरकार विभिन्न योजनाओं व कार्यक्रमों द्वारा कृषि क्षेत्र को सतत बढ़ावा दे रही हैए जिनमें दलहन में देश के आत्मनिर्भर होने का लक्ष्य अहम है। इस पर कृषि मंत्रालय भी तेजी से काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि दलहन की क्षमता खाद्य एवं पोषण सुरक्षा तथा पर्यावरणीय स्थिरता का समाधान करने में मदद करती है। इसे संयुक्त राष्ट्र द्वारा 2016 को अंतरराष्ट्रीय दलहन वर्ष की घोषणा के माध्यम से भी स्वीकार किया गया है। दलहन स्मार्ट खाद्य हैं।

क्योंकि ये भारत में फूड बास्केट व प्रोटीन का महत्वपूर्ण स्त्रोत हैं। दालें पोषण संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद करती हैं। नेफेड अध्यक्ष बिजेंद्र सिंह, एनसीसीएफ अध्यक्ष विशाल सिंह, केंद्रीय सहकारिता सचिव ज्ञानेश कुमारए उपभोक्ता मामलों के सचिव रोहित कुमार सिंह व कृषि सचिव मनोज अहूजा भी मौजूद थे। नेफेड एमडी रितेश चौहान स्वागत भाषण दिया। एनसीसीएफ एमडी ए चंद्रा ने आभार माना।

अरगोड़ा स्थित लेक गार्डेन बैंक्वेट हॉल में भाजपा मोर्चों के प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक हुई

सर्व स्पर्शी, सर्व व्यापी, सर्व समावेशी है भाजपा का संगठन : बाबूलाल

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि पार्टी अपनी नीतियों कार्यक्रमों के बल पर जनता का आशीर्वाद प्राप्त करते हुये विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनी है। श्री मरांडी गुरूवार को अरगोड़ा स्थित लेक गार्डेन बैंक्वेट हॉल में सभी सात मोर्चों के प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक में बतौर उदघाटनकर्ता बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा किसी परिवार और समाज विशेष की पार्टी नहीं है। बल्कि जन-जन की पार्टी है। पार्टी की नीतियों ने इसे सर्व व्यापी सर्व समावेशी और सर्व स्पर्शी बनाया है। उन्होंने कहा कि पार्टी के सात मोर्चों युवा, किसान, महिला, एसटी, एससी, ओबीसी और अल्पसंख्यक में इस व्यापक स्वरूप का दर्शन होता है। उन्होंने मोर्चा के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं से जन-जन तक पहुंचने, सुख दुःख में शामिल होकर आवाज बनने का आह्वान किया। बैठक का संचालन प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय तथा धन्यवाद ज्ञापन सांसद आदित्य साहू ने किया। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि मोर्चा पार्टी का प्रवेश द्वार है। संघर्ष का फ्रंट लाइन है। उन्होंने कहा कि समाज के लोग विभिन्न मोर्चों के माध्यम से पार्टी की नीतियों एवं कार्यक्रमों को लेकर जाते हैं। उन्होंने कहा कि मोर्चा के कार्यकर्ता तीसरी बार मोदी सरकार बनाने के संकल्प को पूरा करने में अपनी महती भूमिका का निर्वहन करें।एसटी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव ने कहा कि सभी मोर्चों के कार्यकताओं की बड़ी जिम्मेवारी है। समाज के विभिन्न वर्गों, समुदायों से मोर्चा के कार्यकताओं का सीधा और लगातार संपर्क संवाद होता है। उन्होंने कहा कि तीसरी बार मोदी सरकार के लक्ष्य को पूरा करने में हम सब तन-मन-धन से जुट जायें। प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा ने नमो ऐप के माध्यम से विकसित भारत एंबेसडर चैलेंज कार्यक्रम की विस्तार से चर्चा की। उन्होंने मोर्चा कार्यकताओं को इस अभियान में बढ़ चढ़कर अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने का आह्वान किया। मौके पर शिवशंकर उरांव, आरती कुजूर, अमरदीप यादव, किसलय तिवारी, पवन साहू समेत दर्जनों दर्जनों उपस्थित थे।

सरफराज अहमद ने लोभ-लालच में दिया इस्तीफा

रांची। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि सरफराज अहमद का संदिग्ध परिस्थितियों में विधानसभा सदस्यता से इस्तीफा देना अस्वाभाविक है। उन्होंने लोभ-लालच में इस्तीफा दिया है। झारखंड में किसी गैर-विधायक को मुख्यमंत्री बनाने का प्रयास चल रहा है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपनी गिरफ्तारी की आशंका से बौखलाहट में हैं। गुरुवार के बाबूलाल ने उक्त बातें एक्स पर एक पोस्ट में कही है। उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि किसी गैर विधायक के लिये ये सीट खाली करायी गई है।

सीएम पर साधा निशाना : बाबूलाल मरांडी ने सीएम पर निशाना साधते हुये कहा कि अगर उन्होंने कोई गलती नहीं की है, तो उन्हें ईडी के समक्ष पेश होना चाहिये। ईडी के सवालों का जवाब देना चाहिये। यदि सीएम हेमंत सोरेन सही हैं, तो फिर ईडी के समक्ष हाजिर होकर जवाब देने में परेशानी क्यों हो रही है। सीएम को गिरफ्तारी का डर सता रहा है। इसीलिए गांडेय विधानसभा सीट खाली करवा कर विकल्प तैयार कराया गया है।

स्पीड न्यूज

नीमडीह : 30 फीट गहरे कुंआ में गिरी मादा हाथी, रेस्क्यू जारी

चांडिल। नीमडीह प्रखंड क्षेत्र के अंडा गांव में हाथी रोधक दस्ता के द्वारा कई दिनों से डेरा जमाए तथा उत्पात मचा रहे गजराजों के झुंड को गांव से वापस जंगल की ओर भागने के दौरान 20 वर्षीय एक मादा हाथी रोहिन सिंह मुंडा के खेत में बने 30 फीट की सिंचाई वाली कुंए में गिर गया। कुंआ झाड़ियों से घिरा हुआ था। घटना बुधवार रात करीब 11 बजे की है। घटना के बाद रेंजर मैनेजर मिर्धा, ईचागढ़ वनपाल रमण ठाकुर, नीमडीह वनपाल राणा प्रताप के साथ वन विभाग की टीम अंडा गांव पहुंचे। हाथी को कुंआ से निकालने के लिए वन विभाग की रेस्क्यू टीम लगी हुई है। वनपाल राधा रमण ठाकुर ने बताया कि झुंड में करीब 20 हाथी हैं। हाथी के कुए में गिरने के बाद वन विभाग रात को ही अंडा गांव में मादा हाथी को निकालने की जुगत में जुट गया। आज कुंए के अंदर वन विभाग ने मादा हाथी को दाना-पानी भी दिया ताकि वह मजबूत बनी रहे। रेंजर मेनेजर मृधा ने कहा वन विभाग की टीम रेस्क्यू में लगी हुई है। रेंजर ने शुक्रवार सुबह तक रेस्क्यू सफल होने की उम्मीद जताई है।

डीसी ने नियोजनालय का किया निरीक्षण

जमशेदपुर। पूर्वी सिंहभूम के डीसी मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा जिला नियोजन कार्यालय का निरीक्षण किया गया । इस दौरान उन्होंने काउंसलर रूम, आईटी लैब, लाइब्रेरी आदि का निरीक्षण कर अधिकारियों से कार्यप्रणाली की जानकारी ली। करियर काउन्सीलिंग, प्रशिक्षण, जॉब सर्च की सुविधा, बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार दिलाने की दिशा में गैर सरकारी संस्थान को जोड़ते हुए मॉडल कैरियर सेंटर की स्थापना पर विचार किया गया। इस मौके पर डीसी ने कहा कि युवाओं को जिला अंतर्गत विभिन्न कंपनियों में उपलब्ध रोजगार के अवसर के मुताबिक प्रशिक्षण देते हुए रोजगार से जोड़ने की योजना है। इसके लिए उन्होंने नियोजन पदाधिकारी को निर्देश दिए कि वे स्थानीय कंपनियों के साथ समन्वय स्थापित कर उनकी आवश्यकताओं को समझें ताकि बच्चों को रोजगारपरक प्रशिक्षण से जोड़ते हुए जिला में ही रोजगार उपलब्ध कराया जा सके। डीसी ने ने निरीक्षण के क्रम में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी को लेकर भी व्यवस्था करने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त उन्होने टाटा द्वारा संचालित मॉडल कैरियर सेंटर का भी निरीक्षण कर वहां के कार्यप्रणाली की जानकारी ली।

बुरुडीह पंचायत में जिप अध्यक्ष ने सड़क का किया शिलान्यास

गम्हरिया। प्रखंड अंतर्गत बुरूडीह पंचायत के चंपानगर चौक से बाड़ेगोडा तक करीब 3 .53 लाख रुपये की लागत से सड़क का निर्माण कराया जाएगा। गुरूवार को इसका शिलान्यास जिप अध्यक्ष सोनाराम बोदरा, उपाध्यक्ष मधुश्री महतो, जिप सदस्य पिंकी मंडल व मुखिया संगीता कुमारी ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर जिप अध्यक्ष ने कहा कि ग्रामीणों द्वारा बताया गया था कि सड़क के अभाव में उन्हें आवागमन में परेशानी हो रही है। अब इस सड़क का निर्माण हो जाने से ग्रामीणों को काफी सहूलियत होगी। इस मौके पर राजेश गोप, मनोज कुमार, सौरभ साह, गौरीशंकर टुडू, वासुदेव बास्के, गोपाल महतो समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे।

स्कूल ऑफ नर्सिंग में छह दिवसीय इंडक्शन प्रोग्राम 'आरंभ-23' संपन्न

खबर मन्त्र ब्यूरो

अरका जैन यूनिवर्सिटी

जमशेदपुर। अरका जैन विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ नर्सिंग की ओर से छह दिवसीय कार्यक्रम आरंभ का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ नर्सिंग के बीएससी नर्सिंग द्वितीय बैच के विद्यार्थियों के लिए था। सरायकेला-खरसावां के सिविल सर्जन डॉ अजोय कुमार सिन्हा, डॉ विजया भारत, टाटा मेन अस्पताल की डॉ लक्ष्मी कुमार, डॉ किश्वर आरा, योग चिकित्सक कमल नंदमुडी कार्यक्रम में अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

इस स्टूडेंट इंडक्शन कार्यक्रम का छह दिनों तक संचालन किया गया, जिसमें भारत और ग्लोब में नर्सों के महत्व पर अतिथियों व वक्ताओं ने प्रकाश डाला।

29 वीं राष्ट्रीय स्तर की दुर्लभ सिक्कों की प्रदर्शनी 'जैमकॉयन-2024' आज से

खबर मन्त्र ब्यूरो

संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते सबसे बायें क्लब के मानद सचिव पी. बाबू राव। साथ में अध्यक्ष विजय प्रकाश सिंह और टीएसयूआइएसएल के राकेश पांडेय।

जमशेदपुर। कॉइन कलेक्टर्स क्लब, जमशेदपुर 5 से 7 जनवरी 2024 तक बंगाल क्लब, साकची, जमशेदपुर में जैम कॉयन-2024 नामक 29वीं राष्ट्रीय स्तर की दुर्लभ सिक्कों की प्रदर्शनी की मेजबानी करेगा। यह प्रदर्शनी जमशेदपुर के नागरिकों, स्कूली छात्रों, सिक्का उत्साही लोगों, विद्वानों और अन्य लोगों के लिए होगी। प्रदर्शनी में प्रवेश निःशुल्क है, और यह प्रातः 10:00 बजे से रात्रि 08:00 बजे तक खुला रहेगा। यह कार्यक्रम 1996 से लगातार आयोजित की जा रही हैं। कॉयन कलेक्टर्स क्लब,जमशेदपुर के अध्यक्ष एवं टाटा स्टील यूआइएसएल के जीएम विजय प्रकाश सिंह ने उक्त जानकारी एक संवाददाता सम्मेलन में दी। सिंह ने बताया कि सिक्का संग्रह को इसकी शैक्षिक और सूचनात्मक प्रकृति के कारण किंग्स ऑफ होब्बिस के रूप में जाना जाता है। जमशेदपुर और उसके आसपास के छात्र इस प्रदर्शनी में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए उत्सुक हैं। क्लब के सदस्य और विभिन्न स्कूलों के छात्र अपने सिक्कों और मुद्राओं का प्रदर्शन करेंगे, जो प्राचीन युग से लेकर आधुनिक काल तक की थीम पर आधारित होंगे। मानद सचिव पी बाबू राव ने बताया कि स्कूली छात्रों को प्रोत्साहित करने के लिए, हम 6 जनवरी को दोपहर 03:00 बजे से मुद्राशास्त्र पर एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी । सदस्य और स्कूली छात्र ब्रिटिश भारत के सिक्के, प्रमाण सिक्के, हैदराबाद रियासत के सिक्के, छोटे द्वीपों के सिक्के और बहुत कुछ जैसे विषयों पर आधारित अपने सिक्के प्रदर्शित करेंगे। इसके अतिरिक्त, विश्व बैंक नोटों पर तानाशाहों, पॉलिमर मुद्राओं, उच्च-मूल्य अवमूल्यन वाली मुद्राओं, त्रुटि मुद्राओं और अन्य जैसे विषयों पर आधारित मुद्राओं का प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि स्कूल सिक्का प्रदर्शन, स्कूल क्विज और क्लब सदस्यों के सिक्का और मुद्रा प्रदर्शन की श्रेणियों में सभी विजेताओं और धावकों को पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। एक सवाल पर अध्यक्ष विजय प्रकाश सिंह ने बताया कि इस वर्ष, हम 15 से अधिक स्कूलों की भागीदारी की आशा करते हैं, जिसमें 20 से अधिक क्लब सदस्य अपने सिक्कों और मुद्राओं का प्रदर्शन करेंगे। इसके अतिरिक्त, 15 से अधिक डीलर इस प्रदर्शनी में भाग लेंगे।

मोहरदा जलापूर्ति योजना फेज-2 पर जेएनएसी खर्च करेगा 14.65 करोड़ रुपये

मोहरदा जलापूर्ति योजना के लिए एक नये प्लांट का निर्माण कराया जायेगा

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। मोहरदा जलापूर्ति योजना फेज 2 के क्रियान्वयन के संबंध में एक बैठक का आयोजन जमशेदपुर अक्षेस कार्यालय में अक्षेस के उप नगर आयुक्त, जुस्को, जुडको के प्रतिनिधि एवं विधायक सरयू राय के निजी सचिव सुधीर की उपस्थिति में संपन्न हुआ। बैठक में मोहरदा जलापूर्ति फेज 2 का कार्य प्रारंभ करने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। मोहरदा जालपूर्ति योजना के सुचारू ढंग से संचालन तथा गुणवत्तायुक्त जलापूर्ति सुनिश्चित करने को लेकर चर्चा की गयी। विधायक सरयू राय राय की पहल पर मोहरदा जलापूर्ति योजना के इंटकवेल के बगल में स्थित खाली जमीन पर सेटलिंग पोंड का निर्माण और भुवनेश्वरी मंदिर के तलहटी में नए पानी टंकी का युद्ध स्तर पर निर्माण कराने का निर्देश दिया गया था।

विधायक राय ने कहा था कि सेटलिंग पोंड के निर्माण हो जाने से क्षेत्र के निवासियों को गुणवत्ता युक्त पेयजल के साथ ही तय समय पर जलापूर्ति संभव हो सकेगा। जिसके लिए कंसलटेंट बहाल किया गया था और 14 करोड़ 65 लाख की लागत से प्राक्कलन तैयार किया गया है जिसमें 7 किलोमीटर तक का नया पाइप लाइन, नया राईजिंग पाईप, भुवनेश्वरी मंदिर के पास नया पानी टंकी का कार्य किया जाएगा। फेज 2 के निर्माण से लगभग 2 हजार घरों में नया पेयजल कनेक्शन असानी से उपलब्ध हो जाएगा। विधायक श्री राय की पहल पर फेज 2 के निर्माण से बिरसानगर एवं भुवनेश्वरी मंदिर के तलहटी के आसपास क्षेत्रों में जलापूर्ति संभव हो पाएगा।

नए राईजिंग पाइप के निर्माण हो जाने से मोहरदा जलापूर्ति से अच्छादित सभी घरों में समय से गुणवत्तापूर्ण पेयजल की आपूर्ति हो पाएगी। ज्ञात हो कि पूर्व की योजना में कई प्रकार की खामियां थी। नालियों से होकर पानी का पाइप बिछाया जाना, बड़े नाले के गंदे पानी के बाद इंटकवेल का निर्माण होना, मुख्य पाइपलाइन का जाम होना, अलग अलग टंकियों के लिए राईजिंग पाईप नहीं होना आदि कारणों से खामियाजा भुगतना पड़ रहा है।

विधायक राय की पहल पर भविष्य देखते हुए ऐसी योजना तैयार की जा रही है जिससे लोगों के घरों में समय पर शुद्ध पेयजल की आपूर्ति हो सके। अलग अलग टंकियों के लिए अलग अलग राईजिंग पाईप बिछायी जाय, जिससे एक साथ सभी टंकियों पर पानी भरा जा सके और एक साथ सभी क्षेत्रों में जलापूर्ति संभव हो सके।

सेंटलिंग पोंड और भुवनेश्वरी मंदिर के पास जल मिनार का जल्द शुरु होगा काम

मोहरदा जलापूर्ति योजना का स्वर्णरेखा नदी पर बना इंटेक वेल।

जयपाल सिंह मुंडा की जयंती पर नॉक आउट फुटबॉल प्रतियोगिता संपन्न

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। गत 3 जनवरी को जयपाल स्पोर्टिंग क्लब द्वारा आयोजित झारखण्ड के एक महान खिलाड़ी, महान नेता एवं महान लेखक जो संविधान सभा के सदस्य रहे जयपाल सिंह मुण्डा की 121 वीं जयन्ती के अवसर पर जयपाल सिंह मुण्डा स्टेडियम में उनके स्मृति में आयोजित 46 वीं जयपाल सिंह मुण्डा खेलकूद समारोह का समापन दिवस में विभिन्न खेलकूद कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। फुटबॉल प्रतियोगिता का प्रारम्भ 40 वर्ष से ज्यादा उम्र के प्रतियोगिता से किया गया गया जिसमें कुल 8 टीमें सम्मिलित हुए। मैच का उद्घाटन अतिथि खेल विभाग की हेड विभूति धंद अडेसरा ने किया। पुरुष वर्ग के फाइनल मुकाबला में विजेता- के वाई एस नागाडीह, उप विजेता- ए एम एस नांदूप हुए। बालक वर्ग के फाइनल मुकाबला में विजेता- एन बी सी घाघीडीह, उप विजेता- आसेका, काचा हुए।

गणतंत्र दिवस शिविर में हिस्सा लेंगी अनमोल व काजल

जमशेदपुर महिला विवि की छात्राओं ने शहर का नाम रौशन किया

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। राष्ट्रीय कैडेट कोर एनसीसी के 2024 के गणतंत्र दिवस शिविर में कुल 2,274 कैडेट्स हिस्सा लेंगे। जिसमें देशभर से 907 लड़कियों की अधिकतम भागीदारी रहेगी। यह शिविर 1 महीने तक चलेगा। जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी की एनसीसी कैडेट अनमोल परी मिश्रा और काजल शर्मा का चयन गणतंत्र दिवस समारोह 2024 दिल्ली के लिए हुआ है। जहां कैडेट अनमोल परी मिश्रा का चयन बेस्ट कैडेट के लिए किया गया है वही कैडेट काजल शर्मा का चयन कर्तव्य पथ के लिए हुआ है। अनमोल परी मिश्रा बिहार और झारखंड राज्य से अकेली महिला कैडेट है जिनका चयन बेस्ट कैडेट के लिए किया गया है। कुलपति डॉ अंजिला गुप्ता ने बताया कि गणतंत्र दिवस शिविर का उद्देश्य एनसीसी कैडेट को राष्ट्र की समृद्ध परंपराओं से परिचित कराना और कैडेट का मूल्यगत प्रणाली से सशक्त बनाना है। कुलपति ने 37 झारखंड बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल विनय आहूजा और विवि की एनसीसी की केयर टेकर ऑफिसर प्रीति को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि उनके अभूतपूर्ण योगदान के कारण आज हमारे विवि के एनसीसी कैडेट दिल्ली के गणतंत्र दिवस समारोह में पहुंच सके हैं। मैं कैडेट काजल शर्मा और कैडेट अनमोल परी मिश्रा के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देती हूं।

झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड का प्रस्ताव टाटा स्टील के हित में, खारिज हो

एनसीएलटी बेंच में सुरेश नारायण सिंह बनाम टायो रोल्स लि. मामले की सुनवाई

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। बुधवार को एनसीएलटी कलकत्ता के बेंच में रोहित कपुर न्यायिक सदस्य एवं बलराज जोशी तकनीकी सदस्य की अदालत में सुरेश नारायण सिंह बनाम टायो रोल्स लिमिटेड की सुनवाई हुई। मजदुरों का पक्ष रखते हुए अखिलेश श्रीवास्तव ने जमीन के विवाद पर अदालत को बताया की 350 एकड जमीन टाटा स्टील को सरकारी अनुदान के रूप में 1969 में बिहार सरकार से मिली! बिहार सरकार ने उन जमीनों को उस क्षेत्र में हजारों वर्षों से रहने वाले पांच गावों के आदिवासियों को विस्थापित कर उन जमीनों को हासिल किया। टाटा स्टील को उक्त सरकारी अनुदान के अनुसार एक वर्ष के अंदर फैक्ट्री बनानी थी और विस्थापित हुए आदिवासियों के लिए रोजगार सृजित करना था जो टाटा स्टील ने नहीं किया। उस 350 एकड जमीन में टाटा योडोगावा नाम की कंपनी बनी। इस भूमि का एलॉटमेंट सरकारी अनुदान कानून के तहत हो गया और टाटा योडोगावा 350 एकड़ जमीन की मालिक बन गयी। 1969 से अब तक टायो रोल्स अस्तित्व में है और कानूनी रुप से इस जमीन के सारे अधिकार टायो को ही है इसलिए इस कंपनी का 350 एकड़ जमीन पर पुनरुद्धार कानूनी तौर पर बिल्कुल सही है। उन्होंने बताया कि रिजोल्यूशन प्रोफेशनल ने टाटा स्टील को फायदा पहुंचाने के लिए फजीर्वाड़ा कर महज 50 एकड़ जमीन पर एक्सप्रेशन ऑफ इन्ट्रेस्ट जारी किया।

बुजुर्गों की दुआएं ही हमारी ताकत है : काले

हर हर महादेव सेवा संघ का कंबल वितरण जारी

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। शहर की अग्रणी सामाजिक संस्था हर हर महादेव सेवा संघ के संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले ने कंबल सेवा जारी रखते हुए जमशेदपुर के स्लेग रोड, हरिजन बस्ती, सीतारामडेरा, बावरी बस्ती, लकड़ी टाल, भुइंयाडीह, ईटा भट्ठा लाइन, बारीडीह बस्ती, ट्यूब गेट, हरिजन बस्ती, बमार्माइन्स आदी कई क्षेत्रों में जरुरतमंद एवं बुजुर्गो के बीच कंबल सेवा की। मौके पर अमरप्रीत सिंह काले ने कहा कि संघ का हर एक सदस्य अपनी व्यक्तिगत क्षमता के अनुरूप जरूरतमंदों को सहयोग प्रदान करता है बदले में आप सब की दुआएं प्राप्त करता है ओर यही हमारे संगठन की ताकत है। इन सेवा कार्यों को सफल बनाने में मिष्टू सोना, सुनीता मूर्मू, पुष्पा सरदार, पूनम गुप्ता, सुरेश मुखी, महेश मुखी, टोनी सिंह, विक्की मुखी, मंजू देवी, शांति देवी, बादल मुखी, संतोष बाउरी (बाबू), कृष्णा बाउरी, बबलू बाउरी, विजय बाउरी, संजय बाउरी, सन्नी मिश्रा, बिरेंद्र सिंह, गौतम सिंह, संजय सिंह, अमन कुमार एवं हर हर महादेव परिवार से जूगुन पांडे, प्रिंस सिंह, शेखर मुखी, सनोज चंद्र, शशिकांत कुमार, रामा राव, सूरज चौबे एवं अन्य की भूमिका रही।

मातृ देखभाल के लिए टाटा स्टील फाउंडेशन ने तीसरा प्रसूति प्रतीक्षालय बंदगांव में खोला

खबर मन्त्र ब्यूरो

उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि झारखंड की मंत्री जोबा मांझी का स्वागत करती एक युवती।

बंदगांव, पश्चिम सिंहभूम। टाटा स्टील फाउंडेशन ने 4 जनवरी, 2024 को पश्चिमी सिंहभूम जिले के बंदगांव में अपने तीसरे प्रसूति प्रतीक्षालय के उद्घाटन के साथ स्वास्थ्य देखभाल के दायरे में एक और मील का पत्थर स्थापित किया है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा मंत्री जोबा माझी थीं। उद्घाटन में एसडीएम रीना हांसदा और पश्चिमी सिंहभूम के सीएस डॉ शाहिर पाल के साथ-साथ टाटा स्टील फाउंडेशन के सीनियर लीडरशिप से अनिल ओरांव और तुलसीदास गणवीर भी उपस्थित थे। मानसी+पहल, जिसका उदेश्य रोकी जा सकने वाली मातृ एवं शिशु मृत्यु को कम करना है, के साथ राज्य की स्वास्थ्य सुविधाओं में विविधता सुनिश्चित करते हुए, यह प्रसूति प्रतीक्षालय दूरदराज के क्षेत्रों की गर्भवती माताओं को समय पर सहायता और सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित कर महत्वपूर्ण सहायता प्रदान करेगा। बंदगांव में उपलब्ध सुविधा, उन क्षेत्रों में अंतर को मिटाने में मदद करेगी जहां स्वास्थ्य सेवा संस्थान दूर स्थित हैं। इससे स्थानीय समुदायों को काफी लाभ होगा और अंतिम छोर पर रहनेवाली माताओं और 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों की स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुंच बढ़ेगी। नवनिर्मित 10 बिस्तरों वाला प्रसूति प्रतीक्षालय पश्चिमी सिंहभूम जिले के लगभग 17,017 घरों में मातृ मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर को कम करने की उम्मीद के साथ बनाया गया है। टाटा स्टील फाउंडेशन के सीईओ सौरव रॉय ने फाउंडेशन की प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए कहा, अब हमारे पास झारखंड में पूर्वी सिंहभूम, सरायकेला खरसावां और पश्चिमी सिंहभूम में तीन प्रसूति प्रतीक्षालय हैं। यह नवाचार और सहानुभूति के साथ स्वास्थ्य सुविधाओं को बढ़ाने की हमारी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। मानसी ने एक शानदार दशक पूरा कर लिया है और इस वर्ष हमने तीन जिलों में सैचुरेशन हासिल कर ली है। हम अपने पार्टनर्स, सहिया साथियों और अग्रिम पंक्ति में रहकर कार्य करने वाले सभी कर्मियों के आभारी हैं जिनके बिना हम यहां तक नहीं आ पाते। मानसी अब एक पुनरावृति किये जाने योग्य मॉडल है जिसे हम नए क्षेत्रों में ले जा रहे हैं, जहां इसकी आवश्यकता महसूस की गई है। आने वाले वर्ष में, हमारा ध्यान स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में और अधिक नवाचारों की ओर केंद्रित होगा ताकि पहुंच और सामर्थ्य के बीच अंतर को कम किया जा सके।' वित्तीय वर्ष की शुरूआत में डुमरिया और कुचाई के बाद, बंदगांव में इस प्रसूति प्रतीक्षालय का उद्घाटन किया गया है। टाटा स्टील फाउंडेशन का प्रयास अपने ज्ञान और तकनीकी साझेदारों के साथ, गर्भवती माताओं के लिए आवास, दवाओं और पोषण के माध्यम से ग्रामीण समुदायों के लिए मातृ स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ाना है। यह सुविधा उन्हें प्रसव के लिए नजदीकी सीएचसी में रेफरल पाने में सक्षम बनाती है साथ ही प्रसव के बाद मार्गदर्शन और सुपरविजन प्रदान करती है। यह पहल दूरदराज के क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा पर सकारात्मक प्रभाव डालने और अंतिम व्यक्ति तक आवश्यक मातृ देखभाल सुविधा पहुंचाने के टाटा स्टील फाउंडेशन के ठोस प्रयास का प्रतीक है। प्रसूति प्रतीक्षालय जैसे स्वास्थ्य देखभाल नवाचारों से ग्रामीण परिदृश्य में स्वास्थ्य के लिए अपेक्षित व्यवहार विकसित होने की उम्मीद है।

खबर एक नजर में

यूनिवर्सल पीस पैलेस में ब्रम्हकुमारी का सेमिनार 7 को

जमशेदपुर। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय एवं राजयोग एजुकेशन एंड रिसर्च फाऊंडेशन के जूरिस्ट विंग के द्वारा 7 जनवरी को यूनिवर्सल पीस पैलेस मरीन ड्राइव में कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। यह कार्यक्रम इस उद्देश्य से रखा गया है कि यदि कानून में आध्यात्मिकता का समावेश हो जाए तो डगमगाई हुई कानून व्यवस्था को व्यवस्थित करना सरल हो जाएगा। आध्यात्मिकता से अंतर मन की शक्तियां जागृत हो जाती है। क्षमा, दया, सेवा भाव और कल्याण की भावना जैसे नैतिक गुण जीवन में आ जाते हैं। जिसमें प्रत्येक व्यक्ति को सत्य और उचित न्याय दिला पाना सरल और संभव है। ब्रह्मा कुमारीज मुख्यालय माउंट आबू से पधारे हुए भाता आत्म प्रकाश जी इस सेमिनार में अध्यक्षीय भाषण देंगे। उक्त जानकारी संवाददाता सम्मेलन में ब्रम्हकुमारी अंजू बहन ने दी। उन्होंने बताया कि इस सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए जज, वकील, लॉ कॉलेज के प्राचार्य एवं प्रोफेसर, सीए, सीएस और सीएमए बैंकिंग और बीमा क्षेत्र के अधिकारी, सार्वजनिक और कॉपोरेट क्षेत्र के वित्त विभागों के अधिकारी आयकर, सलाहकार और परामर्शदाता, कराधान अधिकारी आदि को आमंत्रित किया गया है। अंजू बहन ने बताया कि सेमिनार को सफल बनाने के लिए रागिनी मोदी, संजू बहन, कोमल बहन, राजवती बहन, जया बहन, आभा बहन विशेष रुप से योगदान दे रही हैं।

निःशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर 7-8 को

जमशेदपुर। मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी सुरभि शाखा द्वारा निःशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन 7 एवं 8 जनवरी 2024 को साकची स्थित श्री अग्रसेन भवन (आम बागान मैदान के पास) में होने जा रहा है। यह कार्यक्रम दोनों दिन सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक चलेगा। इसका लाभ अधिक से अधिक जरूरतमंदों को दिलाने हेतु शाखा की महिलाओं ने गुरूवार को निःशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का पोस्टर लॉन्च किया। साकची श्री अग्रसेन भवन में पोस्टर लॉन्च के दौरान इस कार्यक्रम की संयोजिका उषा चौधरी एवं खुशबू कांवटिया ने बताया कि श्री भगवान महावीर विकालांग सहायता समिति के सहयोग से इस निःशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन हो रहा हैं। मौके पर शाखा अध्यक्ष निशा सिंघल ने बताया कि इस शिविर का लाभ लेने वाला विकालांग बिना किसी सहारे के चल सकता हैं। पहाड़ पर भी चढ़ सकता हैं। साइकिल चला सकता हैं। नृत्य कर सकता हैं। इस मौके पर प्रमुख रूप से सचिव कविता अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल, गायत्री अग्रवाल, पिंकी केडिया, पूजा अग्रवाल, प्रियंका, बिंदिया नरेडी, चंदा चौधरी, अनीता खेमका, श्वेता आदि मौजूद थी।

जय श्री राम के उद्घोष से गुंज उठा मानगो का आशियाना अनंतारा

जमशेदपुर। मानगो एन एच 33 स्तिथ आशियाना अन्नतारा सोसाइटी में अगामी 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले विश्व विख्यात श्री राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा एवं उद्घाटन समारोह के नियमित महाआरती सह अक्षत और निमंत्रण पत्र बांटने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। सोसाइटी के सेंट्रल पार्क में प्रभु श्री राम की प्रतिमा रख कर पूजा अर्चना की गई। समिति की महिलाओं के द्वारा मंगल गीत गाते हुए महाआरती का आयोजन किया गया। सोसाइटी के अध्यक्ष विकास सिंह ने बताया कि मंदिर निर्माण पुरा होना पूर्वजों के द्वारा सैकड़ो साल पहले देखा गया सपने को पूरा होना है। कार्यक्रम में संघ के अधिकारीयों ने श्री राम मंदिर के निर्माण के पूर्व हुए संघर्ष के बारे में एवं हो रहे प्राण प्रतिष्ठा के संदर्भ में सोसाइटी के लोगों को विस्तृत चर्चा कर बताया। प्रत्येक फ्लैट में अक्षत, निमंत्रण पत्र एवं मंदिर का चित्र वितरण किया गया। समिति की महिलाएं एवं पुरुषों ने श्री राम का गीत गाकर पूरे समिति का भ्रमण कर लोगों के बीच निमंत्रण पत्र का वितरण किया ।कार्यक्रम में मुख्य रूप से विकास सिंह,राष्ट्र स्वयंसेवक संघ के अधिकारी राधा रमन जी, सतीश गुप्ता, उमेश सिंह,जयराम मिश्रा जी, राजेश गुप्ता, पार्थो बोस, मृत्युंजय श्रीवास्तव, ए के सिंह, लक्ष्मी प्रसाद, डॉ टी प्रसाद, ए.के.मैथी, रतन कुमार झा, सूरज सिंह, ओ पी मिश्रा, डी. एन मिश्रा, शिव पुजन प्रसाद, विजय रजक, अर्जुन साव, आर के शरण, चंदेश्वरी प्रसाद, वाई एन सिंह,सहित सोसाइटी के सभी लोगों उपस्थित हुए।

भालूबासा रजक महिला समिति ने सावित्री बाई फुले की जयंती मनायी

जमशेदपुर। गत 3 जनवरी को भालूबासा रजक महिला समिति के सौजन्य से भारत की पहली महिला शिक्षिका , नारी मुक्ति आन्दोलन की प्रणेता ,महान समाजसेविका महात्मा सावित्री बाई फुले का जन्म दिवस पुरे हर्षोल्लास के साथ जन्म दिवस मनाया गया। इस अवसर पर महात्मा सावित्री बाई फुले के जीवन पर बच्चो द्वारा नाटक प्रस्तुत किया गया। महिला समिति के सदस्यों द्वारा उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा महिलाओ के उत्थान के लिए किये गए कार्यो पर चर्चा की की गई और बताया गया कि किस तरह उन्होंने अपना पूरा जीवन महिलाओ के शिक्षा के न्योछावर कर दिया। इस कार्यक्रम में जमशेदपुर रजक समाज सचिव अशोक चौधरी, नवीन, रामलाल, भालूबासा रजक समाज के अध्यक्ष रामचंद्र प्रसाद, राजेंद्र, आदित्य नारायण के अलावा भालूबासा महिला समिति की अध्यक्ष ललिता कुमारी, एकता देवी, मीना, खुशबु, नम्रता, गीता, नेहा ,मीनू प्रशाद, एवं काफी संख्या में रजक समाज की महिलाये शामिल हुईं।

बेल्डीह बैपटिस्ट चर्च के शताब्दी समारोह के समापन पर स्मृति चिन्ह समर्पित

जमशेदपुर। बेल्डीह बैपटिस्ट चर्च के शताब्दी समारोह के समापन पर स्मृति चिन्ह का समर्पण जुस्को के डी जी एम कर्नल अर्नेस्ट पॉल द्वारा किया गया। साथ ही अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। सत्तर वर्ष से ऊपर सदस्यों को शॉल भेंटकर सम्मानित किया गया एवं प्रत्येक परिवार को शताब्दी स्मृति चिन्ह दिया गया। स्मारिका का विमोचन बी सी सी ई आई बालासोर के अध्यक्ष पी के गुस्तव द्वारा किया गया।

द्वादश ज्योतिर्लिंग दर्शन कर वापस शहर लौटे भटली परिवार के सदस्य

जमशेदपुर। शहर की सामाजिक एवं धार्मिक संस्था श्याम भटली परिवार टाटानगर के 46 सदस्यों की टीम रामेश्वरम द्वादश ज्योतिर्लिंग का दर्शन कर सकुशाल गुरूवार को वापस शहर लौटी। ललित डांगा के नेतृत्व में 11 दिवसीय यात्रा के दौरान कर टीम ने रामेश्वरम द्वादश ज्योतिर्लिंग के बाद मदुरै में मिनाक्षी मंदिर का दर्शन किया। इस यात्रा में जाने वाले प्रमुख सदस्य क्रमशः जवाहर लाल डांगा, ललित डांग, प्रवीण भालोटिया, मदन अग्रवाल, नरेश अग्रवाल, देवाशीष चौधरी, बिस्सू नरेडी, मोहन केडिया, हरिकिशन अग्रवाल, राम कृष्ण कुइला, अजय गोयल, बिनय अग्रवाल, प्रभात अग्रवाल, पुष्पा देवी, विजया देवी, उमा डांगा, खुशी डांगा, नेहा भालोटिया, मेघा सिंघानिया, सानवी सिंघानिया, टिशा आदि शामिल थे।

स्पीड न्यूज

बाबूलाल मरांडी आज पलामू में, करेंगे फुटबॉल मैच का उदघाटन

मेदिनीनगर। झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी गुरुवार को पलामू पहुंचे। वे शुक्रवार को चैनपुर प्रखंड के नरसिंहपुर पथरा में दीनकर स्पोटिंग क्लब द्वारा आयोजित स्व अनिल चौरसिया फुटबॉल मैच का उदघाटन करेंगे। इसकी जानकारी देते हुए विधायक आलोक चौरसिया ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी द्वारा पथरा गांव के लोकेया मैदान में आयोजित अंतरर्राज्यीय फुटबॉल मैच का उदघाटन किया जायेगा। जिसका स्वागत भव्य तरीके से किया जायेगा।

निर्वाचन पदाधिकारियों को ईवीएम एवं विविपैट को लेकर दिया गया प्रशिक्षण

मेदिनीनगर। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन के निर्देश पर गुरुवार को समाहरणालय भवन के ब्लॉक सी एवं डीआरडीए के पुराने भवन में लोकसभा चुनाव के निमित्त विभाग स्तर से प्राप्त प्रारूप के अनुसार जिला स्तर और विधानसभा क्षेत्र स्तर पर ईवीएम-विविपैट जागरूकता टीम हेतु निर्वाचन से संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, पलामू जिले के सभी बीडीओ एवं गढ़वा जिले के बीडीओ कांडी, बीडीओ बरडीहा, बीडीओ बड़गड, बीडीओ भंडरिया, बीडीओ मझिआंव एवं संबंधित प्रखंड के प्रभारी, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी एवं प्रत्येक प्रखंड से एक जनसेवक एवं कर्मियों ने भाग लिया।

किसान मक्का की खेती समय पर करे

चैनपुर पलामू। प्रखंड कृषि कार्यालय के समक्ष प्रमुख गायत्री देवी के नेतृत्व में एटीएम प्रियंका कुमारी ने पंचायत बूढ़ीवीर, रबदा, पतरिया खुर्द, सेमरा के किसान लाभुक के बीच पांच केजी का बैग मक्का का बीज का वितरण किया। मौके पर गायत्री देवी ने कहा कि लाभुक किसान को सही समय पर बीज दिया जा रहा हैं किसान मक्का का बुवाई समय पर करें। जिससे की कृषि फसल में हमेशा चैनपुर प्रखंड का नाम आने वाला समय में उन्नति रहे। जिससे की भविष्य में किसान लाभुको के बीच सरकार बीज वितरण का मात्रा और अधिक कर सके। मौके पर पंचायत समिति सुकुल रवि, कृषि मित्र सहित दर्जनों किसान उपस्थित थें।

पाटन थाना के पूर्व एसआई राजकुमार शर्मा को दी गयी विदाई

पाटन पलामू। पाटन थाना में कार्यरत पूर्व एसआई राजकुमार शर्मा को किशुनपुर ओपी में समारोह आयोजित कर विदाई दी गई। समारोह में पाटन थाना प्रभारी गुलशन गौरव एवं किशुनपुर ओपी प्रभारी नीरज कुमार सिंह द्वारा राजकुमार को फुल माला एवं वस्त्र देकर सम्मानित किया। पाटन थाना प्रभारी गुलशन गौरव एवं ओपी प्रभारी नीरज कुमार सिंह ने कहा कि राजकुमार मेहता ने जो अपने कार्यकाल में जो जनता के हित के लिए काम किया है वह यादगार रहेगा। राजकुमार ने सभी लोगों के साथ आपसी भाईचारा के साथ अपने कार्य को निर्वहन किया। मौके पर पुर्व मुखिया उमेश सिंह, पुर्व मुखिया धीरेन्द्र उपाध्याय, लोइंगा मुखिया गुडु यादव, नन्द कुमार राम, रुस्तम अंसारी, रुपेश उपाध्याय, बलराम दुबे, महेंद्र पाण्डेय सहित कई लोग उपस्थित थे।

सड़ेया को हराकर पतरिया कर्नल कप के फाइनल में, बभंडी से होगा खिताबी जंग



हुसैनाबाद (पलामू)। हुसैनाबाद के कपूरी मैदान में खेले जा रहे कर्नल कप फुटबॉल प्रतियोगिता के दूसरे सेमीफाइनल में गुरुवार को पतरिया का सामना सड़ेया से हुआ। दोनों टीमों के बीच फाइनल में पहुंचने के लिए कांटे की टक्कर देखने को मिला। मध्यांतर तक खेल गोल रहित बराबरी पर रहा। लेकिन मध्यांतर के बाद पतरिया ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए एक के बाद एक लागातार दो गोल कर बढ़त बना ली। इस तरह से पतरिया ने सड़ेया को 2-0 से हराकर विजय हासिल की और फाइनल में अपना स्थान पक्का कर लिया। अब 7 जनवरी दिन रविवार को खिताबी मुकाबला पतरिया बनाम बभंडी के बीच खेला जाएगा। फाइनल मैच दोपहर 1 बजे से प्रारंभ होगा। मैच से पूर्व मुख्य अतिथि हुसैनाबाद के पूर्व नगर अध्यक्ष रामेश्वर राम उर्फ छठन राम क्लब के संरक्षक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया और उन्हें शुभकामनाएं दी। कर्नल संजय कुमार सिंह ने कहा कि आप सभी आपसी भाईचारा के साथ खेले और दर्शकों को अच्छा खेल दिखाये और फाइनल में जगह बनाएं। उन्होंने कहा कि कर्नल कप फाइनल 7 जनवरी हुसैनाबाद के लिए यादगार दिन होगा। मैच के दौरान अध्यक्ष माणिक चन्द्र सिंह, बैजनाथ सिंह, राजन सिंह सुनील सिंह, विजय सिंह, जय कुश सिंह, महेन्द्र चौधरी, भोला पासवान, चन्द्र भूषण सिंह सहित फुटबॉल प्रेमी उपस्थित थे।

लोकसभा चुनाव की तैयारी में अभी से लग जायें कांग्रेस कार्यकर्ता : गुंजन

मेदिनीनगर। जिला महिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में मैत्री सम्मेलन का आयोजन पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के मैदान में आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष महिला कांग्रेस इंदु भगत एवं संचालन मीना देवी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष गुंजन सिंह एवं विशिष्ट अतिथि पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक उपस्थित थे। संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष गुंजन सिंह ने कहा कि इस मैत्री सम्मेलन में उपस्थित सभी महिला बहनों को मिशन 2024 को लेकर कार्य करने की आवश्यकता है। इस कार्यक्रम में पूर्व के पदाधिकारी और वर्तमान के पदाधिकारी के साथ-साथ हमारी नई बहने जो पार्टी के साथ जुड़े हैं उपस्थित हुए हैं। सभी लोगों को कांग्रेस पार्टी के विचारधारा को गांव-गांव तक पहुंचना है और ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को पार्टी से जोड़कर आने वाले लोकसभा चुनाव 2024 में इंडिया गठबंधन का प्रत्याशी विजई हो इसके लिए सभी को कार्य करने की जरूरत है। विशिष्ट अतिथि जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने कहा नारी शक्ति के बिना कोई भी कार्य अधूरा है। मौके पर प्रमुख रूप से महिला कांग्रेस के प्रदेश महासचिव पिंकी सिंह, प्रिया ओझा, पूजा सिंह, शमीम अहमद राइन, ईश्वरी प्रसाद सिंह, जितेंद्र कमलापुरी, उषा देवी, रोशन परवीन, सुनीता देवी, संगीता देवी, रेखा देवी, विद्यापति देवी, कांति देवी, रेशमा परवीन, बेबी देवी, रश्मि परवीन, रीना देवी शामिल थी।

डॉ मदन गोपाल तिवारी को सम्मानित किया जाना गौरवशाली क्षण : हृदयानंद मिश्र

मेदिनीनगर। देवघर कॉलेज के पूर्व पभारी प्राचार्य सह पर्यावरणविद डॉ मदन गोपाल तिवारी को पर्यावरण विज्ञान के क्षेत्र में विविध विषयों पर राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों, कार्यशालाओं, संगोष्ठियों में सक्रिय भागीदारी निभाने पर सम्मानित किया गया। पर्यावरण अध्ययन एवं शोध के क्षेत्र में कार्य कर रहे संस्थान 'सेंटर फॉर सोशल एंड एनवायरमेंटल रिसर्च' के द्वारा डॉ तिवारी को 'लाइफ टाइम अचीवमेंट' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कांग्रेसी नेता डा हृदयानंद मिश्र ने कहा कि सूचना सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी हर्ष और गर्व से रोमांचित हो उठा। उन्होंने कहा कि यह देवघर कॉलेज समेत पलामू प्रमंडल के लिए गौरव की बात है। डॉ तिवारी की जन्म भूमि पलामू है।

अंतिम व्यक्ति तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचने से बेहतर होगा पलामू : आयुक्त

दशरथ चन्द्र दास ने छतरपुर अनुमंडल कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता

छतरपुर/हरिहरगंज (पलामू)। प्रमंडलीय आयुक्त दशरथ चन्द्र दास गुरूवार को छतरपुर अनुमंडल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान आयुक्त ने कार्यरत पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को इमानदारी पूर्वक, सक्रियता से कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचे। इसके लिए सभी कर्मचारी सहयोगात्मक भावना से कार्य करें। योग्य एवं जरूरतमंद व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ पहुंचाए। जरूरतमंद व्यक्ति को जिला एवं प्रमंडल कार्यालय जाने की आवश्यकता नहीं पड़े, इसका पूरा ध्यान रखें। प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर ही लोगों की समस्याएं दूर करने से आमजनों को आर्थिक और समय दोनों की बचत होगी। आयुक्त ने अनुमंडल कार्यालय छतरपुर में कार्यरत कर्मचारियों से परिचय प्राप्त करते हुए उनके कार्य आवंटन एवं कार्य प्रगति की जानकारी ली। अनुमंडल कार्यालय के निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने भवन की जीर्ण-शीर्ण स्थिति पर नाराजगी जताई। उन्होंने अनुमंडल कार्यालय भवन छतरपुर के रंगरोगन एवं अन्य व्यवस्थाएं दुरूस्त करने को लेकर भवन निर्माण विभाग को पत्र भेजने का निदेश दिया। अनुमंडल पदाधिकारी हिरा कुमार ने बताया कि भवन निर्माण विभाग को अनुमंडल भवन का रंगरोगन एवं अन्य व्यवस्थाएं दुरूस्त करने संबंधी पत्र भेजा गया है। आयुक्त ने छतरपुर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एवं छतरपुर थाना प्रभारी से विधि व्यवस्था की भी जानकारी ली। साथ क्षेत्र में विधि व्यवस्था दुरूस्त करने का निर्देश दिया। आयुक्त के निरीक्षण के दौरान अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजय कुमार, भूमि सुधार उपसमाहर्ता, छतरपुर विजय केरकेट्टा, थाना प्रभारी शेखर कुमार आदि उपस्थित थे।

आयुक्त ने प्रखंड सह अंचल कार्यालय का किया निरीक्षण, कर्मियों को दिये कई निर्देश

आयुक्त ने कर्मियों को गरीबों के कार्य का स-समय निष्पादन करने के दिये निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

हरिहरगंज पलामू। पलामू कमिश्नर डी सी दास ने गुरुवार को हरिहरगंज प्रखंड सह अंचल कार्यालय का निरीक्षण किया। साथ ही कर्मियों से मिलकर उन्हें कई निर्देश दिया। हालांकि विभागीय कार्य से जिला मुख्यालय में रहने के कारण बीडीओ तथा सीओ कार्यालय में उपस्थित नहीं थे। आयुक्त ने कर्मियों से कहा कि सरकार की समस्त व्यवस्था तथा योजनाएं गरीबों और जरूरतमंदों के लिए है। गरीबों के कार्य का ससमय निष्पादन करें। ताकि उन्हें अपने कार्य के लिए कार्यालय का चक्कर नहीं लगाना पड़े। इस अवसर पर भूमि सुधार उप समाहर्ता विजय केरकेट्टा, डीएसपी अजय कुमार, हरिहरगंज पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास, प्रखंड नाजिर ब्रजेश कुमार, प्रधान सहायक सरयू बैगा, अलीम अंसारी, अंचल नाजिर प्रीतम प्रफुल्ल एक्का सहित कई प्रखंड व अंचल कर्मी उपस्थित थे।

शहीद शेख भिखारी का शहादत दिवस आठ जनवरी को मनेगाः अविनाश देव

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। माटी कला बोर्ड के प्रमंडलीय कार्यालय में अविनाश देव ने प्रेस वार्ता कर कहा कि शहीद शेख भिखारी का शहादत दिवस आठ जनवरी को धूमधाम से मनाया जायेगा। उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि शेख भीखारी ने अपना जीवन देश के लिए कुर्बान कर दिया। सभी समाज को सही मार्ग प्रशस्त करने में इन्होंने अपनी महत्ती भूमिका निभाई थी। हम सभी को उनके विचारों, क्रियाकलापों को अपनें जीवन में आत्मसात करने की आवश्यकता है। आगे देव ने पलामू प्रमंडल के समस्त लोगों को इस शहादत दिवस समारोह में आमंत्रित किया है। उन्होंने कहा की इस शहादत समारोह में देश के अनेकों दिग्गज नेता शामिल होंगे जो शहीद शेख भिखारी के जीवनी पर प्रकाश डालेंगे। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष राष्ट्रीय मोमिन कांफ्रेंस डॉ सुलेमान अंसारी, प्रमंडलीय अध्यक्ष मुस्तकीम अंसारी, नूरुद्दीन अंसारी और हाफिज बेलाल, मुस्तकिम अंसारी, खलील अंसारी, अब्दुल हक अंसारी समेत कई लोग शामिल थे।

कसा नकेल : अवैध रूप से सरकारी जमीन पर कब्जा जमाने वालों की आयी आफत

निगम ने खाली करने के दिये निर्देश

भू माफिया गैंग के द्वारा अवैध रूप से सरकारी जमीन को बिक्रीनामा किया गया

गजेंद्र कुमार

मेदिनीनगर। नगर निगम क्षेत्र के कोयल नदी तट पर स्थित सरकारी जमीन को भू माफिया का गैंग द्वारा विगत कई वर्षों से अपनी संपत्ती जताते हुए बेतहाशा बिक्री किया जा रहा है। जिस पर लोग बड़े बड़े महल एवं झोपड़ी बनाकर रह रहे हैं। इतना ही नहीं उस गैंग के द्वारा सरकारी जमीन का बिक्री डालटनगंज नगरपालिका के कार्यकाल से ही बिक्री किया जा रहा है। इसके अलावे जमीन की बिक्री प्लाटिंग कर या आवागमन के लिए रास्ता भी मुहैया कराया गया। इसके साथ ही नगरपालिका के कार्यकाल में सड़क भी बनाई गई। इतना ही नहीं उस गैंग का मनोबल इतना हाई था कि मेरा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता है। कारण कि यह सारी जमीन मेरी पुस्तैनी है। भू माफिया द्वारा जीएम लैंड के आड़ में कोयल नदी को भी बेचने का काम किया गया। जिसमें एक नहीं सैकड़ों लोगों ने भू माफिया द्वारा दी गई जमीन पर चारदीवारी कर कब्जा कर लिया गया। इसके साथ ही कई लोगों ने बड़े बड़े घर मकान बनाकर रह रहे हैं। भू माफियाओं ने राजा को पता नहीं ... गांव बांटकर बैठ गये कहावत को चरितार्थ किया है। इन लोगों के द्वारा राजा हरिश्चंद्र घाट से लेकर पहाड़ी मुहल्ला टील्हा पर से होते हुए हमीदगंज कोयल नदी किनारे से होकर सुदना पंपूकल तक की जमीन को बिक्री किया गया है। सरकारी जमीन खरीदने वालों के पास कोई सरकारी दस्तावेज नहीं है। किन्ही के पास एग्रीमेंट का पेपर है तो किन्ही के पास मौखिक है। कारण कि विगत कई वर्षों से यह खेल होते रहा है। इस पर किसी ने अंकुश लगाने का प्रयास नहीं किया। यह सब मामला नगर निगम प्रशासन को किसी ने सूचना दिया कि कोयल नदी का अतिक्रमण तीव्र गति से किया जा रहा है। इस पर नगर निगम प्रशासन ने सदर सीओ के साथ टीम लेकर विगत दो तीन दिनों से जमीन चिंहित करने का अभियान चला रखा है। टीम के द्वारा बुधवार को पहाड़ी टिल्हा के समीप कोयल नदी में घेराबंदी किये जाने की बावत पूछताछ किया। इस पर किसी ने कोई दावा नहीं किया। टीम में शामिल अधिकारियों ने अवैध रूप से कब्जा करनेवाले लोगों को माइक से सूचना दिया कि जमीन संबंधित कागजात प्रस्तुत करें वरना जमीन खाली करें। ऐसा नहीं करने पर कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

अतिक्रमण करनेवाले बख्शे नहीं जायेंगे : नगर आयुक्त

इस संबंध में नगर आयुक्त मो जावेद हुसैन ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र में पड़ने वाले सरकारी जमीन एवं कोयल नदी का अतिक्रमण जिनके द्वारा किया गया है उसे बख्शा नहीं जायेगा। नक्शा के आधार पर जमीन की मापी कराकर चिंहित किया जायेगा।

प्रत्येक बुधवार को जनता दरबार लगाने का निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

जन समस्याओं को प्राथमिकता से ससमय निपटारा करना सुनिश्चित करें : उपायुक्त

उपायुक्त ने बुधवार के दिन को जन समाधान के रूप में मनाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा बुधवार का दिन पब्लिक के कार्यों का निपटारा का दिन हो, यह सुनिश्चित होना चाहिये। इस दिन जब फरियादी किसी भी समस्या को लेकर आए तो उसे उच्च प्राथमिकता देते हुए ससमय निष्पादित करें। इसके अलावे उन्होंने जनता दरबार में प्राप्त आवेदन पत्र एवं उनके निराकरण से संबंधित प्रतिवेदन उपायुक्त पलामू को समर्पित करने का भी निर्देश दिया।

मेदिनीनगर । उपायुक्त शशि रंजन ने पलामू के सभी बीडीओ व सीओ को सप्ताह के प्रत्येक बुधवार को,वहीं अवकाश की स्थिति में गुरुवार को संयुक्त रूप से स्थानीय प्रखण्ड कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन करने का आदेश दिया है।

उन्होंने जिले के सभी बीडीओ-सीओ को निर्देशित करते हुए कहा है कि जिले के विभिन्न अंचलों से आये आमजन अपनी विभिन्न मांगों, समस्याओं तथा कल्याणकारी कार्यों योजनाओं के लिए सीधे जिला मुख्यालय में उपस्थित होते हैं जिससे यह प्रतीत होता है कि विभिन्न प्रखंडों/अंचलों में आमजनों की समस्याओं की सुनवायी व नियमानुकुल निष्पादन की कार्रवाई अपेक्षा के अनुरूप नहीं होती है। ऐसे में स्थानीय प्रखंड/अंचल कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन नितांत आवश्यक है जिसमें विकास/राजस्व संबंधी कार्यों के अतिरिक्त अन्य महत्वपूर्ण मांग/कार्यों पर त्वरित निष्पादन किया जायेगा।

सगुना मुखिया ने अबुआ आवास चयन को लेकर की बैठक

पाटन पलामू। पाटन प्रखंड के सगुना मुखिया अंजु देवी ने क्षेत्र के लाभुकों के अबूआ आवास के चयन करने को लेकर बैठक की। बैठक में अबुआ आवास योजना के चयन को लेकर पारदर्शिता बरतने की बात कही। कहा कि योग्य लाभूकों को ही आवास का लाभ दिलाया जायेगा। आवास समृद्ध लोगों को न मिले इसका ख्याल रखा जायेगा। बैठक में सरकार की योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी गई। मौके पर पंचायत सेवक अहमद अंसारी, रोजगार सेवक प्रेम सागर सिंह, पंचायत समिति सदस्य समरून बीवी, समाज सेवी सुरेंद्र सिंह, वार्ड सदस्य प्रिंस कुमार, विकास कुमार, राजा बाबू, महेंद्र सिंह, मजलूम अंसारी, सहदुल अंसारी, चंचल समेत काफी संख्या में लोग शामिल थे।

मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन अब 22 जनवरी को

मेदिनीनगर। भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निर्देशानुसार मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत पुनरीक्षण कार्यक्रम की तिथि संशोधित की गई है। अब पुनरीक्षण कार्यक्रम को संशोधित करते हुए दावा आपत्ति संबंधी प्रपत्रों की निष्पादन की अंतिम तिथि 12 जनवरी एवं मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन की तिथि 22 जनवरी को निर्धारित की गई है। जिले के वैसे पात्र मतदाता जिनका पंजीकरण अभी तक नहीं हो पाया है या किसी कारणवश छूट गया हो, अब वे बढ़ी हुई तिथि तक अपना पंजीकरण करा सकते हैं।

युवक 13 दिन से लापता, गुमसुदगी का सनहा दर्ज

विश्रामपुर (पलामू)। विश्रामपुर थाना क्षेत्र के भालुवानी कला गांव निवासी सुकन भुइयां का 23 वर्षीय बेटा प्रिंस कुमार राम पिछले 13 दिनों से लापता है। परिजनों के द्वारा सगे संबंधी सहित सभी संभावित जगहों पर इसकी तलाश की गयी। लेकिन अभी तक इसका कोई सुराग नहीं मिला पाया है। इस संबंध में परिजनों ने थाने में गुमसुदागी का सनहा भी दर्ज कराया है। लापता युवक प्रिंस कुमार राम का भाई राजू कुमार राम ने बताया कि मेरा भाई बिहार के औरंगाबाद जिला अंतर्गत टंडवा थाना क्षेत्र में ईंट भट्ठा पर काम करता था। प्रिंस 23 दिसंबर 2023 को घर आने के लिये निकला लेकिन आज तक वह घर नही पहुंचा है। जिसके बाद उसकी लताश शुरू हुई जो आज तक चल रही है।

11 पेटी नकली शराब के साथ एक गिरफ्तार

मेदिनीनगर। पलामू जिला में अवैध शराब की चुलाई एवं बिकी पर उत्पाद विभाग लगातार छापेमारी अभियान चला रही है। इस अभियान के दौरान जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों के सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्र व पहाड़ी के तलहटी में व नदी के आसापास महुआ शराब की भट्ठी को छापेमारी कर नष्ट किया गया। साथ ही हजारों लीटर जावा महुआ नष्ट किया गया। वहीं चुलाई गई महुआ शराब को जब्त किया गया। इस अभियान के दौरान गुरूवार को हरिहरगंज थाना क्षेत्र के तेतरिया ग्राम में छापेमारी टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर 11 पेटी नकली शराब बरामद किया है। इसके साथ ही एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में उत्पाद अधीक्षक सुधीर कुमार ने बताया कि राज्य मुख्यालय एवं उपायुक्त पलामू के द्वारा प्राप्त निर्देश के आलोक में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में राजस्व बढ़ाने व नकली शराब के अवैध कारोबार के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि हरिहरगंज के तेतरिया ग्राम में 11 पेटी नकली शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। शराब का बाजार मूल्य लगभग एक लाख रूपये से अधिक का है। इस कारोबार का मास्टर माइंड सुरेंद्र यादव फरार हो गया। उसकी गिरफ्तारी के लिए भी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि अवैध शराब का कारोबार ना करें। पकड़े जाने पर कार्रवाई की जायेगी।

पलामू रेड क्रॉस का वार्षिक आम सभा 19 जनवरी को : डॉ सत्यजीत गुप्ता

मेदिनीनगर। भारतीय रेडक्रॉस सोसाईटी पलामू शाखा का वार्षिक आम सभा 19 कनवरी को समाहरणालय ब्लॉक एक में आयोजित की गई है। इसकी जानकारी रेडक्रॉस के सचिव डा सत्यजीत गुप्ता ने दी। उन्होंने कहा कि उक्त तिथि को सदस्यों को आम सभा में उपस्थित होना अनिवार्य है। आम सभा में रेड क्रॉस के चुनाव संबंधित चर्चा की जायेगी।

मिशन समृद्धि ने कुष्ठ कॉलोनी में कंबल वितरण किया

मेदिनीनगर। मिशन समृद्धि ने ठंड को देखते हुए दोना-पत्तल दातून बेचने वाले गरीबों, जरूरतमंदों व असहाय लोगों के बीच कंबल का वितरण किया। इसके अलावे राहगीरों और रेलवे परिसर में बिना कंबल के सोये हुए व्यक्तियों के बीच कंबलों का वितरण किया गया। इसके अतिरिक्त मेडिकल कॉलेज के पीछे कुष्ठ कॉलोनी मेडिकल कॉलेज के पीछे बसे लोगों के बीच कंबलों का वितरण किया गया। कंबल के लिए बिहार से एक महिला जिन्होंने अपना नाम गुप्त रखने का आग्रह किया है। उनकी इच्छा के अनुरूप हमने जगह तलाश कर कुष्ठ कॉलोनी जाना ज्यादा बेहतर समझा और वहां उनके बीच कंबल देना बहुत ही अच्छा लगा। मिशन समृद्धि के सदस्यों ने कहा कि गरीबों की सेवा करना पुनित कार्य है।

पथरा में नॉक आउट फुटबॉल टूर्नामेंट का आगाज, अमही ने बैरिया को एक गोल से हराया

पूर्व विधायक और प्रमुख,मुखिया ने फीता काट कर उदघाटन किया

खबर मन्त्र संवाददाता

हुसैनाबाद पलामू। प्रखण्ड के पथरा शिवपुर खेल मैदान पर भाई चारा एकता कमिटी के द्वरा नॉक आउट फुटबॉल टूर्नामेंट 2024 का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट के प्रथम दिन अमही बनाम बैरिया के बीच मैच खेला गया। इससे पूर्व मैच में मुख्य अतिथि राजद के प्रदेश अध्यक्ष सह हुसैनाबाद के पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव, प्रखण्ड प्रमुख राजकुमारी देवी, चेयरमैन नगर पंचायत शशी कुमार, मुखिया नरेश पासवान, पंसस कलावती देवी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं फीता काटकर उदघाटन किया। मौके पर पूर्व विधायक ने कहा कि पथरा में प्रत्येक वर्ष टूर्नामेंट होता हैं और बहुत ही शान्ति सद्भाव के साथ। खेल के आयोजन से समाज में एकता और भाईचारा बढ़ता हैं साथ खेल से खिलाड़ियों में निखार आता हैं। प्रखण्ड प्रमुख ने कहा कि खेल को खेल भावना से खेलना चाहिए। उदघाटन मैच में अमही ने एक गोल दाग कर बैरिया को पराजित कर दिया। मैन ऑफ द मैच अमही के मुकेश कुमार को मिला।

विश्रामपुर मे लगा डिजनी लैंड सह मीना बाजार अब 26 जनवरी तक चलेगा

बच्चों को मिलेगा 50 प्रतिशत तक का छूट

खबर मन्त्र संवाददाता

विश्रामपुर (पलामू)। विश्रामपुर नप मुख्यालय स्थित डाक बंगला परिसर में लगा डिजनी लैंड सह मीना बाजार युवा, बच्चों और महिलाओं के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। उमड़ते भीड़ को देखते हुए आयोजकों ने इसकी तिथि भी बढ़ा दी गई है। अब डिजनी लैंड सह मीना बाजार आगामी 26 जनवरी तक चलेगा। इसकी जानकारी आयोजकों ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दिया। डिजनी लैंड के प्रो ज्वाला विश्वकर्मा ने कहा कि स्थानीय लोगों के उत्साह को देखते हुए अवधि का विस्तार किया गया है। जिसके लिए प्रशासनिक अनुमति भी हासिल कर ली गई है। विस्तारित अवधि के दौरान स्कूली बच्चों को 50 प्रतिशत तक की छूट दी जायेगी। इसके अलावा गणमान्य लोगों के लिए वीआईपी पास भी जारी किया जायेगा। जो आगामी 16 जनवरी से प्रभावी होगा। यहां उल्लेखनीय है कि डिजनी लैंड सह मीना बाजार 22 दिसंबर 2023 से विश्रामपुर में चल रहा है। जिसे पांच जनवरी तक ही चलना था। लेकिन अब यह मेला आगामी 26 जनवरी तक चलेगा। विजय बावली ने बताया कि डिजनी लैंड सह मीना बाजार में ब्रेक डांस, टावर झुला, नौका झूला, ड्रैगन झूला, स्कार्पियो झूला, जंपिंग नागिन शो, मिक्की माउस, जादूगर सहित कई प्रकार के झूले के साथ खिलौने तथा हर प्रकार के खाने-पीने की व्यवस्था उपलब्ध है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में बीजेएमसी जिलाध्यक्ष ऋतुराज मिश्रा, जितेंद्र अग्रवाल, रौशन विश्वकर्मा सहित लोग मौजूद थे।

जन कल्याण ट्रस्ट ने पूर्वडीहा में किया कंबल वितरण

बाबा पतिधर का पूर्वडीहा ग्राम है एकता की मिसाल : अविनाश देव

खबर मन्त्र संवाददाता

चैनपुर पलामू। चैनपुर प्रखंड के पूर्वडीहा ग्राम में जन कल्याण ट्रस्ट के तत्वाधान में कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड माटी कला बोर्ड एवं संत मरियम स्कूल के डायरेक्टर अविनाश देव, कंपनी कमांडर अनुज झा, कंपनी कमांडर राजेश लकड़ा, जन कल्याण ट्रस्ट के अध्यक्ष अजीत दुबे, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र पांडे, केंद्रीय प्रवक्ता अजय तिवारी, वरिष्ठ सदस्य अखिलेश पाठक, संतोष दुबे, चैनपुर प्रखंड के प्रखंड अध्यक्ष आशीष पासवान मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन समाजसेवी पप्पू दुबे ने किया। मौके पर गरीबों को गर्म वस्त्र प्रदान किया गया। मौके पर अविनाश देव जी ने कहा कि जनकल्याण ट्रस्ट हमेशा सामाजिक कार्य करते आ रही है। ट्रस्ट द्वारा ठंड से बचाने के लिए गरीबों के बीच कंबल वितरण का काफी सराहनीय है। उन्होंने कहा कि बाबा पाती धर का पावन गांव है एकता व आदर्श का मिसाल है। उनके आशीर्वाद से गांव के लोग बेहतर कार्य कर रहे हैं। ट्रस्ट का यह कार्यक्रम मिल का पत्थर साबित होगा। मौके पर कंपनी कमांडर अनुज झा ने कहा कि इस गांव की एकता यहां के अचार एवं विचार लोगों का रुझान एक दूसरे के लिए प्रेरणादायक है। समाज के विकास के लिए जिस प्रकार जन कल्याण ट्रस्ट संकल्पित भावना से कार्य कर रहा है वह काफी सराहनीय है। ट्रस्ट के अध्यक्ष अजीत दुबे ने बताया कि हम लोग निरंतर सामाजिक कार्य करते आ रहे हैं। जो समाज के लिए उदाहरण है। आगे भी समाज सेवा किया जाता रहेगा। मौके पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष धर्मेंद्र पांडे, समाजसेवी पप्पू दुबे ने अपने-अपे विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में पूर्व मुखिया अरुण दुबे, समाजसेवी कृष्णमणि दुबे, विवेक दुबे, बनवीर दुबे, श्रवण दुबे, जोगीराम, हीराराम, नारायण, अशोक दुबे, सुनील दुबे, कृपा दुबे, सुकेश राम, संतोष दुबे, गीता देवी, सूर्यमणि देवी, मालो देवी, सीताराम चंद्रवंशी, बबलू चंद्रवंशी, ईश्वरी राम, अकलू कुमार, राम चंद्र राम, सदस्य सीताराम यादव, जिंदल कुमार शामिल थे।

स्पीड न्यूज

हत्याकांड के फरार आरोपी के घर पर चिपकाया इश्तेहार

कतरास। कतरास थाना क्षेत्र के बस स्टैंड के पास 2021 में नीरज तिवारी की हत्या हुई थी। इसके बाद नीरज तिवारी के परिजनों के द्वारा कतरास थाना में लिखित शिकायत की गई थी । जहां हत्या के लिए आशीष रंजन को आरोपी बनाया गया था। वही केस के बाद कतरास पुलिस हत्या में दोषी आशीष रंजन को ढूंढ रही है, लेकिन आज तक वह पुलिस के हाथ नहीं आया है । वहीं गुरुवार को कतरास थाना पुलिस के द्वारा हीरापुर स्थित उसके आवास पर इस्तीहार चिपकाने पहुंची। कतरास थाना सब इंस्पेक्टर मुनीश तिवारी ने बताया कि कांड संख्या 298/21 में फरार चल रहे आशीष रंजन उर्फ छोटू सिंह के घर इतिहास चिपकाने पहुंचे, जिसमें आशीष रंजन ने कतरास थाना क्षेत्र के रहने वाले नीरज तिवारी की हत्या 2021 में की थी और हत्या के बाद से फरार चल रहा है।

प्रिंट रेट से अधिक दाम पर बेचे जा रहे हैं शराब

धनबाद। धनबाद जिले अंग्रेजी शराब दुकानों में खुलेआम की जा रही है कीमत से अधिक पैसो की अवैध वसूली, शराब की बोतल पर अंकित प्रिंट दर से अधिक मूल्य दुकान के कर्मी ग्राहक से वसूलते हैं । ग्राहक सब कुछ देखकर भी अधिक दाम देकर शराब खरीद रहे हैं, लोक लाज के डर से ग्राहक ना हंगामा करते हैं ना किसी से कुछ कहते हैं। जिसका फायदा दुकान के कर्मी उठा रहे हैं। आपको बता दे की धनबाद में 140 शराब दुकानों का ठेका लिया है, जिसके अंदर सैकड़ो कर्मी काम कर रहे हैं । अमूमन लगभग सभी शराब केंद्रों में ग्राहक से शराब के बोतल पर अंकित मूल्य से अधिक कीमत की वसूली की जा रही है, लेकिन इसे लेकर जिम्मेदार विभाग भी मौन है। इस अवैध वसूली के खिलाफ जब खबर मन्त्र के संवाददाता दुकानदारों तथा दुकान मैं मौजूद स्टाफ से प्रिंट रेट से अधिक पैसे लिए जाने के संबंध में पूछा तो किसी ने कुछ नहीं कहा।

पिछरी उत्तरी पंचायत क्षेत्र से अवैध बालू जब्त

बेरमो। पेटरवार थाना क्षेत्र अन्तर्गत पिछरी उत्तरी पंचायत स्थित बालू भंडारण क्षेत्र में छापामारी बीते देर शाम की गई। जिसमे अवैध रूप से बालू का भंडारण पाया गया। जो लगभग 4500 घनफिट है। जिसे जब्त कर पेटरवार थाना लाया गया एवं अवैध जमा कर्ता जोगन मिश्रा एवं अन्य के विरुद्ध थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई। उक्त अभियान में प्रोबेशनरी पुलिस उपाधीक्षक प्रशांत कुमारए खान निरीक्षक जितेंद्र कुमारएथाना प्रभारी पेटरवार एवं पुलिस बल मोजूद थे।

20 केंद्रों पर होगी सेविका सहायिक की नियुक्ति

बोकारो। जिले के नौनिहालों को उनके गांव मोहल्ला में ही आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा मुहैया कराने को लेकर जिला प्रशासन संकल्पित है। इसी क्रम में जिला प्रशासन ने जिले के विभिन्न परियोजना क्षेत्रों अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रों में रिक्त पड़ें सेविका सहायिका पदों को भरने का निर्णय लिया है। सेविका सहायिका चयन में पारदर्शिता एवं किसी भी तरह का विवाद नहीं उत्पन्न होने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने इस बार ऑनलाइन माध्यम से आवेदन आमंत्रित किया है। डीडीसी कीर्तीश्री जीण के पहल पर सेविका सहायिका चयन के लिए विशेष पोर्टल बाल विकास बोकारो डॉट कॉम बनाया गया है। जिले के कुल 08 परियोजना क्षेत्र के 20 आंगनबाड़ी केंद्रों में सेविका सहायिका के रिक्त पदों पर बहाली को लेकर आवेदन आमंत्रित किया है। महिला अभ्यर्थी आगामी 14 जनवरी तक ऑनलाइन पोर्टल पर जाकर संबंधित विवरण दस्तावेज अपलोड कर आवेदन कर सकते हैं।

उपेक्षा : अंधेरे के आगोश में डूबा है लिलोरी स्थान का मुक्तिधाम

पेट्रोमैक्स की रोशनी में रात में होता है अंतिम संस्कार

बिनोद रजक

धनबाद/कतरास। एक और जहां भारत चांद पर पहुंच गया है रोज नए-नए आविष्कार हो रहे हैं। कतरास जैसा पिछड़ा जगह को नगर निगम में शामिल कर लिया गया है। वही निगम के द्वारा सुविधा के नाम पर कतरास नगर निगम वार्ड संख्या एक के लोगों को ठगने का काम किया जा रहा है। बताते चले कि कतरास बाजार स्थित लिलौर स्थान मुक्तिधाम में लोग रात को अंधेरे में पेट्रोमैक्स के सहारे अंतिम संस्कार करते हैं। जबकि यहां कतरास के अलावे सिजुआ, तेतुलमारी, अंगारपथरा ,भूली, सोनारडीह, सिनीडीह, बेहराकुदर, बारामुडी, ढांगी भटमुरना, मलकेरा आदि जगहों से लोग यहां अंतिम संस्कार करने के लिए पहुंचते हैं। लाइन नहीं रहने के कारण यहां अंतिम संस्कार करने के लिए आने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

क्या कहते हैं डोम राजा

मामले को लेकर मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार में हम भूमिका निभाने वाले डोम राजा ने कहा कि बिजली नहीं रहने के कारण यहां अंतिम संस्कार करने के लिए आने वाले लोगों को परेशानी तो होती ही है इसके साथ ही रात मे चोर चुहाड लोग भी यहां काफी परेशान करते हैं। इसके साथ यहां पीने की पानी की व्यवस्था नहीं है जिसके कारण यहां आने वाले लोगों को पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है।

नदी के बीच से गुजरा है 11000 वोल्ट का तार

अंतिम संस्कार करने के लिए पहुंचे हुए लोगों का कहना है की नदी के बीचो-बीच 11000 का तार पर हुआ है जो की काफी नीचे है और उसमें कहीं सपोर्टर भी नहीं लगा हुआ है । जिसके कारण कभी बड़ा हादसा होने की संभावना है।

सौंदर्यीकरण के कार्य में हुआ है करोड़ों खर्च

यहां कार्य कर रहे डोम राजा ने बताया कि मुक्तिधाम के विकास के लिए और सौंदर्यीकरण के लिए धनबाद नगर निगम के द्वारा करोड रुपए खर्च करके आधा अधूरा काम किया गया है सेड का निर्माण नदी से काफी दुर किया गया है जिसके कारण बरसात में अंतिम संस्कार करने वाले लोगों को साथ-साथ हम लोगों को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। हालांकि धनबाद नगर निगम के द्वारा यहां पर हाई मास्ट लाइट लगाई गई है लेकिन लाइट काफी दिनों से खराब है और बंद पड़ा हुआ है जिसके कारण पूरा मुक्तिधाम अंधेरे के आगोश में रहता है।

होटल व्यवसायी से मांगी 50 लाख की रंगदारी, हत्या की धमकी

खबर मन्त्र संवाददाता

धनबाद। कोयलांचल के व्यवसायी वर्ग को फरार गैंगस्टर प्रिंस खान का डर खौफ खत्म होने का नाम नही ले रहा है। दुबई में बैठकर गैंगस्टर व्यवसायियो से रंगदारी जान मांगने की धमकी देने का सिलसिला रुकने का नाम नही के रहा है।प्रिंस खान का गुर्गा मेजर के नाम से व्यवसायियो से रंगदारी माँगी जा रही है।रंगदारी नही देने पर जान मारने की धमकी दी जा रही है। पुटकी थाना क्षेत्र के होटल कारोबारी विक्की वर्मा को प्रिंस खान के गुर्गे मेजर ने व्हाट्सएप मैसेज कर 50 लाख की रंगदारी माँगी है।रंगदारी की रकम नही देने पर खोपड़ी खोल देने जान मारने की धमकी दिया गया है।रंगदारी मांगें जाने के बाद से होटल व्यवसायी व उसका पूरा परिवार दहशत में है। व्यव्सायी इसके बाद पुटकी थाना की पुलिस को मेजर के नाम से रंगदारी और जान से मारने की धमकी देने की जानकारी थाना पँहुच दिया। पुलिस से लिखित शिकायत देकर सुरक्षा व कार्रवाई की माँग की है। भुक्तभोगी व्यव्सायी विक्की वर्मा ने कहा कि मेजर के नाम पर दो बार उसे व्हाट्सएप मैसेज कर 50 लाख की रंगदारी माँगी गई है।रंगदारी नही देने पर जान मारने की धमकी दिया गया है।मैसेज में रंगदारी देगा या नही वह हा या न में जवाब माँगा गया है।रेकी जारी है कि बात मैसेज में कहा गया है।घटना से पूरा परिवार डरे हुए है। उन्होंने सुरक्षा की मांग की है।

एग्यारकुंड प्रखंड सभागार में प्रधानाध्यापक ने की गुरु गोष्ठी

कुमारधुबी। पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत शैक्षणिक अंचल निरसा-1,2,3 के सभी कोटि के 320 नया प्राथमिक ,प्राथमिक स्कूल, उत्क्रमित ,मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं प्रधान शिक्षक की बैठक गुरुवार को निरसा प्रखंड स्थित सभागार में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी निरसा सह समन्वक प्रखंड संसाधन केंद्र निरसा स्वपन कुमार मंडल की अध्यक्षता में मासिक गुरु गोष्ठी- सह-समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में छात्रों की उपस्थिति ,चाइल्ड यूडी डायस मैइटरी, कक्षा 3 से अष्टम तक पोशाक के लिए अभिभावकों की खाता से संबंधित विवरण,पोषण वाटिका प्रगति से संबंधित प्रतिवेदन ,विद्यालय अनुदान राशि का उपयोग, मुख्यमंत्री छात्रवृत्ति के बैंक खाता डिटेल्स ,शिशु पंजी का सर्वे रिपोर्ट, विद्यालय प्रबंधन समिति का प्रशिक्षण ,प्रयास कार्यक्रम, इको क्लब का गठन ,लोकसभा निर्वाचन 2024 के निमित्त शिक्षक शिक्षिकाओं की सूची उपलब्ध ,शिक्षक अभिभावक बैठक कार्यक्रम ,सिटी बजाओ, स्कूल बुलाओ कार्यक्रम, विद्यालय में बेंच टैक्स की मांग आदि से संबंधित विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा हुई।

अबुआ आवास योजना में गड़बड़ी पर हंगामा

खबर मन्त्र संवाददाता

बोकारो/कसमार। कसमार प्रखंड के सिंहपुर पंचायत के ग्रामीणों ने अबुजा आवास योजना में भारी गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए जांच के लिये बीडीओ को आवेदन दिया है। सिंहपुर पंचायत सचिवालय में आयोजित विशेष ग्राम सभा में ग्रामीणों ने कहा कि अपने संबंधित प्रतिनिधि द्वारा अपने सगे संबंधियों को अंतिम लिस्ट में शामिल किया गया है। कई योग्य वास्तविक लाभुकों का नाम हटा दिया गया। प्रामाणित करने वाले कर्मियों द्वारा वास्तविक स्थिति को बिना जांच किये ही अंतिम लिस्ट जारी कर दिया गया। ग्रामीण मुकेश शर्मा ने कहा कि इसमें हुई गड़बड़ी की निष्पक्ष जांच हो और दोषी पर कार्रवाई हो। जहारुदीन अंसारी ने कहा कि जीओ टेक होने के बाद भी लिस्ट से नाम काट दिया गया है। जबकि हमसे सम्पन्न परिवार के सदस्यों का नाम शामिल है। वहीं सरिता देवी ने आरोप लगाया है कि अबुआ आवास योजना में आनलाइन कराने के बाद भी जांच टीम को भेजा नहीं गया है। इस दौरान मुखिया पंसस वार्ड सदस्य पंचायत सेवक रोजगार सेवक सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

एक नजर में

पर्वतपुर के हथिया बांध में स्नान घाट का शिलान्यास

बोकारो/तालगड़िया। चंदनकियारी प्रखंड की नयावन पंचायत अंतर्गत पर्वतपुर के हथिया बांध में स्नान घाट का शिलान्यास जिप सदस्या अम्बिका देवी ने किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में सर्वांगीण विकास के निमित्त सम्बद्ध कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। गांव के लोग बांध पर ही निर्भर रहते हैं। ऐसे में अपने क्षेत्र के अधीन सभी तालाबों का सौंदर्यीकरण के लिए प्रयासरत हैं। मौके पर पंसस शैलेन्द्र शेखर अशोक दसौंधी रामपद दास सुरेश सिंह सोमा मंडल गीता देवी जयदेव दूबे सुनील तिवारी मुकेश तिवारी समेत अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

नारी शक्ति आंदोलन की प्रणेता सावित्री बाई फुले का जन्म दिन मना

बोकारो। तुपकाडीह स्टेशन रोड एवं शिबूटांड़ गांव में स्थित विस्थापित विकास पब्लिक स्कूल के प्रांगण में देश की प्रथम महिला शिक्षिका तथा नारी शक्ति आंदोलन की प्रणेता सावित्री बाई फुले का जन्म दिन मनाया गया। कुशवाहा पंचायत परिषद और स्कूल के वक्ताओं ने कहा कि सावित्री बाई फुले अपने शुरूआती दिनों से बालिकाओं और महिलाओं को शिक्षित करने पर सदैव तत्पर रहीं। मौके पर स्कूल के निदेशक अर्जुन महतो परिषद के मदन लाल महतो सुनील महतो राजू महतो तिलु महतो ठाकुर महतो राजू रंजन भरत महतो विनोद महतो हीरू महतो मौजूद रहे।

बीएसएल ने किया एमओयू

बोकारो। बोकारो स्टील प्लांट के ईडी संकार्य के सेमिनार हॉल में कार्बन डाई ऑक्साइड गैस उत्सर्जन को मूल्यवर्धित उत्पादों में बदलने के लिए बोकारो स्टील और राम चरण प्राइवेट लिमिटेड के बीच पायलट प्रोजेक्ट स्थापित करने हेतु एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया।

प्रबंधन जब तक वार्ता नहीं करता, जाम रहेगा गेट : जयराम

एसीसी के तीनों गेट को ग्रामीणों ने किया जाम

खबर मन्त्र संवाददाता

सिंदरी। पूर्वघोषित कार्यक्रम के तहत झारखंड भाषा खतियानी संघर्ष समिति अध्यक्ष जयराम महतो के नेतृत्व में एसीसी सिंदरी सीमेंट फैक्ट्री के तीनों गेट का ग्रामीणों ने गुरुवार को चक्का जाम किया। टाइगर जयराम महतो ने कहा कि वार्ता नहीं होगी तो एसीसी गेट पर अनिश्चितकालीन चक्का जाम जारी रहेगा। समाचार लिखे जाने तक काफी मुश्किलों के बीच जिला प्रशासन एसीसी प्रबंधन और जेबीकेएसएस नेताओं के बीच वार्ता नहीं करा पाई। अध्यक्ष ने कहा कि छातांटाँड़ पंचायत के ग्रामीणों की जमीन पर बने एसीसी सिमेन्ट फैक्ट्री विगत 40 दिनों से धरना पर बैठे छातांटाँड़ पंचायत के ग्रामीणों से वार्ता नहीं करना चाहती है। यह शर्मनाक है। प्रबंधन गुंडों के बल पर ग्रामीणों को डराना चाहती है। उन्होंने कहा कि चक्का जाम वृहत रुप से जारी रहेगा। समय पर वार्ता नहीं होने पर गेट पर लोगों का हुजूम उमड़ पड़ेगा और व्यवस्था में कुछ भी अप्रिय घटना की स्थिति बन सकती है। यह प्रबंधन के लिए गंभीर विषय हो सकता है। प्रबंधन का संबंध माफियाओं से है और उन्हें इसी कारण डर नहीं लग रहा है। उन्होंने अपने गरजते हुए भाषण में एसीसी यूनियन नेताओं की बड़ाई की और ग्रामीणों को भीख मांगने वाला बताते हुए उकसाया। उन्होंने कहा कि छातांटाँड़ पंचायत की पाँच सूत्री माँग सही है और उसका अधिकार उन्हें मिलना चाहिए। मौके पर मौजूद झरिया अंचलाधिकारी राम सुमन प्रसाद ने कहा कि जिला प्रशासन मुस्तैद है। प्रबंधन वार्ता के लिए तैयार नहीं है। इसकी सूचना वरीय अधिकारियों को दी जा रही है। उनके दिशानिर्देश पर कार्य किया जाएगा। एसीसी फैक्ट्री के तीनों गेट पर सिंदरी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अभिषेक कुमार के नेतृत्व में पूरी अनुमंडल की पुलिस मौजूद है और स्थिति को नियंत्रित करने में लगी हुई है।

आश्रम के वृद्धजनों के बीच कंबल का वितरण

पूर्वी टुंडी। दक्षिणी टुंडी स्थित लालमणि वृद्धाश्रम में बुधवार की रात धनबाद की लेट्स फीड द नीडी संस्था ने आश्रम के वृद्धजनों के बीच कंबल वितरण किया। मौके पर संस्था के अध्यक्ष सूरज हजारी ने कहा कि हमारी संस्था गरीब असहाय एवं जरूरतमंदों की सेवा के लिए हमेशा तैयार है। हमलोग इस ठंड में धनबाद के विभिन्न जगहों में जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण एवं उन्हें भोजन कराने जैसा किंचित सेवा कार्य कर रही हैं। जो आगे भी जारी रहेगा। मौके पर संस्था के अध्यक्ष सूरज हजारी, निलेश तिवारी, दयाल कुमार साव ,धीरेन्द्र अग्रवाल ,अभिषेक कुमार तरवे, सपन ओझा, सुबल सिंह मौजूद थे।

ईआरओ धनबाद सह एसडीओ ने किया मतदान केंद्रों में सुपर चेकिंग

खबर मन्त्र संवाददाता

धनबाद। उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी वरुण रंजन के निदेर्शानुसार ईआरओ 40 धनबाद विधान सभा सह अनुमंडल पदाधिकारी श्री उदय रजक ने आज एसएसआर 2024 में प्राप्त फॉर्म 6, 7 एवं 8 का मतदान केंद्र 95, 97, 98, 99 एवं 100 में सुपर चेकिंग कर इंट्री का सत्यापन किया। मौके पर उन्होंने बीएलओ सुपरवाइजर एवं बीएलओ को बताया कि मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन की तिथि 05.01.2024 से बढ़ाकर 22.01.2024 की गई है। इस अवधि में छुटे हुए मतदाता का नाम जोड़ने हेतु प्रपत्र 06, मृत मतदाता का नाम काटने हेतु प्रपत्र 07 (मृत्यू प्रमाण पत्र के साथ) एवं नाम, पता, उम्र आदि में सुधार और स्थानांतरण हुए मतदाता से प्रपत्र 08 भरवा कर उसे बीएलओ ऐप में इंट्री कर ले। मौके पर एईआरओ धनबाद सह कार्यपालक दंडाधिकारी रविन्द्र नाथ ठाकुर, निर्वाचन प्रभारी चंदन कुमार, कंप्यूटर ऑपरेटर सजल मंडल एवं संबंधित बीएलओ उपस्थित थे।

सिंहडीह में इंटकवेल निर्माण का विधायक ने किया भूमि पूजन

जल जीवन मिशन के तहत भूमि पूजन

खबर मन्त्र संवाददाता

बोकारो/तालगड़िया। चास प्रखंड की बिजुलिया पंचायत अंतर्गत सिंहडीह स्थित दामोदर नदी तट पर जल जीवन मिशन के तहत जलापूर्ति योजना के लिए इंटकवेल निर्माण कार्य हेतु भूमि पूजन स्थानीय विधायक एवं विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने किया। योजना के तहत चास प्रखंड की 34 पंचायतों में जलापूर्ति की जाएगी। मौके पर श्री बाउरी ने कहा कि चंदनकियारी को विश्व पटल पर ले जाने का प्रयास किया जा रहा है। श्री बाउरी ने कहा कि मोदी जी का सपना था कि सभी लोगों का पक्का मकान हो। वर्तमान में हर घर को पीएम आवास योजना का लाभ दिया जा रहा है। आयुष्मान योजना का लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में प्रभु रामलला विराजमान होंगे। उन्होंने लोगों से इस उत्सव में शामिल होने की अपील की। मौके पर भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष अम्बिका खवास भाजपा जिला महामंत्री जयदेव राय जिला मंत्री गोउर रजवार मंडल अध्यक्ष राजीव चौबे मुखिया कालाचांद महतो विधायक प्रतिनिधि रजनीकांत महतो श्याम पैतंडी संटू राय मुकेश बाउरी समेत अन्य लोग मौजूद थे।

बाबूलाल मरांडी को दी नववर्ष की बधाई

बेरमो। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के मोहराबादी स्थित आवास पर मुलाकात कर बेरमो के भाजपा नेताओ ने नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। साथ ही बेरमो के राजनीतिक परिवेश की जानकारी दी और झारखंड में किस तरह सुशासन राज्य चले इस पर विचार विवश किया गया।

दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा

निविदा सूचना सं. : डीआरएमईएनजीजीआरएसी-01-2024, भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, मंडल रेल प्रबंधक (इंजी), राँची द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: सूचना सं.: डीआरएमईएनजीजीआरएसी-01-2024, कार्य का नाम : राँची यार्ड में यार्ड रिमॉडलिंग कार्य के सिलसिले में पाइप लाइन का स्थानांतरण। निविदा मूल्य: रु.45,97,514.58, बयाना राशि: रु.92,000/-, निविदा की अंतिम तिथि और समय: उपर्युक्त निविदा के लिए दिनांक 02.02.2024 को 15.00 बजे। निविदाकार ऑनलाइन निविदा करने के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in देख सकते हैं। पिन कोड-834003 (PR-995)

JHARKHAND URBAN INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT COMPANY LIMITED
(Govt. of Jharkhand Undertaking)
JUIDCO BHAWAN, KUTCHERY ROAD, RANCHI, JHARKHAND
Ph. No.: +91-651-2225878, Mob. No.: +91 9835599296
e-mail Id-juidcolimited@gmail.com
CIN: U45200JH2013SGC001752,

e-Procurement Notice
Tender Notice

NIT No: JUIDCO/NIT/Domchanch /UWSS/2023/581 Date:04.01.2024

1.	Name of the work	Domchanch Urban Water Supply Scheme with 5 years of Operation and Maintenance
2.	Mode of Bid Submission	e-tendering –http://jharkhandtenders.gov.in
3.	Estimated Cost	Rs. 81,31,41,116/- (Rupees Eighty-One Crore Thirty One Lakh Forty One Thousand One Hundred and Sixteen Only)
4.	Tender Fee and Bid Security	Tender Document Fee – Rs 25,000/- Bid Security – Rs 81,31,000/-
5.	Date & Time of Publication of Tender on Website	05th January 2024 at 17:00 hours
6.	Last Date & Time of submission of pre-bid queries	12th January 2024 till 13:00 hours
7.	Date & Time of pre-bid meeting	12th January 2024 at 15:00 hours
8.	Last Date & Time of Bid Submission	5th February 2024 till 17:00 hours
9.	Date & Time of Bid Opening	6th February 2024 at 17:30 hours
11.	Address	Jharkhand Urban Infrastructure Development Company Limited, JUIDCO Bhawan, Kutchery Chowk, Ranchi, Pin – 834001.
12.	Helpline No. of e-Procurement Cell	+91 651 2225878/ 9973768183

Note: Only e-tenders will be accepted.
Further details are available on the Jharkhand Government e-procurement website http//: jharkhandtenders.gov.in
Sd/-
Project Director (Technical)
JUIDCO Ltd., Ranchi
PR.NO.315151 Urban Development and Housing(23-24):D

धनबाद रेल मंडल के 80 रेल कर्मी हुए सम्मानित

धनबाद रेल मंडल को सभी 68 रेल मंडलों में प्रथम स्थान

खबर मन्त्र संवाददाता

धनबाद। गुरुवार को धनबाद रेल ऑटोडेरियम मे 68वें रेल सप्ताह समारोह मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत धनबाद मंडल रेल प्रबंधक कमल किशोर सिन्हा एवं अन्य अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद कलाकारों के द्वारा स्वागत गान प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में कुल 80 रेल कर्मचारियों को बेहतर कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंडल रेल प्रबंधक कमल किशोर सिन्हा ने कहा कि माल लदान तथा आए अर्जन में धनबाद मंडल भारतीय रेल के सभी 68 मंडलों में प्रथम स्थान पर है। इस ऐतिहासिक उपलब्धियां को अर्जित करने की नींव हमारे कठोर परिश्रम करने वाले मंडल रेल कर्मी ही है। उन्होंने कहा कि इस मौके पर तमाम उपलब्धियां के लिए आप सभी पुरस्कार विजेताओं और आपके सहकर्मियों को बधाई देता हूं। कुछ निश्चित मानकों के कारण सीमित कर्मचारियों को ही पुरस्कार दिया गया। रेल कर्मियों को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि जो अवार्ड विजेता नहीं बन पाए परंतु जिनका योगदान किसी भी स्तर पर कमतर नहीं आंका जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि वर्ष 2022-23 धनबाद मंडल के लिए रिकॉर्ड ब्रेकिंग वर्ष रहा वर्ष 2022-23 के दौरान धनबाद रेल मंडल द्वारा कल 171.130 मिलियन टन का लदान हुआ। जिससे 21901.88 करोड रुपए का राजस्व प्राप्त करते हुए पूरे भारतीय रेल में धनबाद रेल मंडल प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस सफलता के पीछे धनबाद मंडल के अधिकारियों कर्मचारियों एवं उनके परिवारों के सदस्यों का संकल्प कठिन परिश्रम लगन अद्भुत कार्य क्षमता एवं सराहनीय धैर्य का महत्वपूर्ण योगदान है। इसके साथ ही यात्री आय मे कुल 384.51 करोड रुपए की प्राप्ति हुई है। बीते वित्तीय वर्ष में धनबाद मंडल ने विकास में काफी कार्य किया है।

धनबाद रेल मंडल ने किया निर्माण कार्य

इस दौरान धनबाद मंडल द्वारा 66.691 किलोमीटर ट्रैक का दोहरी कारण 44.01 किलोमीटर नई लाइन तथा 18.95 किलोमीटर थर्ड लाइन के निर्माण का कार्य पूरा किया गया। इसके साथ ही मंडल के 21 स्टेशनों यार्ड री मॉडलिंग 30 स्टेशनों पर नॉन इंटरलॉकिंग तथा 179.9 कि ट्रैक के विद्युतीकरण तथा 03 एलएस का कमीशन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विशिष्ट अतिथि पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की अध्यक्ष गरिमा सिन्हा एवं महिला समिति की सभी पदाधिकारी गण तथा रेलवे के सभी अधिकारी मौजूद रहे।

खबर मन्त्र

रांची .शुक्रवार .05 जनवरी 2024

अभिव्यक्ति

epaper.khabarmantra.net

डार्क जोन का खतरा

केंद्रीय भूजल बोर्ड की वर्ष 2018 की रिपोर्ट के अनुसार देश के 6584 भूजल ब्लॉकों में से 1034 ब्लॉक ''डार्क जोन' में है। इससे स्पष्ट है की जलस्रेतों की प्राकृतिक पुनर्भरण की क्षमता से अधिक जल की निकासी हुई है। दूसरी ओर, लोगों को जो पानी पीने को मिलता है वह पेयजल गुणवत्ता के सभी मानकों में खरा नहीं होता। जल की कमी एवं प्रदूषण दोनों कारणों के लिए हम स्वयं ही जिम्मेदार हैं। किन्तु अब सरकार ने ''हर घर नल से स्वच्छ जल' पहुंचाने का संकल्प लिया है तो हमें भी अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। सरकार आधुनिक तकनीकों के माध्यम से जल बचाएंगी तो वही हमें हमारे दैनिक जीवन में हो रही जल की बर्बादी को रोकना होगा। वाटर हार्वेस्टिंग से भूजल स्तर बढाना एवं गंदे पानी की रिसाइकिलिंग करना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए।

राज्य बनने के 19 वर्ष बाद भी राज्य की पहचान गरीबी ही है। खाद्यान्न उत्पादन के मामले में आज भी राज्य आत्म निर्भर नहीं है। निश्चित एक बड़ी चुनौती हेमंत सरकार के सर पर है। राज्य की आधारभूत संरचना हो रेल,बिजली और सिचाई की लंबित योजनाओं के लिए धन की व्यवस्था राज्य निश्चित तौर पर केन्द्र पर निर्भर है। इन तमाम कठिनाई के बाद भी राज्य का कमान एक युवा मुख्यमंत्री के हाथ में है जिनसे पूरे राज्य को उम्मीद है। राज्य की सामाजिक समस्याओं में एक है आम आदमी को जल की उपलब्धता और खेतों के लिये पानी की जरूरत। बढ़ते डार्क जोन का एक बड़ा असर झारखंड के पठारो पर होगा क्योंकि इन पठारों पर वन कटने और असमान्य बरसात के साथ अत्यधिक गर्मी जो 2023 में सभी रिकार्ड को तोड़ कर अधिकतम हो गयी उससे बचने के लिये दीर्घकालिन उपाय के लिये तत्कालिन सरकार को ठोस उपाय करने चाहिए। यह एक बड़ा संकट है झारखंड के लिये और देश के लिये भी।

बढ़ते वन

पिछले दो वर्षों में देश के हरित क्षेत्र में 5,188 वर्ग किमी की बढोतरी हुई है। इसमें वन क्षेत्र और वन से इतर पेड़ों का हरित क्षेत्र भी शामिल है। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री प्रकाश जावडेकर ने सोमवार को भारत में वन क्षेत्र की स्थिति रिपोर्ट 2021(आईएसएफआर) जारी करते हुए बताया कि देश का वन क्षेत्र सभी श्रेणियों में बढ़ा है। देश के कुल क्षेत्रफल में वन क्षेत्र की हिस्सेदारी 21.67 प्रतिशत हो गई है। 2014 से 2019 के दौरान वन क्षेत्र में 13 हजार वर्ग किमी का इजाफा हुआ है। सघन वन क्षेत्र, विरल वन क्षेत्र और सामान्य वन क्षेत्र, तीनों श्रेणियों में बढ़ोतरी दर्ज करने वाला भारत एक मात्र देश है। देश के उत्सर्जित कार्बन में 2017 के पिछले आकलन के मुकाबले 4.26 करोड़ टन की वृद्धि हुई। उन्होंने कहा कि यह रिपोर्ट हमें भरोसा दिलाती है कि हम पेरिस समझौते के लक्ष्यों को हासिल करने की राह पर हैं। पूर्वोत्तर भारत में वन आच्छादित क्षेत्र में 765 वर्ग किलोमीटर (0.45 प्रतिशत) तक की कमी आई। असम और त्रिपुरा के अलावा पूर्वोत्तर के सभी राज्यों में वन आच्छादित क्षेत्र में कमी देखी गई। आईएसएफआर रिपोर्ट दो साल के अंतराल पर प्रकाशित होती है। रिपोर्ट के अनुसार देश में वनों में आग लगने की घटनाओं में 20 प्रतिशत की कमी आई है। निश्चित तौर पर देश के लिए वनों का बढ़ना केन्द्र सरकार की बेहतर नीतियों और कानून को व्यावहारिक बनाये जाने के कारण हुई है। भारत में आज चंदन की लकड़ी भी आस्ट्रेलिया से आयात किया जा रहा है जबकि चंदन के वृक्ष भारत से ही आस्ट्रेलिया ले जाए गये। यही स्थिति बांस से बने उत्पाद के हैं जिसका आयात देश में लगातार बढ़ रहा है जबकि देश में बांस का उत्पादन लगातार बढ़ रहा है। उम्मीद किया जाना चाहिए कि देश में वन क्षेत्र लगातार बढ़ते रहेंगे।

पूर्ण सत्य

धर्म-प्रवाह

साध्वी मनीषा

स्वांसों के भीतर पूर्ण सत्य में विवेक रूपी अग्नि होती है। जैसे सोने को आग में डालने से वह निखर कर शुद्ध हो जाता है ऐसे ही मन क्रियाओं के अभ्यास से स्वांसों के भीतर की अग्नि में निखर कर पवित्र हो जाता है। लेकिन ज्ञान कुंजी के मौखिक ज्ञान में अग्नि नहीं है, सिर्फ राख है। राख को लपेटे हुए तो हम बहुत साधु देखते हैं लेकिन स्वांसों के भीतर की विवेक रूपी आग मन को निखार कर शुद्धता में बदलती है, राख बिल्कुल नहीं बदलती। ज्ञान कुंजी के मौखिक ज्ञान की राख कितनी भी लपेट लो, मन नहीं जलेगा और न ही बदलेगा। मौखिक ज्ञान कान का संग्रह है। उसके जीवन से गंध तो अज्ञान की आ रही है लेकिन मन में ज्ञान भरा हुआ है। स्वांसों का पूर्ण सत्य दर्शन से आता है जो भीतर की आंख का अनुभव होता है। मन पक्ष और विपक्ष में तर्क वितर्क इकट्ठे कर सकता है। बुद्धि चिंतन करके गलत सही का निर्णय कर सकती है लेकिन विवेक को निर्णय लेने की जरूरत नहीं पड़ती, यह चेतना की ऐसी अवस्था है जहां सही गलत का कोई विकल्प होता ही नहीं है बल्कि भीतर की आंख से सिर्फ और सिर्फ सत्य दिखाई पड़ता है। जिन्होंने अभ्यास से मन को स्वांसों के साथ एकाकार करके हृदय में विवेक का रोपण किया है वो ही ज्ञानी है बाकी सब अज्ञानी हैं। क्रियाओं के अभ्यास में ज्ञान कुंजी देखने और सुनने का तो सवाल ही पैदा नहीं होता बल्कि हृदय के अनुभव से विवेक उत्पन्न होता है। यह चेतना की ऐसी अवस्था है जहां मन है ही नहीं, जहां सब विचार खो जाते हैं।

बहुसंख्यकवादी राष्ट्र बनने जा रहा है भारत

नए नागरिकता कानून (सीएए) और नागरिक होने की प्रामाणिकता (एनपीआर और एनआरसी) को लेकर चल रही बहस ने आधुनिक भारत के आधारभूत विचार पर आरोपित किए जा रहे नए प्रारूप को एक बेरहम रोशनी में हमारे सामने पेश कर दिया है। वैसे यह प्रारूप इतना नया भी नहीं है। अस्सी के दशक से ही यह भारत के आधारभूत विचार में धीरे-धीरे सेंध लगा रहा था। सेंधमारी करने वाली शक्तियां उस समय सुपरिभाषित रूप से हिदुत्ववादी नहीं थीं, पर केवल उनके वस्त्र ही सफेद थे। उनमें और पिछले साढे.पांच साल में चले सिलसिले में अंतर केवल यह है कि अब इस सेंध ने पूरी दीवार ही गिरा दी है। जो रिसाव था, वह अब प्रवाह में बदल गया है।

चार वैचारिक कल्पनाएं

हिदुत्व के नाम पर व्याख्यायित सांस्कृतिक राष्ट्रवाद भारत के विचार पर लगभग पूरी तरह छा गया है। हिदुत्व का प्रतिनिधित्व करने वाली बीजेपी मजबूती से सत्ता में है, लेकिन चुनावी राजनीति के उतार-चढाव के कारण इस दल के सत्ता से हटने की सूरत में भी भारत के विचार को उत्तरोत्तर हिदुत्वमय होने से रोकने की संभावनाएं शेष नहीं रहने वाली। कुल मिला कर देश का अगला दशक बिना किसी संकोच के बहुसंख्यकवादी दशक होगा। संविधान अपनी जगह रहेगा, लेकिन, उसकी कृति के रूप में भारतीय राज्य और समाज केवल शब्दों में उसकी नुमाइंदगी करते दिखेंगे। हिदुत्व के हाथों पलटा जा रहा भारत का बुनियादी विचार उपनिवेशवाद विरोधी आंदोलन के दौरान परवान चढा था। उसकी शक्ल-सूरत बीसवीं सदी की शुरुआत में उभरी चार राष्ट्रव्यापी वैचारिक कल्पनाओं के बीच मुठभेड़ और सहयोग की विरोधाभासी प्रक्रियाओं से बनी थी।

इनमें से एक पर गांधी-नेहरू की छाप थी। इसका आग्रह था कि राज्य-निर्माण और उसके लिए किए जाने वाले राजनीतिकरण का सिलसिला समाज को धीरे-धीरे भारतीय मर्म से संपन्न आधुनिक समरूपीकरण की ओर ले जाएगा। दूसरी पर सावरकर-मुंजे का साया था। इसका सांस्कृतिक-राजनीतिक प्रॉजेक्ट 'पुण्य-भू' और 'पितृ-भू' की श्रेणियों के जरिये जातियों में बंटे हिदू समाज को राजनीतिक-सामाजिक एकता की ग्रिड में बांधने का था। तीसरी पर फुले-आंबेडकर का विचार हावी था और वह सामाजिक प्रश्न को राजनीतिक प्रश्न पर प्राथमिकता देते हुए भारत में अंग्रेजों की उपस्थिति को तटस्थ शक्ति के रूप में देखती थी। चौथी कल्पना क्रांतिकारी भविष्य में रमी हुई थी और स्वयं को मार्क्सवाद-लेनिनवाद के वैश्विक आग्रहों से संसाधित करती थी।



-अभय दूबे

गांधी-नेहरू कल्पनाशीलता ने अन्य कल्पनाओं के मुकाबले अधिक लचीलापन और सर्वसमावेशी रुझान दिखाते हुए आजाद भारत की कमान संभालने में कामयाबी हासिल की। दरअसल, उसके आगोश में जितनी जगह थी, उसका विन्यास बड़ी चतुराई के साथ किया गया था। वहां पीछे छूट गई बाकी कल्पनाओं के विभिन्न तत्वों को भी जगह मिली हुई थी। इस धारा की खास बात यह थी कि उसमें लोकतंत्र को लगातार सताते रहने वाले बहुसंख्यकवादी आवेग से निपटने की नैर्सिगक चेतना थी। इसका प्रतिनिधित्व करने वाली राजनीतिक शक्तियों ने सुनिश्चित किया कि यह आवेग किसी भी तरह से 'दुष्टतापूर्ण' रूप न ग्रहण कर पाए और लगातार 'सौम्य' बना रहे। इस उद्यम के पीछे एक आत्म-स्वीकृति यह थी कि बहुसंख्यकवादी आवेग को खत्म तो नहीं किया जा सकता, लेकिन उसका प्रबंधन अवश्य किया जा सकता है। इसी राजनीतिक प्रबंधन के पहले दौर को विद्वानों ने 'कांग्रेस सिस्टम' का नाम दिया है। साठ के दशक के बाद यह प्रबंधन धीरे-धीरे कमजोर होने लगा और इसके क्षय का लाभ उठा कर बाकी तीनों कल्पनाओं ने अपनी दावेदारियां मुखर करनी शुरू कर दीं।

> गांधी-नेहरू कल्पनाशीलता ने अन्य कल्पनाओं के मुकाबले अधिक लचीलापन और सर्वसमावेशी रुझान दिखाते हुए आजाद भारत की कमान संभालने में कामयाबी हासिल की। दरअसल, उसके आगोश में जितनी जगह थी, उसका विन्यास बड़ी चतुराई के साथ किया गया था।

सत्तर के दशक से आज तक गांधी-नेहरू कल्पनाशीलता बाकी तीनों धाराओं की आक्रामकता से भिड़ती रही और पराजित होकर सिकुड़ती चली गई। स्वयं को खत्म होने से बचाने के लिए अस्सी के दशक में इसने बहुसंख्यकवाद को प्रबंधित करने की अपनी पुरानी प्रौद्योगिकी को छोड़ दिया, और इसके भीतर मौजूद बहुसंख्यकवादी रुझानों को उभारने में जुट गई। नतीजा वही निकला जिसकी अभिव्यक्ति 'बम्बई का फ्यूहरर' कहे जाने वाले बाल ठाकरे के शब्दों में हुई। ठाकरे ने इंदिरा गांधी द्वारा हिदू वोट बैंक बनाने की रणनीति अपनाने पर टिप्पणी करते हुए कहा था कि 'अगर बीबी इंदिरा ऐसा कर सकती हैं, तो हम यह काम उनसे भी अच्छी तरह से कर सकते हैं।'

यही वह दौर था जब विभिन्न बहुसंख्यकवादों की खुली होड़ सार्वजनिक जीवन पर छा गई। आनंदपुर साहिब प्रस्ताव के रूप में सिख बहुसंख्यकवाद, कश्मीर घाटी में मुस्लिम बहुसंख्यकवाद, उत्तर-पूर्व में ईसाई बहुसंख्यकवाद और उत्तर-मध्य भारत में बहुजन थीसिस के जरिए प्रर्वितत जातियों का बहुसंख्यकवाद बीजेपी-संघ के खुले और कांग्रेस के छिपे हिंदू बहुसंख्यकवाद के साथ प्रतियोगिता करता नजर आया। इस प्रतियोगिता का संचित परिणाम क्या निकला/ 2004 और 2009 में कांग्रेस की चुनावी जीत के दौरान भी आंकड़ों ने दिखाया कि हिदुओं के वोटों में बीजेपी की तरफ ध्रुवीकरण का रुझान है। आज चुनाव में जीत-हार किसी की भी हो, हमारी आधुनिकता का प्रत्यय पूरी तरह से हिंदुत्ववादी हो गया है। संघ परिवार हिदू समाज की जातिगत संरचना में बिना अधिक छेड़छाड़ किए हुए उसके ऊपर राजनीतिक एकता की ग्रिड डालने में कामयाब हो गया है।

कर्तव्य वाला तंत्र

हिंदू होने की प्रतिक्रियामूलक चेतना सार्वजनिक जीवन का स्वभाव बन चुकी है। लोकतंत्र के केंद्र में पुलिस, फौज, अर्धसैनिक बलों और सरकार के आज्ञापालन का विचार स्थापित करने की प्रक्रिया जोर पकड़ रही है। प्रतिरोध, व्यवस्था-विरोध और असहमति के विचार लगभग अवैध घोषित कर दिए गए हैं। एक नया भारत बन रहा है, जिसमें उस भारत की आहट भी नहीं है जिसे गांधी-नेहरू कल्पनाशीलता ने बनाना शुरू किया था।

खास बात

शह-मात का खेल

विकास सक्सेना

लोकसभा चुनाव में भाजपा को हरा कर मोदी को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री की कुर्सी तक पहुंचने से रोकने के लिए बनाए गए विपक्षी गठबंधन के नेता फिलहाल एक-दूसरे के खिलाफ ही षड़यंत्र रचने में जुटे हैं। वे खुले मंचों से एक- दूसरे के खिलाफ अपशब्दों का प्रयोग कर रहे हैं। क्षेत्रीय दलों के निशाने पर सबसे ज्यादा कांग्रेस और उसके नेता हैं। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की नेता वृंदा करात, केरल के मुख्यमंत्री पी विजयन और समाजवादी पार्टी नेता अखिलेश यादव जिस तरह कांग्रेस की नीतियों और नेताओं पर निशाना साध रहे हैं, उससे राजनैतिक हलकों में इस बात की चर्चा होने लगी है कि विपक्षी गठबंधन के ये नेता भाजपा को हराने के लिए एकजुट हुए हैं या फिर उनका उद्देश्य कांग्रेस को खत्म करना है।

बिहार की लोकसभा की कुल 40 सीटों में से राजद और जदयू ने 17-17 सीटें आपस में बांट ली हैं। बाकी बची छह सीटें कांग्रेस और वामपंथी दलों के लिए छोड़ी गई हैं। लोकसभा चुनाव 2019 में जदयू भाजपा के साथ गठबंधन में शामिल थी और उसने अपने हिस्से की 17 सीटों पर प्रत्याशी उतार कर 16 पर जीत हासिल की थी। इसलिए जदयू 17 से कम सीटों पर चुनाव लड़ने के लिए तैयार नहीं है। अब यह देखना काफी रोचक होगा कि क्या कांग्रेस और वामपंथी दल महज छह सीटें पाकर संतुष्ट रह पाएंगे।

राजद और जदयू ने जिस तरह बिहार की लोकसभा सीटों को आपस में बांट लिया इसे कांग्रेस पर दबाव बनाने की रणनीति के तौर पर देखा जा रहा है। दरअसल विपक्षी गठबंधन की बैठक में बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के लिए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के नाम का प्रस्ताव रख दिया। उनके प्रस्ताव का अरविन्द केजरीवाल ने समर्थन कर दिया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे दलित समाज से आते हैं इसलिए कोई भी नेता उनके इस प्रस्ताव का विरोध करने का साहस नहीं जुटा सका। लेकिन इस प्रस्ताव पर कोई सहमति भी नहीं बन सकी। फिर

अब होगा न्याय का दंगल !भारत की होनहार बेटियों के साथ दुर्व्यवहार, देश का गौरव बढ़ाने वाले खिलाड़ियों को धोखा - बीजेपी क्या ये विरासत दे रही है देश को।

स्वाभिमान और सम्मान - भारत के पहलवानों की बस इतनी सी मांग है।

- राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

रोचक ट्वीट

सुविधा और सम्मान के लिए दशकों से तरसती देश की एक बहुत बड़ी आबादी को पिछले 10 वर्षों मेंआवास,ईंधन,खाद्यान्न,इलाज,पेयजल ा, बिजली,शौचालय जैसी तमाम सुविधाएं मिली हैं।

- अन्नपूर्णा देवी, कन्द्रीय मंत्री



निरंतर स्वाध्याय पारायण रहें। स्वाध्याय अस्तित्त्व बोध एवं आत्मज्ञान की संप्राप्ति में सहायक है। अनंत सामर्थ्य और दिव्यता की अनुभूति एवं शाश्वत शान्ति व आह्लाद की प्राप्ति आत्म ज्ञान के बिना संभव नही है।

-अवधेशानंद गिरी

धरती को बचाने की मुहिम तेज हो 2024 में

भारत डोगरा

विश्व स्तर पर हम इस समय इतिहास के ऐसे दौर से गुजर रहे हैं, जिसमें मनुष्य के सामने पर्यावरण व सुरक्षा के क्षेत्रों में ऐसी अभूतपूर्व चुनौतियां हैं जिनसे धरती की जीवनदायिनी क्षमताएं खतरे में हैं। यदि इस नजरिए से वर्ष 2019 को देखें तो इन चुनौतियों का सामना करने में यह वर्ष भी अपेक्षित सफलता प्राप्त नहीं कर सका। दुनिया के कुछ भागों में महत्वपूर्ण मुद्दे उठाने वाले कई आंदोलनों में उभार आया तो है, पर अभी यह इतना व्यापक या मजबूत नहीं है कि इससे बहुत उम्मीद बन सके। दूसरी ओर अमेजन वनों के बहुत बड़े क्षेत्र में तबाही व आग से संकेत मिला कि धरती की रक्षा संबंधी वैज्ञानिकों की तमाम चेतावनियों का खतरनाक हद तक तिरस्कार भी हो सकता है। संयुक्त राष्ट्र जलवायु सम्मेलन में स्वीडन की 16 वर्षीय पर्यावरण ऐक्टिविस्ट ग्रेटा थनबर्ग ने अपने संबोधन में संसार के तमाम बड़े नेताओं पर ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन से निपटने में नाकाम रहने और इस तरह नई पीढ़ी से विश्वासघात करने का आरोप लगाया। हम सामूहिक विलुप्ति के कगार पर हैं और आप पैसों के बारे में तथा आर्थिक विकास की काल्पनिक कथाओं के बारे में बातें बना रहे हैं। लेकिन उसके भाषण की तारीफ करने के अलावा राष्ट्राध्यक्षों ने शायद ही कुछ और किया। स्पेन की राजधानी मैड्रिड में अब तक का सबसे लंबी अवधि तक चला सम्मेलन कॉप 25 बिना किसी परिणाम के समाप्त हो गया। दरअसल कुछ बड़े देशों की हठधर्मिता के कारण पर्यावरण का मुद्दा फंस गया है।

पर्यावरण

विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ) की एक रिपोर्ट 'द स्टेट ऑफ द ग्लोबल क्लाइमेट' में साफ कहा गया है कि राजनेताओं के रवैये के कारण पेरिस संधि का लक्ष्य निर्धारित समय पर तो क्या, देर से भी पूरा होना कठिन है, जिसके चलते हालात सुधरने के बजाय दिनोंदिन और बिगड़ते ही जा रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक कार्बन उत्सर्जन में कमी न आ पाने के चलते ही बीते पांच साल धरती के दर्ज इतिहास में पांच सबसे गर्म सालों के रूप में दर्ज हो गए हैं।

हथियारों को रोकने के लिए कोई बड़ी पहल नहीं हुई। अमेरिका और रूस के बीच इन हथियारों के उपयोग को रोकने के समझौते और कमजोर पड़े। तमाम चेतावनियों को दरकिनार करते हुए रोबॉट या एआई (आर्टिफिशल इंटेलिजेंस) हथियारों में भारी निवेश जारी रहा। ईरान, इराक, तुर्की, मिस्र, इजरायल, सऊदी अरब जैसे मध्य-पूर्व के सभी प्रमुख मुल्कों की आंतरिक स्थिति भी चिंताजनक बनी रही।

अफ्रीका के अनेक देशों में आजीविका व आंतरिक हिंसा के संकट बढ़ रहे हैं। इस तरह 2018-19 के दशक के अंतिम वर्ष के विषय में कहा जा सकता है कि यह काफी हद तक खोए अवसरों का वर्ष रहा। वर्ष 2018 के अंत में ही विश्व के जलवायु विशेषज्ञों के सबसे प्रतिष्ठित समूह ने यह चेतावनी घोषित कर दी थी कि जलवायु बदलाव के संकट के समाधान के लिए 2030 तक का ही समय बचा है। इसलिए वर्ष 2019-30 के दौरान इस संकट को कम करने के लिए बहुत बड़े प्रयासों की जरूरत है। इस चेतावनी के बावजूद इन प्रयासों में वर्ष 2019 में कोई बड़ा उभार नहीं आ सका। दूसरी ओर अमेरिका जैसे अधिक महत्वपूर्ण देश में सरकारी स्तर पर इस अहम जिम्मेदारी के प्रति अवहेलना बढ़ती नजर आई।

हमारे सामने नया वर्ष 2020 है। यह केवल एक नए वर्ष 2020 के आरंभ का समय नहीं है बल्कि एक दशक 2020-30 के आरंभ का समय है। एक ऐसा दशक जिसके बारे में कहा जा रहा है कि संभवत? यह मनुष्य इतिहास का सबसे महत्वपूर्ण दशक होगा क्योंकि इसी दशक में मनुष्य को यह तय करना है कि धरती की जीवनदायिनी क्षमता की रक्षा होनी है या नहीं।

खबरों के लिए अखबार से मोबाइल पर जाती जिंदगी

चंद्रभूषण

भालचंद्र नेमाडे के उपन्यास 'हिदू' में एक उत्साही पत्रकार सत्ता की मार खाने के बाद अपनी अखबार पढने की लत छुड़ाने एक बाबाजी के पास जाता है। यह एक गंभीर किस्सा है और बाबाजी का नुस्खा भी पढने में कारगर जान पड़ता है। लेकिन यह लाइलाज लत पत्रकार से छूटती है या नहीं, यह बताने से पहले ही कथा कोई और मोड़ मुड़ जाती है। पत्रकारिता के दायरे में यह कहावत बहुत घिस चुकी है कि खबर का कीड़ा जिसको भी एक बार काट ले, इसका जहर उसके दिमाग से जीते जी नहीं उतरता। मुझे इस कीड़े ने ग्रैजुएशन के तुरंत बाद काटा था और सुबह के डेढ-दो घंटे अखबारों के साथ गुजारना हाल-हाल तक जीवन का एक अहम रुटीन बना रहा। आज भी अखबार समय से नहीं आता तो वजह जानने के लिए एक चक्कर कॉलोनी के गेट तक लगा आता हूं, लेकिन चौराहे तक जाकर दुकान से खरीद लाऊं, वैसी बेचैनी अब नहीं होती। खबरें फोन पर देखना पिछले तीन-चार सालों से जिदगी की आदतों में शामिल हो गया है, लेकिन ज्यादा बड़ी बात यह कि खबरों की प्राथमिकता बदल गई है। कहीं अवचेतन में यह बात घर कर गई है कि खबरें कुछ निहित स्वार्थों के हिसाब से चुनी जाती हैं, और उनकी बनावट ताकतवर लोगों को फायदा और कमजोर को नुकसान पहुंचाने वाली होती हैं। ऐसे में अधिक से अधिक स्रोतों से खबरें देखी जाएं और अगर हो सके तो मौके पर मौजूद लोगों के प्रत्यक्ष अनुभव से उनकी तस्दीक की जाए। इस एहतियात के बावजूद जिन जरूरी चीजों के बारे में सूचनाएं आनी चाहिए, वे हमारी नजरों से ओझल रह जाती हैं। हम ब्राजील और ऑस्ट्रेलिया के जंगलों में लगी आग, वहां कोआला जैसे जीवों की तबाही और कैलिफोर्निया में खाक हो रही सिलेब्रिटीज की हवेलियों के बारे में बहुत कुछ जानते हैं लेकिन उत्तराखंड की आग के नाम पर सन्नाटा ही हमारे हाथ लगता है।

मीडिया

बीच में सब धुंधला

सूचनाओं पर पैसे और पॉलिटिक्स का कब्जा वह सबसे बड़ी वजह है, जिसके चलते नई पीढी अखबार और टीवी ही नहीं, बड़े मीडिया घरानों के ऑनलाइन कॉन्टेंट को भी धेले भर का भाव नहीं दे रही। यूट्यूब और इंस्टाग्राम के जरिए छोटे-छोटे अनाम स्रोतों से आए विडियो कॉन्टेंट पर भरोसा करने वाली 13 से 19 साल उम्र की इस ग्लोबल आबादी ने ही ग्रेटा थनबर्ग जैसी पर्यावरण नायिका को आकार दिया है। बहरहाल, मीडिया चाहे पारंपरिक हो या सोशल, उसका अर्थशास्त्र अंततः विज्ञापनों पर ही टिका है। इसलिए किसी भी मीडिया के जरिये सत्य तक पहुंचने की एक सीमा है।

बस, सूचनाओं के स्रोत नए हों और उनकी तादाद ज्यादा हो तो इसकी संभावना बढ. जाती है। ज्यादा बड़ी बात हर तरह की सत्ता को संदेह से देखने और अपनी कसौटियों को दुरुस्त रखने की है, जो तभी हो पाएगा जब कुछ समय सिर्फ अपने साथ बिताने की सुविधा आप खुद को दें।

लेटर टू एडिटर

मंदी से परेशानी

मंदी से हर कोई परेशान है। उद्योग-व्यापार बुरे दौर से गुजर रहे हैं। पहले ही हमारे यहां बेरोजगारी चरम पर है। बेरोजगारी दर पिछले छह वर्षो के अधिकतम स्तर पर है। वित्तीय क्षेत्र की ऐसी हालत कभी नहीं रही है। अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष ने अपनी रिपोर्ट में भारत की मंदी को गंभीर संकट बताया है। मंदी से उबरने के लिए प्रभावी कदम शीघ्र ही उठाने होंगे। लोगों की आय बढे, इसके प्रभावी प्रयास करने होंगे।

-इकबाल, रांची

हमारे अधिकार-कर्तव्य

एक तरफ तो हम इस लोकतंत्र में अपने मौलिक अधिकारों को कभी नहीं भूलते, जरूरत पड़ने पर हम अपने मौलिक अधिकारों के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाते हैं। पर क्या इतनी सतर्कता हम सभी अपने मौलिक कर्तव्यों पर भी दिखाते हैं। नागरिकता संशोधन विधेयक पर देशभर में हुए विरोध ने करोड़ों रु पये की सरकारी संपत्ति बर्बाद की है। इस पर रोक लगना चाहिए।

-सुनीता सिन्हा, बोकारो

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज

स्पेल बी में छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

रामगढ़ । श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल के छात्र कौशल की खोज के लिए कई प्रतियोगिताओं में भाग लेते हैं। कक्षा 3-8 तक के 122 छात्रों ने स्पेल बी इन स्कूल प्रतियोगिता में भाग लिया। जिनमें से 74 छात्रों ने अंतर स्कूल प्रतियोगिता के लिए अर्हता प्राप्त की। छात्रों ने प्रदर्शन के लिए प्रमाण पत्र अर्जित किया । प्राचार्य हरजाप सिंह ने कहा कि इन प्रतियोगिताओं के कारण छात्र शिक्षा में अच्छे परिणाम के लिए प्रतिस्पर्धा करना सीखते हैं और अपने भाषा कौशल का विकास करते हैं। उन्होंने कहा कि इन प्रतियोगिताओं से युवा दिमागों को वर्तनी कौशल, संचार कौशल, शब्दावली, अवधारणाओं को समझने, उच्चारण में सुधार करने के लिए प्रेरित करती है और इस तरह अंग्रेजी भाषा के सही उपयोग के लिए प्रेरित करती है। विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य सरदार हरपाल सिंह अरोरा, सरदार परमिंदर सिंह जस्सल, सरदार कुलजीत सिंह कालरा, सरदार मनमोहन सिंह लांबा, सरदार परमजीत सिंह चमन, सरदार हरदीप सिंह, सरदार पुष्पिंदर सिंह छाबड़ा, सरदार कुलजीत सिंह छाबड़ा, सरदार ब्रह्म भसीन, सरदार इंद्रपाल सिंह सैनी, सरदार विक्रमजीत सिंह कोहली और मीडिया प्रभारी सरदार करमजीत सिंह जग्गी ने छात्रों के प्रयास की सराहना की और उन्हें इंटर स्कूल प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दीं।

श्मशान घाट के लिए विधायक ने की अनुशंसा

कुजू। मांडू विधायक जय प्रकाश भाई पटेल ने दिगवार नदी के किनारे विद्युत संचालित श्मशान घाट निर्माण को लेकर रामगढ़ नगर परिषद कार्यपालक अभियंता को अनुशंसा की। उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पूर्व भाजपा रामगढ़ नप अध्यक्ष मनोज गिरि ने दिगवार नदी के किनारे श्मशान घाट निर्माण को लेकर मांडू विधायक जय प्रकाश भाई पटेल को आवेदन दिया था। जिसमें उन्होंने कहा था कि आये दिन उक्त नदी के किनारे ग्रामीणों द्वारा दाह-संस्कार का कार्य किया जाता है। ऐसे लकड़ी का आभाव होते जा रहा है। जिसके कारण लोगों को काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। मनोज गिरि ने विद्युत संचालित श्मशान घाट निर्माण कराने की मांग किया था। जिसके बाद विधायक द्वारा नगर परिषद कार्यपालक अभियंता को अनुशंसा पत्र भेजा गया।

सड़क दुर्घटना में दो युवक घायल

कुजू। ओपी क्षेत्र के सांडी ऋषि कांटा के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आकर बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। बाद में घायलों को इलाज के लिए स्थानीय नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया। बताया जाता है कि केरीबंदा निवासी दिलीप टुडू और राजेश हेंब्रम बाइक संख्या जेएच24जे 3869 पर सवार होकर रामगढ़ से अपने घर लौट रहे थे। इसी क्रम में कांटा के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आकर सड़क पर गिर गए। जिससे वह घायल हो गए।

पांच बच्चों को मदद करेगा टाटा स्टील

कुजू। टाटा स्टील प्लांट द्वारा संचालित फेलोशिप में राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय मुरपा के पांच बच्चों को चयन हुआ है। कंपनी द्वारा आयोजित प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों का चयन हुआ है। मौके पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका मीना कुमारी ने बताया कि टाटा स्टील प्लांट द्वारा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति बच्चों के लिए उक्त प्रतियोगिता आयोजित किया गया था। जिसमें हमारे विद्यालय के पांच बच्चों का चयन हुआ है। अब इन बच्चों का लगातार पांच वर्षों तक पढ़ाई के लिए कपनी द्वारा सहायता राशि दिया जायेगा।

स्वास्थ्य उप केंद्र में बिजली- पानी नहीं

रजरप्पा। चितरपुर प्रखंड के सुकरीगढ़ा (लारी) पंचायत स्थित स्वास्थ्य उप केंद्र में बिजली, पानी नहीं होने से कर्मी और मरीज परेशान है। लोग बाहर जाकर अपनी प्यास बुझा रहे हैं। डॉ. एव एएनएम ने बताया कि केंद्र परिसर में लगे बोरिंग की मशीन खराब है। केंद्र पर बिजली कनेक्शन नहीं होने से परेशानी हो रही है। बताते चले कि सरकार ने लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं देने के उद्देश्य से लाखों रुपये खर्च कर उप स्वास्थ्य केंद्र का तो निर्माण करा दिया, लेकिन इस स्वास्थ्य केंद्र में कई महीनों से बिजली व पानी की समस्या बनी हुई है। इससे यहां मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मुखिया दिल्ली कुमारी ने जिला प्रशासन से माग की है कि स्वास्थ्य केंद्र में बिजली व पानी की सुविधा का प्रबंध किया जाए, ताकि लोग इन सुविधाओं के बाद स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ पूर्ण रूप से मिल सके।

विद्यालय में खुला पुस्तकालय

भुरकुंडा (रामगढ़)। पीरामल फाउंडेशन के तत्वावधान में नवसृजित प्राथमिक विद्यालय हुरुमगढ़ा में गुरूवार को पुस्तकालय का उद्घाटन जवाहर नगर पंचायत की मुखिया फुलमती देवी व पूर्व मुखिया प्रदीप मांझी ने संयुक्त रूप से किया। निशा वर्मा ने बताया कि बच्चों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए पुस्तकालय का निर्माण पीरामल फाउंडेशन और शिक्षकों व छात्रों के सहयोग से किया गया। निशा वर्मा ने बताया की स्कूल के शिक्षकों ने उन्हें बताया था की स्कूल में लगातार बच्चों की संख्या में कमी आ रही है। कुछ बच्चे स्कूल आना पसंद नहीं करते हैं। इसी को देखते हुए स्कूल में पुस्तकालय का निर्माण कराया गया है। निशा वर्मा ने कहा की बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने के लिए स्कूल में पढ़ाई के अलावा अन्य गतिविधियों की भी व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होंने कहा की बच्चों की बेहतर वातावरण देने व उपस्थिति बढ़ाने के लिए स्कूल को और मनमोहक बनाया जायेगा। साथ ही आने वाले दिनों में स्कूल में किचन गार्डन का भी निर्माण किया जाएगा। मौके पर मुखिया फुलमती देवी ने कहा की यह पुस्तकालय बच्चों के लिए काफी लाभदायक सिद्ध होगा। उन्होंने कहा की बच्चों को पठन-पाठन में किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होने दी जायेगी।

हजारीबाग : पोशाक घोटाले की जांच शुरू, संचिकाएं सीज

संदीप सिन्हा/खबर मंत्र संवाददाता

- प्राथमिक शिक्षा निदेशक नेहा अरोड़ा पांच सदस्यीय टीम के साथ डीएसइ कार्यालय पहुंची
- सरकार को सौंपी जायेगी रिपोर्ट

हजारीबाग। स्कूली बच्चों को दिए जाने वाले पोशाक की क्वालिटी बेहद खराब होने की शिकायत पर गुरूवार को प्राथमिक शिक्षा निदेशक नेहा अरोड़ा पांच सदस्यीय टीम के साथ डीएसई आफिस जांच के लिए पहुंची। दरअसल कक्षा तीन से आठ तक के करीब डेढ़ लाख बच्चों को लगभग 12 करोड़ की राशि से पोशाक सहित जूता-मौजा, स्वेटर, दुपट्टा आदि दिया जाना था। प्रावधानों के मुताबिक इन्हें डीबीटी(डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) के तहत राशि दी जानी थी। लेकिन उन्हें पोशाक दिया गया। इसमें झारखंड शिक्षा परियोजना और जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय की मुख्य भूमिका रही। नियमानुसार न विज्ञापन निकाला गया और न ही कम पैसे में बेहतर क्वालिटी के पोशाक के बारे में विमर्श किया गया। इससे इतर अपने चहेते आपूर्तिकर्ता को पोशाक आपूर्ति की जिम्मेवारी दे दी गई। जब उंगलियां उठीं और झारखंड विधानसभा में मामला गूंजा, तो जांच के लिए हजारीबाग में टीम पहुंची। जांच टीम की हेड प्राथमिक शिक्षा निदेशक ने मीडिया के सवालों पर कहा कि वह हर पहलुओं को बारीकी और सूक्ष्मता से जांच कर रही हैं। जो भी मामला सामने आएगा, पूरी रिपोर्ट सरकार को सौंपेंगी। इसी कड़ी में इस मामले से संबंधित सारी संचिकाएं सीज कर ली गईं है। जांच टीम में झारखंड शिक्षा परियोजना के प्रशासी पदाधिकारी जयंत मिश्रा, पलामू के आरडीडीई शिवेंदु कुमार और स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग के उप सचिव अनंत कुमार शामिल थे।

इस दौरान प्राथमिक शिक्षा निदेशक ने डीएसई संतोष गुप्ता, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारियों समेत झाशिप पदाधिकारियों व कर्मियों से विभिन्न बिन्दुओं पर पूछताछ की और संबंधित संचिकाएं को सूक्ष्मता से खंगाला। सूत्रों की मानें, तो इस दौरान शिक्षा

सदर विधायक ने सदन में उठाया था मामला

हजारीबाग में पोशाक घोटाले का मामला सदर विधायक मनीष जायसवाल ने बीते सत्र में विधानसभा में जोर-शोर से उठाया था। पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने भी सवाल उठाते हुए पूरे मामले में निष्पक्षता, पारदर्शी और ईमानदारी से जांच की मांग उठाई थी।

पदाधिकारियों को फटकार भी लगाई कि नौनिहालों से खिलवाड़ न करें और नियम विरुद्ध पोशाक वितरण कर इसे कारोबार न बनाएं। जांच शुरू होते ही पोशाक घोटाले में शामिल पदाधिकारी, कर्मी और आपूर्तिकर्ता सकते में हैं। बताया जाता है कि पर्दे के पीछे से इस घोटाले में एक शिक्षक नेता और डीएसई आफिस के भ्रष्ट लिपिक की भी बड़ी भूमिका है। भ्रष्ट इसलिए कि प्रमंडल के एक वरीय पदाधिकारी उस लिपिक पर भ्रष्टाचार के आरोप में कार्रवाई कर चुके हैं। इस मामले में जिले के एक वरीय पदाधिकारी ने भी पत्राचार कर नकारात्मक टिप्पणी की है।

घोटाले के बड़े सवाल

पोशाक घोटाले में कई बड़े सवाल उठ रहे हैं। आपूर्तिकर्ता कजरी कॉटन चरही और मार्शल बुनकर सहयोग समिति बोदरा चुरचू दोनों के संचालक एक ही व्यक्ति बताए जा रहे हैं। इस संस्था के पास के पास 100 पोशाक निर्माण की क्षमता नही है, उसे 70 हजार पोशाक की जिम्मेवारी कैसे दे दी गई। सिर्फ कागज पर संस्था संचालित बताया जा रहा है। निर्माण की जगह बाजार से खरीद कर पोशाक आपूर्ति करने का आरोप है। बताया जा रहा है कि एक शिक्षक नेता के मित्र की दुकान से संस्था को पोशाक आपूर्ति की गई। यह भी जांच की एक अहम कड़ी होनी चाहिए। विभाग की ओर से निविदा या विज्ञापन नहीं निकाल अन्य महिला समूह को आमंत्रित नहीं कर एकल व्यक्ति को आखिर काम देने की नौबत क्यों आयी। पक्षपोषित वेंडरों ने बेमेल पोशाक भेजा। कहीं जूता है, तो मौजा नहीं, कहीं गया भी तो एकदम छोटा। बड़ी बच्चियों को दुपट्टा नहीं मिला, स्वेटर भी एकदम छोटा। ऐसी कई शिकायतें आती हैं। नियम विरुद्ध दूसरे जिले लोहरदगा के सक्षम उत्पादक समूह को कार्यादेश देने का औचित्य ही क्या था, जबकि डीबीटी करने का आदेश प्राप्त है। जिस समूह के पास प्रतिदिन 100 पोशाक निर्माण करने की क्षमता नहीं है, उसे 70 हजार बच्चों का पोषक आपूर्ति का जिम्मा क्यों दे दिया गया। सरकारी विद्यालय में बच्चो के पोशाक वितरण में अन्य कई गड़बड़झाले हैं।

मां छिन्नमस्तिका मंदिर में अधूरे काम होंगे पूरे

खबर मन्त्र संवाददाता

रामगढ़ के डीसी ने की बैठक, दिये कई निर्देश

रामगढ़। मां छिन्नमस्तिका मंदिर के लंबित व अधूरे विकास को लेकर गुरुवार को उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता में रजरप्पा मंदिर परिक्षेत्र अंतर्गत प्रशासनिक भवन के सभाकक्ष में बैठक हुई। इस दौरान पर्यटन निदेशालय रांची के उपनिदेशक राज महेश्वरण भी बैठक में उपस्थित थे।

उपायुक्त ने जेएसबीसीसीएल एवं अन्य संबंधित अधिकारियों से रजरप्पा मंदिर परिक्षेत्र अंतर्गत लंबे समय से लंबित एवं अधूरे पड़े विकास कार्यों आदि की विस्तार से जानकारी ली। उपायुक्त ने कहा कि मां छिन्नमस्तिका सिद्ध पीठ रजरप्पा मंदिर राज्य का एक प्रमुख पर्यटन स्थल है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु दूर-दूर से यहां आते हैं इसलिए यह बहुत जरूरी है कि परिसर में जो भी विकास कार्य किसी कारणवश लंबित अथवा अधूरे पड़े हैं उन्हें पूर्ण करने हेतु प्रभावी तरीके से योजना बनाई जाए। इसके लिए उपायुक्त ने अधिकारियों को पूरे मंदिर परिसर का अच्छे तरीके से आकलन कर अब तक हुए कार्यों व अधूरे पड़े कार्यो का जायजा लेने एवं उन्हें पूर्ण करने हेतु योजना तैयार करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि जिन योजनाओं एवं मूलभूत सुविधाओं का कार्य थोड़े बचे कार्यों के कारण लंबित है उन्हें शुरूआती चरण में चिन्हित कर त्वरित रूप से उन पर कार्य किया जाए जिसके उपरांत अन्य सुविधाओं व योजनाओं को चयनित करने का कार्य किया जाए।

उपायुक्त ने रजरप्पा मंदिर परिसर में बस स्टैंड, पार्किंग, प्रसाद सेंटर, ब्रिज, शौचालय आदि का कार्य पूर्ण करने को लेकर कई महत्त्वपूर्ण निर्देश दिए। बैठक में नजारत उप समाहर्ता रामगढ़, रजरप्पा मंदिर प्रबंधन समिति के सदस्यो, विभिन्न अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

लोकसभा चुनाव को ले डीसी ने की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

रामगढ़। लोकसभा चुनाव को लेकर गुरुवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार व एसपी पीयूष पांडे ने अधिकारियों के साथ की बैठक। उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र गुप्ता ने कोषांगों की जानकारी दी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने निर्वाचन समन्वय कोषांग सहित अन्य कोषांगों के वरीय पदाधिकारियों एवं प्रभारी पदाधिकारियों को उनके उनके कार्यों से संबंधित निर्वाचन आयोग द्वारा जारी की गई पुस्तिका व मैन्युअल को अच्छी तरह से पढ़ लेने एवं किसी भी प्रकार की दुविधा होने पर त्वरित रूप से उन्हें दूर कर लेने का निर्देश दिया। उन्होंने वरीय पदाधिकारियों को जल्द कोषांग द्वारा किए जाने वाले कार्यों से संबंधित कार्य योजना आदि तैयार करने का निर्देश दिया।

दारू में अबुआ आवास की सूची देखकर ग्रामीणों ने किया हंगामा

खबर मन्त्र संवाददाता

टाटीझरिया। खैरा पंचायत में गुरुवार को आम सभा का आयोजन किया गया। खैरा पंचायत भवन में मुखिया कुमारी माधुरी की अध्यक्षता पंचायत सचिव अर्जुन प्रसाद के संचालन में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। पंचायत भवन में नारायणपुर ,खैरा बेडमक्का,सिमराढाव,महुआटांड़, सहित अन्य गांवों से लोग सूची में अपना नाम सुनने के लिए पहुंचे थे। जैसे ही ग्राम सभा में चयनित सूची को पढकर सुनाया गया वैसे ही लोगो ने हंगामा शुरू कर दिया। लोगो ने कहा की जिसका नाम सुची में है उसके घर को जाकर देखा जाए सच्चाई सामने आ जाएगी। ग्रामीणों ने इस आम सभा को बहिष्कार कर दिया । मुखिया ने कहा कि अबूवा आवास मुखिया संग जनप्रतिनिधियों का सिर दर्द बन गया है। हमारे खैरा पंचायत क्षेत्र में लाभुको का सूची ठीक है इसमें लगभग सभी योग्य लाभुक है लेकिन हमारे खैरा पंचायत आदिवासी बहुल क्षेत्र है।यहां कई गांव के योग्य लाभुको का नाम सूची से गायब है जो गरीब परिवार से है और मिट्टी के मकान में ही अपना जीवन आपन कर रहे है। आम सभा के दौरान लगभग 100 जरूरतमंद लाभुको ने अपनी योग्य लाभुक होने आवेदन दिया है। इन्हे विभाग को जांच कर आबूवा आवास से लाभान्वित करने की आवश्यकता है। मौके पर पंसस विनय कुमार दास , रोजगार सेवक संतोष दास ,सोबरन महतो, मिथलेश कुमार वर्मा,राजेंद्र रजक, अरविंद केशरी, पप्पू दास, सुरेंद्र राणा,उमेश कुमार,चुन्नूलाल मांझी,सुरेश मुर्मू, दीपू प्रसाद,रेखा सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

मुखिया राजेंद्र प्रसाद ने महिला मंडल को दिया मिनी ट्रैक्टर

बरही। धनवार पंचायत के मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने 80 फीसदी अनुदान पर ज्योति सखी महिला मंडल को मिनी ट्रैक्टर दिया। कृषि यंत्र मिलने से महिलाएं काफी उत्साहित थीं। महिलाओं ने कहा कि इससे उनलोगों की आय में वृद्धि होगी। राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि महिलाओं की आर्थिक स्थिति बेहतर होगी। जिसके सहारे वे खेतों में अपनी फसल आसानी से लगा सकेंगी। उन्होंने लोगों को भरोसा देते हुए कहा कि अगले 6 महीने के अंदर धनवार पंचायत में 1 मिनी ट्रैक्टर के अतिरिक्त कैजुअल एवं रौटर भी उपलब्ध कराया जायेगा। महिला मंडल में संजु मेहता, रंजना देवी, रेखा देवी, सुनीता देवी, पायल देवी शामिल है। मौके पर समाजिक कार्यकर्ता ममता देवी, पंचायत समिति सदस्या संतोषी देवी, जेएसएलपीएस से राजीव पाण्डेय, ब्रह्मदेव यादव, लक्ष्मी देवी, अशोक यादव, प्रकाश साव सहित ग्रामीण मौजूद थे।

गणतंत्र दिवस को लेकर डीसी ने की बैठक

विकास के लिए अथवा कोई सराहनीय कार्य किया हो उन्हें रामगढ़ जिला पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा

रामगढ़। गणतंत्र दिवस को लेकर गुरुवार को जिला समाहरणालय सभागार में उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में बैठक हुई। उपायुक्त और एसपी ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुख्य कार्यक्रम के तैयारियों की समीक्षा की। उपायुक्त ने कहा कि नई पहल करते हुए जिला प्रशासन द्वारा इस वर्ष से रामगढ़ जिला अंतर्गत वैसे लोग/ संस्थाएं जिन्होंने अपने कार्य क्षेत्र से हटकर विकास के लिए अथवा कोई सराहनीय कार्य किया हो उन्हें रामगढ़ जिला पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। उपायुक्त ने रामगढ़ जिला पुरस्कार के लिए जिला स्तर पर समिति गठित करने एवं विकास कार्यों सहित पुरस्कार दिए जाने हेतु विभिन्न पैमाने तैयार करने का निर्देश दिया। झांकियों को लेकर उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने विभागों का चयन करते हुए संबंधित अधिकारियों को इस वर्ष योजनाओं अथवा विकास कार्यों से सबंधित थीम चयनित करते हुए थीम के आधार पर झांकी आयोजित करने का निर्देश दिया। परेड के लिए 19, 20, 22 एवं 23 जनवरी को पूर्वाभ्यास किया जाएगा एवं अंतिम अभ्यास 24 जनवरी को होगा। उपायुक्त ने सिविल सर्जन रामगढ़ को प्रशिक्षण के दौरान मैदान में एंबुलेंस एवं चिकित्सा दल की प्रतिनियुक्ति करते हुए किसी भी स्वास्थ्य इमरजेंसी के लिए तैयार रहने का निर्देश दिया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर मैदान के सौंदर्यीकरण, साफ-सफाई, जमीन समतलीकरण व अन्य मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के संबंध में उपायुक्त ने नजारत उप समाहर्ता सहित अन्य अधिकारियों को आपस में समन्वय करते हुए कार्य संपन्न कराने का निर्देश दिया। 25 जनवरी रात्रि 12:00 बजे से 26 जनवरी रात्रि 12:00 बजे तक जिले के सभी मद्यशालाओ एवं बधशालाओं को बंद रखने का निर्देश दिया। गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह सद्धू -कान्हू मैदान में पूर्वाह्न 9:05 बजे से शुरू होगा। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त सह अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, जिला स्तरीय प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारियों, प्रखंड विकास पदाधिकारियों, अंचल अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

एक नजर में

मगही समाज की जनसभा 21 फरवरी को

पदमा। बिहारी पंचायत के तिलिर करमा गांव में प्रगतिशील मगही समाज की बैठक दशरथ प्रसाद मेहता की अध्यक्षता में हुई। समाज के केंद्रीय संयुक्त सचिव प्रमोद मेहता ने कहा कि किसान तीन से चार महीने जी तोड़ मेहनत कर फसल तैयार करता है। पूंजी लगाने के बाद उसे अपने फसल का जो कीमत मिलता है उसे सैकड़ो गुना ज्यादा कीमत वह व्यक्ति कमा लेता है। जो किसान का फसल ओने-पौने दाम में खरीद कर उसे पैकिंग कर बेच देता है। उन्होंने कहा कि प्रगतिशील मगही समाज ऐसी व्यवस्था करना चाहता है कि किसानों को सारी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए। जो एक बिजनेसमैन को उपलब्ध कराई जाती है। उन्हें अपने उत्पादित वस्तुओं का दाम तय करने का अधिकार मिले। पदमा प्रखंड सचिव राजू रजक ने किसानों से अपील करते हुए कहा कि किसानों के मुद्दे सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा करने के लिए 21 फरवरी को सरैया फुटबॉल ग्राउंड मैदान में किसान मजदूर और बेरोजगार लोगों का एक विशाल जनसभा बुलाई गई है ताकि किसान सहित देश भर के अन्य मुद्दों पर विस्तार पूर्वक चर्चा एवं निर्णय लिया जा सके। बैठक में किसान जगदीश तिवारी, अक्षय प्रसाद मेहता परमेश्वर पांडे , पोखन महतो, प्रभु प्रसाद मेहता ,रघुवीर मेहता, मुन्नी देवी ,रेखा देवी, रितनाथ मेहता, शंकर तिवारी, सहित अन्य उपस्थित थे।

कुआं से शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस

बरकट्ठा। पुलिस ने घंघरी से कुआं से गुरुवार को युवक का शव बरामद किया है। पुलिस ने युवक की पहचान रामजी भुइयाँ पिता सरजू भुइयां घंघरी निवासी के रूप मे की है। जानकारी के अनुसार 1जनवरी को घर से अपने दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने के लिए निकला था। देर रात्रि तक नहीं पहुंचा। 3 जनवरी को मृतक के पिता सरजू भुइयां ने थाने में गुमशुदगी का आवेदन दिया। मामले की छानबीन मे पुलिस जुट गई। थाना प्रभारी ने बताया की फिलहाल शव का पोस्टमार्टम होने के बाद ही घटना की पूरी जानकारी हो जाएगी।

क्षेत्रीय कमिटी के विस्तार को लेकर बैठक

चरही। एसी/एसटी/बीसी इंप्लाइज को-ऑर्डीनेशन कौंसिल हजारीबाग क्षेत्रीय कमिटी के विस्तार को लेकर बैठक क्षेत्रीय कार्यालय चरही लालबंगला में हुई। इसकी अध्यक्षता क्षेत्रीय अध्यक्ष दिनेश्वर महतो व संचालन संगठन मंत्री रामकिशोर मुर्मू एवं सचिव अजित कुमार ने किया। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश महासचिव नीरज कुमार, पूर्व सचिव बबलु कुमार, कोषाध्यक्ष शिवजी टुडू, मीडिया प्रभारी महालाल हेम्ब्रम, पूर्व कायाकारी अध्यक्ष गुड्डू महतो, शमशेर आलम उपस्थित थे। बैठक में पद हस्तांतरण करते हुए नये अध्यक्ष व सचिव को कार्यभार सौंपा गया। साथ ही सीसीएल हजारीबाग क्षेत्र में आरक्षित वर्ग के साथ होने वाले भेदभाव व अन्य मुद्दे के अलावे सामाजिक स्तर पर भी विभिन्न प्रकार के मुख्य बिंदुओं पर चर्चा की गई कि किस प्रकार हम कौंसिल के उदेश्य को आरक्षित वर्ग के उत्थान में पूरा कर सकते हैं। कमिटी विस्तार करते हुए कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में विरेंद्र प्रसाद उपाध्यक्ष के रूप में देवीलाल मांझी, सह-सचिव देवनारायण कुमार एवं आरती देवी सह-कोषाध्यक्ष चंदा देवी के साथ साथ सीसीएल यूनिट प्रभारी आसीन मांझी (तापिन साऊथ), धनेश्वर महतो (तापिन नार्थ), रमेश, जयप्रकाश (परेज), विक्रम मांझी (केदला), रंजित महतो (झारखंड), मनोज ठाकुर (रेलवे साइडिंग) को बनाया गया।

कलश पूजित और अक्षत भ्रमण संपन्न

चरही। पंचायत बहेरा के तापिन साउथ कॉलोनी में अयोध्या राम जन्म भूमि में श्री राम परिवार प्राण प्रतिष्ठा समारोह हेतु कलश पूजित एवं अक्षत भ्रमण का कार्यक्रम संपन्न किया गया।इस कार्यक्रम में पंचायत के मुखिया देवकी महतो,पंसस शक्ति देवी,वार्ड सदस्य मंजू देवी,बिरजु राम समाजसेवी ललन प्रसाद,बहेरा सचिवालय सीएससी केंद्र संचालक राहुल सिंह,मुकेश कुमार वर्मा, विनोवा जी,डॉ.वीडी चौधरी,नीरज शर्मा ,धीरज कुमार ,विनोद कुमार केसरी ,पंकज वर्मा, प्रमोद कुमार सिंह ,अशोक चौहान, जोगिंदर चौहान, वाल्मीकि जी ,भोला सिंह बावला नायक ,नगीना देवी ,रेखा देवी , मंजू देवी, संजीत कुमार गीता देवी, ममता देवी,रोजी देवी,रमुना देवी, अजय गूहा, उर्मिला देवी, टुकन पिलाई , धनवती देवी, कुसुम देवी,पूनम देवी, लीला देवी, मुनी देवी, राजन महतो, कुन्ती देवी, अनीता सिंह, संपत महतो, सुनीता देवी,देवमंती देवी,सरोज सिंह,रीता देवी,राज कुमार उराव, धनजय सिंह, सहित दर्जनों की संख्या में ग्रामवासी मौजूद थे।

युवती को भगाने को ले थाने में दिया आवेदन

कटकमसांडी। बहला फुसला कर एक युवती को भगा ले जाने के मामले को लेकर युवती की मां ने कटकमसांडी थाने में आवेदन दिया है। मामला कटकमसांडी थाना क्षेत्र के डहुरी गांव का बताया गया है। आवेदन में चतरा जिले के गिरी गांव निवासी अमन टोप्पो व उसके मामा गांव के ही अर्जुन लकड़ा को आरोपित बनाया है। युवती की मां मंजू देवी पति उमेश उरांव ने बताया कि गुरूवार को दिन के दस बजे पुत्री बकरी चराने घर से निकली थी। जब वह 12 बजे तक घर वापस नही हुई। तब खोजबीन शुरू की। बाद में मालुम हुआ कि अमन टोप्पो ने बहका व बहला फुसलाकर पुत्री को ले भागा है। आवेदन मे यह भी कहा गया कि अमन टोप्पो आपराधिक प्रवृति का युवक है, जो पांच माह पूर्व मेरी पुत्री को भगा ले गया था। बाद मे पुलिस द्वारा हिरासत मे लेकर उसे जेल भेजा गया था। वह एक माह पूर्व जेल से बाहर निकलकर घटना की पुनरावृति की है। इधर पुलिस भी आरोपित युवक के धर पकड़ के लिए अभियान छेड़ रखा है।

अबुआ आवास में गड़बड़ी को लेकर प्रदर्शन

दारु। प्रखंड मुख्यालय के सभी पंचायतों में अबुआ आवास की अंतिम सूची का प्रकाशन होते ही इसका विरोध सभी पंचायतों के ग्रामीणों द्वारा शुरू हो गया। गुरुवार को पुनाई, दारु और इरगा पंचायत के ग्रामीणों ने प्रखंड मुख्यालय पहुंचा और बीडीओ को आवेदन देकर निष्पक्ष जांच की मांग की। पुनाई पंचायत से बड़ी संख्या मे महिला पुरुष ग्रामीण कोडरमा संसदीय क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि मिठू राम के नेतृत्व में विरोध करने के लिए पहुंचे थे। ग्रामीणों का आरोप है कि अबुआ आवास की सूची बनाने में निर्धारित मापदंड का पालन नही किया गया और अयोग्य लोगों का नाम अंतिम सूची मे जोड़ दिया गया।इस सूची मे वैसे लोग जिनका खुद का दो मंजिला मकान है, चारपाहिया वाहन है या फिर पूर्व मे हि सरकारी आवास योजना का लाभ ले चुके है उनका नाम जोड़ दिया गया है।तथा वैसे लोगो जो अबुवा आवास लेने के योग्य है जिनका कच्चा का मकान है उनलोगों का नाम अंतिम सूची से हटा दिया गया है । बीडीओ मनीष कुमार ने कहा कि हर पंचायत के पंचायत भवन में अंतिम सूची लगा दी गयी है मैं जनप्रतिनिधियों मीडिया कर्मियों और आम आवाम से अपील करता हूँ कि वैसे लोगो की सूची में नाम है जो इस योजना का लाभ लेने में अयोग्य है और उनका नाम सूची में शामिल है उनकी सूचना लिखित या मौखिक तौर पर मुझे दीजिये पुनः ग्राम सभा करा कर निष्पक्ष जांचों उपरान्त उनका नाम अंतिम सूची हटाया जाएगा ।

स्पीड न्यूज

लिनुस पिंगल एक्का को दी गयी बधाई

गुमला। आजसू गुमला जिला कमेटी के पदाधिकारियों ने गुमला के नये बिशप लिनुस पिंगल एक्का से शिष्टाचार मुलाकात की। आजसू पदाधिकारियों ने उन्हें बिशप बनाने पर क्रिसमस पर्व, नये साल की बधाई और शुभकामनाएं दी। उनके साथ सामाजिक विषयों पर सार्थक चर्चा की। समाज के सभी तबके के लोगो के विकास पर काम करने के लिए उन्होंने प्रेरित किया। जिसमें सभी की भागीदारी हो। मौके पर जिलाध्यक्ष दिलीप नाथ साहू, जिला महासचिव आनंद गुप्ता, बोनीफास कुजूर, प्रमोद खलखो, मनोज साहू, मिन्हाज खान, राहत अफजा, पिंकी कुजूर, जीविता बड़ा, कमला सिंह, दीप्ति रोस लकड़ा, मोनिका टोप्पो एवं अन्य मौजूद थे।

ब्रेल दिवस पर डालसा ने सदर अस्पताल गुमला में किया जागरूकता कार्यक्रम

गुमला। विश्व ब्रेल दिवस पर गुरुवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला ने सदर अस्पताल गुमला में जागरूकता कार्यक्रम किया। जिसमें डालसा के लीगल डिफेंस अधिवक्ता विद्या निधि शर्मा तथा इंदु पांडे, सदस्य स्थायी लोक अदालत शंभू सिंह और पी एल भी जय राम उरांव शामिल हुए। लोगों को नेत्रहीन और दृष्टि बाधित लोगों के विषय में बताते हुए कहा गया कि दृष्टिहीनता या किसी अन्य शारीरिक अक्षमता का मतलब प्रतिभा या कौशल की कमी नहीं है। लोग जीवन में आने वाले सभी कठिनाइयों को साहस और दृढ़ संकल्प से दूर कर आगे बढ़ते हैं। मौके पर डालसा के प्रकाश कुमार पांडे, मनीष कुमार एवं अन्य उपस्थित थे।

केरागानी में हुआ पीएम जनमन कार्यक्रम

चैनपुर। प्रखंड के अति दुर्गम पंचायत बरडीह पंचायत के केरागानी गांव में प्रधानमंत्री जन मन योजना के तहत गुरुवार को कार्यक्रम किया गया। जिसमें प्रधानमंत्री जन मन योजना के तहत बरडीह पंचायत के आदिम जनजाति लोगों के बीच जागरूकता फैलाते हुए उन्हें सरकारी लाभ से आच्छादित किया गया। जिसमें पीएम किसान निधि, केसीसी, आयुष्मान कार्ड आदि से लोगों को आच्छादित किया गया एवं पीएम उज्ज्वला गैस, अटल योजना, विजन ज्योति योजना के बारे में जानकारी देकर केसीसी का फॉर्म भरवाया गया। मौके पर बरडीह मुखिया हुलेश प्रसाद एवं पदाधिकारी-कर्मी थे।

अबुआ आवास की ग्राम सभा हुई रद

सिसई। अबुआ अवास को लेकर सिसई प्रखंड के लरंगो पंचायत में गुरुवार को विशेष ग्राम सभा की गयी। लेकिन अवास चयन लिस्ट की अनियमिता को लेकर लोहंजारा व लरंगो गांव के लाभुकों ने जोरदार हंगामा किया और चयन प्रक्रिया बीच में ही रोक दी गयी। दोनों गांव के ग्रामीणों का कहना था जिसका लिस्ट में नाम था उसे कैसे काटा गया। कुछ का कहना था कि संपन्न परिवार का चयन कैसे किया गया। जिसे मिलना चाहिए उसका नाम कैसे हटा। प्रक्रिया नहीं हो पाने पर अंत में बैठक को स्थगित कर दी गयी।

वार्ड सदस्यों के लिए लगा प्रशिक्षण शिविर

घाघरा। प्रखंड सभागार में पंचायती राज विभाग द्वारा आयोजित वार्ड सदस्यों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ गुरुवार को हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन बीडीओ दिनेश कुमार ने किया। इस क्रम में प्रदान संस्थान से चयनित मास्टर ट्रेनर अभय आनंद और रीमा कुमारी ने वार्ड सदस्यों को प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में सर्वप्रथम प्रतिभागियों से उनके अपेक्षा समझा गया। बीडीओ दिनेश कुमार ने कहा कि आप सभी वार्ड सदस्य प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने वार्डों में बेहतर कार्य करें। मौके पर मास्टर ट्रेनर, निकोलस सुरीन, मोतीराम, प्रियंका कुमारी, महेंद्र सहित सेहल, शिवराजपुर, चपका, बेलागाड़ा के वार्ड सदस्य थे।

वन विभाग ने पकड़ी अवैध लकड़ी

लोहरदगा। वन विभाग की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर रामपुर गांव में छापा मारकर अवैध लकड़ी जब्त की है। डीएफओ अरविंद कुमार को सूचना मिली थी कि सदर थाना क्षेत्र के रामपुर गांव में रहने वाला सेराजुल अंसारी अपने घर के समीप बगीचा में अवैध लकड़ी का कारोबार करता है। सूचना के आधार पर डीएफओ ने वन विभाग की टीम को भेजा, जहां मौके पर टीम पहुंची तो आरोपी विभागीय गाड़ी देखते ही फरार हो गया। वनरक्षी ने बताया कि मौके से गम्हार, साल का बोटा और चिरान लकड़ी जब्त कर ली गयी है। आरोपी पर कानूनी कार्रवाई हो चुकी है।

लोहरदगा सांसद ने जताया शोक

भंडरा। भंडरा प्रखंड भाजपा महामंत्री सह मसमानो निवासी लखन लोहरा की सड़क दुर्घटना में मौत की सूचना पर लोहरदगा सांसद सुदर्शन भगत उनके दशकर्म में शामिल होकर श्रद्धा सुमन अर्पित किये। साथ ही परिजनों को दुख की घड़ी में हौसला बढ़ाया। कहा कि संसार में सबको एक दिन जाना है। हमलोग इस दुखद घड़ी में परिवार के साथ हैं जो हो सकता है भाजपा हमेशा सहयोग करेगी और हमेशा साथ रहेगी। इधर, पार्टी के आकाशी बूथ अध्यक्ष प्रमोद चौहान का आकस्मिक निधन पिछले दिन हो गया था। 12वीं में सांसद सम्मिलित हुए और उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किये।

मोदी सरकार के सत्ता में आने के बाद महंगाई बढ़ी : देवेंद्र शर्मा

■ घाघरा में कांग्रेस पार्टी का लोकसभा स्तरीय मिलन समारोह का हुआ आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

घाघरा। प्रखंड मुख्यालय में कांग्रेस पार्टी का लोकसभा स्तरीय मिलन समारोह गुरुवार को किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व प्रदेश महिला कांग्रेस उपाध्यक्ष सह प्रदेश प्रतिनिधि बॉबी भगत ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सेवादल कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव देवेंद्र शर्मा उपस्थित हुए। मौके पर उपस्थित कांग्रेसियों को संबोधित करते हुए देवेंद्र शर्मा ने कहा कि जल जंगल जमीन जिसे हमारे पुरखों ने हमारे लिए बचा कर रखा है जिस पर हमारा हक है।

यह अडानी अंबानी के जागीर नहीं है जो छत्तीसगढ़ के सहदेव जंगल को उजाड़ रहा है। कल आपके जल जंगल जमीन को भी उजाड़ने आ सकते हैं। मोदी सरकार सत्ता में आने के बाद महंगाई बहुत बढ़ा हुआ है। उन्होंने थाली से निवाला छीनने का काम किया है। भारत का संविधान सभी को बराबर का अधिकार दिया है इसलिए मोदी सरकार संविधान को खत्म ही कर देना चाहते हैं। बड़े-बड़े उद्योगपति आज मोदी के दोस्त हैं। राहुल गांधी देशभर में पैदल यात्रा करके जनता की समस्या को सुना और समझाने का प्रयास कर रहे हैं। फरवरी में झारखंड में आप लोगों के बीच राहुल गांधी आयेंगे और आप लोगों की भी सुनेंगे।

कार्यकम को संबोधित करते कांग्रेस सेवा दल के राष्ट्रीय सचिव देवेंद्र शर्मा और मिलन समारोह में शामिल कांग्रेसी (दायें)।

कार्यक्रम में ये भी रहे उपस्थित

कार्यक्रम में इमरान आजाद, संदीप कुमार, फुलजेन्सिया बिलुंग, बंधन टाना भगत, इम्तियाज अहमद, अमित कुमार साहू, सौरभ भगत, योगेंद्र भगत, बबलू अंसारी, राज भगत, आजम अंसारी, अनूप कुमार साहू, लक्ष्मी उरांव, लालदेव उरांव, शशिकांत भगत सहित कई कांग्रेसी उपस्थित थे।

क्या बोले बॉबी भगत

वहीं बॉबी भगत ने कहा कि कांग्रेस ने मनरेगा कानून बनाया, ताकि कोई बेरोजगार न रहे। भोजन का अधिकार दिया, ताकि कोई भूख से न मरे। वन अधिकार कानून दिया ताकि वन में रहने वालों को भागना ना पड़े, वनोपज के साथ वन पर अपना मालिकाना हक बनाये रखें। शिक्षा का अधिकार दिया ताकि कोई अशिक्षित ना रहे स्कूल कॉलेज अस्पताल बनवाया हर जगह बिजली पहुंची। सोनिया गांधी ने महिलाओं को पंचायत चुनाव में 50% आरक्षण देकर महिलाओं को राजनीति में भागीदारी दी। राजनीति में महिलाएं ज्यादा से ज्यादा सक्रियता से आ रही हैं। मोदी सरकार इन सबको खत्म करना चाहती है। ताकि उनके चंद दोस्त हमारे ऊपर हुकूमत कर सकें। 2024 में इस तानाशाह सरकार को उखाड़ फेंकना होगा।

दिलीप सिंह हत्याकांड का एक अभियुक्त गिरफ्तार, गया जेल

गुमला एसपी ने प्रेस कान्फ्रेंस कर घटना का किया खुलासा

■ एक पिकअप, प्लास्टिक की रस्सी, हत्या में प्रयुक्त पत्थर व घटनास्थल से खून लगी मिट्टी किया बरामद

खबर मन्त्र संवाददाता

गुमला। करंज पुलिस ने लोहरदगा जिला के कुडू थाना क्षेत्र के सलगी गांव निवासी 57 वर्षीय दिलीप सिंह हत्याकांड का उदभेदन कर लिया है। हत्याकांड में शामिल एक अभियुक्त लातेहार जिला के चंदवा गांव निवासी रोहित कुार वर्मा पिता दशरथ राम को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया। मृतक दिलीप सिंह के गायब होने की शिकायत उसकी पत्नी राजतमी देवी ने 27 दिसंबर को करंज थाना में किया था। पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह ने गुरूवार को अपने कार्यालय परिसर में प्रेस कान्फ्रेंस कर मामले का खुलासा करते हुए बताया कि कांड दर्ज होने के बाद करंज पुलिस ने चितागुटु निवासी जोगिया मुंडा के आंगन से पिकअप संख्या जेएच 01 ईवाई 7256 को बरामद किया। जांच के क्रम में सिलगी निवासी दिलीप सिंह व शिव कुमार सिंह के बीच जमीन विवाद का मामला सामने आया। जिसके बाद कांड के उदभेदन के लिए एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल के नेतृत्व में एक एसआईटी टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा अनुसंधान के क्रम में रोहित वर्मा करंज थाना आया। उसने पूछताछ में पुलिस को बताया कि दिलीप सिंह व शिव कुमार सिंह के बीच जमीन विवाद है।

गिरफ्तार अभियुक्त के साथ एसपी, थाना प्रभारी व अन्य।

हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम में सांसद हुए शामिल

खबर मन्त्र संवाददाता

लोहरदगा। हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम सदर प्रखंड के अरकोसा एवं भट्टखीजरी पंचायत में किया गया। कार्यक्रम स्थल पर एलईडी वाइन से पीएम का संदेश प्रसारित किया गया। केंद्र सरकार की लाभकारी योजनाओं को लाभुकों के समक्ष वीडियो एल ई डी वैन के माध्यम से दिखलाया गया। मुख्य अतिथि लोहरदगा के सांसद सुदर्शन भगत ने कहा कि केंद्र सरकार की योजना हमारे ग्रामीण क्षेत्र के लिए बहुत ही लाभकारी है लोगों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रधानमंत्री मोदी जी के द्वारा समाज के अंतिम व्यक्ति के घर तक विकास की किरण पहुंचने के लिए कृत संकल्प है। सांसद ने भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करने, भारत की एकता को सुदृढ़ करने, देश की रक्षा करने वालों का सम्मान करने और कर्तव्य निस्ट नागरिक होने का दायित्व निभाने की शपथ दिलायी गयी। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, पीएम गरीब कल्याण योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना, पीएम उज्जवला योजना, पीएम विश्वकर्म योजना, पीएम किसान योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम पोषण अभियान, हर घर नल जल मिशन योजना, जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, नैनो फर्टिलाइजर सहित बहुत सी योजनाओं के बारे में बताया।

कैलेंडर वितरण करते सांसद सुदर्शन भगत।

वन समिति के सदस्यों को डीएफओ ने दिये कंबल

गुमला। वन प्रमंडल कार्यालय में वन समिति के सदस्यों के बीच 260 कंबल का वितरण वन प्रमंडल पदाधिकारी एवं कार्यालय कर्मचारियों ने किया। उक्त कार्यक्रम में वन प्रमंडल पदाधिकारी बेलाल अहमद ने वन समिति के सदस्यों को संबोधित करते हुए वन एवं वन्य जीव संरक्षण पर विशेष जोर दिया। कार्यक्रम में वन प्रमंडल पदाधिकारी गुमला के साथ-साथ वन प्रमंडल के वनकर्मी एवं कर्मचारियों सहित वन समिति गंगड़ा, कारालोया, बसिया, गुड़ाम, माझकेरा, लोवाकेरा, बम्बियारी, अजियातू, कसीरा, बमलकेरा, काटासारु, सीलम, सरगांव, रायडीह, लोरंबा, सिविल, मांझाटोली, लूर सोप्पो खीराखाड़, कटु मसगांव, मोकरा, बियार सहित अनेक वन समिति के सदस्य उपस्थित थे।

जवाहर नगर में महिलाओं ने बांटा पूजित अक्षत

गुमला। शहरी क्षेत्र के जवाहर नगर मुहल्ले में रामनगरी अयोध्या से आये पवित्र अक्षत एवं आमंत्रण पत्र का वितरण गुरुवार को घर घर जाकर किया गया। इस दौरान सभी सनातन धर्मबंधुओं से अपील की गयी कि 22 जनवरी को उत्सव के रूप में मनाना है और रात्रि में सभी लोग अपने घरों और प्रतिष्ठानों को दीपों से जगमग करें। अक्षत वितरण अभियान में निवर्तमान पार्षद शैल मिश्रा, पायल तिवारी, शैल सिंह, कमला पांडेय आदि महिलाएं थी।

प्रखंड कार्यालय में हुई समीक्षात्मक बैठक

कैरो। प्रखंड सभागार में गुरुवार को बीडीओ पवन कुमार महतो की अध्यक्षता में समीक्षात्मक बैठक की गयी। जिसमें पंचायत वार विकास योजनाओं की समीक्षा करते हुए प्रतिदिन दस दस गांवों में योजनाओं का क्रियान्वयन करने, 100-100 मानव दिवस सृजित करने, पूर्व से संचालित सभी कच्ची और छोटे कामो को 15 जनवरी तक पूर्ण करते हुए अभिलेख बंद करने, पोटो हो खेल मैदान को 15 जनवरी तक पूर्ण करने, बागवानी योजना के तहत निकाई-गुड़ाई करने, एवं जलकुंभी का निर्माण कार्य पूर्ण करने, दीदी बाड़ी योजना जिनका स्वीकृति का दो वर्ष हुआ उसका जीव टैग करने, बिरसा सिंचाई योजना एक सप्ताह में सौ फीसदी चालू करने सहित सभी योजनाओं को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी रघुनाथ मुंडा, गुहा उरांव, जग्गू उरांव, आनंद कुमार सिंह, पंचम एतवा पहान, परवेज आलम, राजेश उरांव, अमन शिखर, अमित कुमार, राजमणि कुमारी सहित पंचायत सचिव, रोजगार सेवक व प्रखंड कर्मी मौजूद थे।

पठान पंचायत के सदर बने हाजी मन्नान खान और सेक्रेटरी बने मुंतजीर खान

खबर मन्त्र संवाददाता

■ जमीयतु फातेहीन पंचायत का नाम हुआ लोहरदगा जिला पठान पंचायत

■ शादी में दहेज प्रथा व बम पटाखों की रिवाज को पूरी तरह से किया गया बैन

लोहरदगा। जमीयतु फातेहीन पठान पंचायत की एक आवश्यक बैठक न्यू रोड स्थित होटल सईद में गुरुवार को हाजी नईम खान व हाजी यासीन खान की संयुक्त अध्यक्षता में हुई। बैठक में पंचायत की तौसी पर गौर फिक्र, पंचायत को नए सिरे से सदर व सेक्रेट्री का चुनाव, हिसाब व किताब, चंद जरूरी बाते ब इजाजत सदर शामिल थे। प्रस्ताव में आया कि लोहरदगा जिले के हर प्रखंड के हर गांव तक जहां पठान समुदाय के लोग रहते हैं। वहां तक पहुंच कर उनकी तालीमी, सामाजिक, आर्थिक और सुरक्षा के दृष्टिकोण से आगे बढ़ाने के लिए हर संभव सहयोग करेंगे, जिसे ध्वनि मत से पारित किया गया। जल्द से जल्द पठान पंचायत का अपना मैरेज भवन बनाने के लिए जमीन खरीद कर निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाए। इसके लिए पंचायत के प्रत्येक फर्द हर संभव मदद करेंगे।

डीसी ने किया अवरापाठ में लगे पीएम जनमन योजना शिविर का निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता

■ उपायुक्त ने शिविर में आये ग्रामीणों से की मुलाकात, शिविर में आवश्यक दस्तावेज लेकर आने व सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ लेने के लिए डीसी ने किया जागरूक

गुमला। जिले के विशेष रूप से संवेदनशील समूहों के विकास के उद्देश्य से भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना पी.एम जन मन योजना के तहत जिले के विभिन्न ग्रामों में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। कैंप के माध्यम से लाभुकों को पीएम उज्जवला योजना,आयुष्मान कार्ड, पेंशन योजना, जॉब कार्ड, राशन कार्ड, आधार कार्ड, आदि जैसे विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को डुमरी प्रखंड के उदनी पंचायत स्थित 38 परिवारों वाले पीवीटीजी ग्राम अवरापाठ में लगे पी.एम जनमन शिविर में उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी पहुंचे। शिविर में उपायुक्त सहित जिले के विभिन्न विभागों के वरीय अधिकारी भी मौजूद रहें। मौके पर उपायुक्त ने शिविर का निरीक्षण किया।

घटना को लेकर चेंबर सदस्यों ने थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन

खबर मन्त्र संवाददाता

■ पीसीआर से पेट्रोलिंग के बाद भी हो रही चोरी : दामोदर

गुमला। चेम्बर ऑफ कॉमर्स गुमला का एक प्रतिनिधि मंडल गुरंवार को गुमला थाना प्रभारी विनोद कुमार से मिलकर गुमला में चोरी की घटना पर अंकुश लगाने एवं मामले का उदभेदन करने को लेकर ज्ञापन सौंपा। चेंबर के ज्ञापन में विगत कुछ दिनों में मेन रोड़ स्थित अमित मोबाइल दुकान, डुमरडीह में सरकारी कर्मचारी के घर से लाखों के सामान एवं नकद की चोरी, कुछ महीने पूर्व जशपुर रोड स्थित संदेश मोबाइल दुकान से मोबाइल की चोरी एवं कई स्थानों में चोरी की घटना घटित हुई। जिससे चिंतित चेंबर पदाधिकारियों ने व्यापारियों के आर्थिक नुकसान से थाना प्रभारी को अवगत कराया। अध्यक्ष दामोदर कसेरा ने कहा कि रोज रात में रेगुलर पीसीआर वाहन के पेट्रोलिंग कराने के बाद भी चोरी नहीं रूक रही है।

सरकार वापस ले हिट एंड रन कानून : रमेश

गुमला। कांग्रेस के प्रदेश सचिव रमेश कुमार चीनी ने हिट एंड रन कानून को लेकर ड्राइवरों के विरोध का समर्थन किया है। कहा है कि सरकार को अपना निर्णय अविलंब वापस लेना चाहिए। चुंकि यह तय था कि इस कानून के खिलाफ आंदोलन होगा। उन्होंने कहा कि ड्राइवर जान बुझकर दुर्घटना को अंजाम नहीं देते है। ऐसे में उन्हें सजा का प्रावधान नहीं देना चाहिए। सरकार ने अभी आश्वस्त किया है कि कानून तत्काल लागू नहीं होगा। लेकिन सरकार इसे अविलंब निरस्त करें।

एमबी डीएवी में नव वर्ष पर प्रतियोगिताओं का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

लोहरदगा। एमबी डीएवी में प्राचार्य जीपी झा के नेतृत्व व निर्देशन में सीसीए प्रभारी शिक्षक अश्विन पात्रों ने नव वर्ष पर प्रतियोगिताएं करायी। प्राचार्य ने कहा कि साल का पहला दिन अगर उत्साह और खुशी के साथ मनाया जाये, तो पूरा साल इसी उत्साह और खुशियों के साथ बीतेगा। हमें नया साल नई आशाएं, उम्मीदें, नये सपने, नये लक्ष्य और नई योजनाओं की उम्मीद देता है, इसलिए सभी लोग खुशी से इसका स्वागत करते है। विद्यार्थियों में नव वर्ष पर नया सकारात्मक उत्साह भरने के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए कक्षा एलकेजी से द्वितीय तक के विद्यार्थियों के मध्य नव वर्ष आधारित ग्रीटिंग कार्ड बनाने की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के तीसरे दिन हुए विभिन्न तरह के संस्कार

खबर मन्त्र संवाददाता

गुमला। शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में गायत्री परिवार महिला मंडल डुमरडीह द्वारा महावीर मंदिर प्रांगण में आयोजित नारी सशक्तिकरण 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के तीसरे दिन गुरूवार को विभिन्न संस्कारों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भारी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। शांतिकुंज हरिद्वार से आये टोली नायक संदीप पाण्डे, संगीतज्ञ जय सिंह, तबला वादक महेश मार्कन व सहयोगी धर्मेंद्र सोलंकी के द्वारा मंत्रोचार के साथ प्रातः 09 बजे से यज्ञ-हवन करते हुए विभिन्न संस्कार कराये गये। जिसमें दीक्षा संस्कार दस लोगों का पुंसवन संस्कार पांच का एवं विद्यारंभ संस्कार पांच लोगों का कराया गया। इसके पश्चात आरती किया गया एवं उपस्थित भक्त जनों के बीच अमृतासन महाप्रसाद का वितरण किया गया। संध्याकालीन कार्यक्रम में संध्या 6 बजे से ग्यारह सौ दीप के साथ दीपयज्ञ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लक्ष्मी विश्वकर्मा, ब्रह्मदेव जी, अशोक साह, विजय कुमार साहू, परिवार्जक प्रमोद कुमार साहनी व बलिराम भगत, संदीप स्वरूप, पल्लव अभिषेक, प्रमोद सिंह, राधा देवी, चांदनी सिंह, शिल्पा कुमारी, ओम प्रकाश शर्मा, मीडिया प्रभारी सुनील कुमार दास, भावना स्वरूप, कैलाश बड़ाइक, शशि भूषण भगत उपस्थित थे।

यज्ञ में श्रद्धालुओं को विभिन्न संस्कारों की जानकारी देते शांतिकुंज हरिद्वार के सदस्य।

हरिनारायण का पूरा जीवन कांग्रेस के लिए समर्पित रहा: सुखदेव भगत

■ झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष कद्दावर नेता हरिनारायण साहू की पहली पुण्यतिथि मनायी गयी

खबर मन्त्र संवाददाता

लोहरदगा। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष सह कांग्रेस के कद्दावर नेता हरिनारायण प्रसाद साहू की पहली पुण्यतिथि गौतम नर्सिंग होम परिसर में मनायी गयी। पुरोहित परमानंद मिश्रा ने विधि विधान से पूजा संपन्न कराया। सर्वप्रथम ज्येष्ठ पुत्र सह लोहरदगा जिला कांग्रेस के महासचिव पवन गौतम, कनिष्ठ पुत्र राहुल देव गौतम, परिजनों के साथ अतिथियों ने चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष पूर्व विधायक सह लोहरदगा लोकसभा के प्रभारी सुखदेव भगत ने कहा कि उनका पूरा जीवन कांग्रेस के लिए समर्पित रहा। कांग्रेस के प्रति उनका किया गया कार्य हम सभी कांग्रेसियों के लिए प्रेरणा देंगे। श्रद्धांजलि देने वालों में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुखेर भगत, कार्यकारी अध्यक्ष हाजी शकील अहमद, निवर्तमान नगर परिषद अध्यक्ष अनुपमा भगत, आलोक कुमार साहू, मोहन दुबे, जगदीप भगत, शाहिद अहमद बेलू, कुणाल अभिषेक, लालमोहन केसरी, राजेश रंजन सहाय, सुबोध कुमार साहू, अनिल कुमार आदि भी थे।

श्रद्धांजलि देते सुखदेव भगत।

स्पीड न्यूज

सिद्धो कान्हो कृषि एवं वनोपज जिला सहकारी संघ की बैठक सम्पन्न

कोडरमा। समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में सिद्धो कान्हो कृषि एवं वनोपज जिला सहकारी संघ लिमिटेड की बैठक हुई। जिसमें चालू वितीय वर्ष के लिए सरकार द्वारा आवंटित राशि का संघ की ओर से पारित करने, कार्यशील पूंजी, हिस्सा पूंजी, कृषि एवं वनोपज से सम्बंति उत्पाद को लेकर इकाई का अधिष्ठापन समेत विभिन्न विन्दुओं पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में चालू वितीय वर्ष में सहकारी समितियों (लैम्प्स/पैक्स) को छोड़ कर मुख्यालय और क्षेत्रीय कार्यालय के इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट एवं कम्प्यूटरीकरण के लिए प्रस्ताव उपलब्ध कराने का निर्देश जिला सहकारिता पदाधिकारी को दिया।

एक दिवसीय बॉलीबॉल चैंपियन ट्रॉफी का आयोजन

कोडरमा। झुमरीतिलैया स्थित आश्रम रोड में हुई एक दिवसीय बॉलीबॉल चैंपियन ट्रॉफी के फाइनल मुकाबला में विशुनपुर ब्याज क्लब ने डोमचांच बॉलीबॉल क्लब को 3–1 से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा जमा लिया। फाइनल मुकाबला पांच सेट के मैच का था, जिसमें चौथे सेट में परिणाम आया। चार सेट के इस शानदार डे–नाइट मुकाबला देखने को लेकर भारी भीड़ उमड़ी। दोनों टीमों की ओर से शानदार प्रदर्शन किया गया। वहीं विजेता टीम को ट्रॉफी के साथ 21 हजार रूपया तथा उपविजेता टीम को ट्रॉफी के साथ 11 हजार का पुरस्कार दिया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में राजद के वरीय नेता सुभाष यादव ने खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि संघर्ष व कड़ी मेहनत से हर हाल में सफलता मिलती है। वहीं राजद नेता ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों को 21–21 सौ नकद राशि तथा शॉल भेंट किया। मौके पर मो. जावेद, कंचन यादव, प्रवीण रवानी, रमेश सिंह, मुन्ना ओझा, ओमकार पांडेय, राजू यादव, चुनचुन सिंह, अमित सिंह, रिषी यादव, अमित राय, विश्वजीत सिंह, भानू प्रताप, विनायक, नयन, मनीष, सौरभ, राकेश, अंकित सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

हाइवा की चपेट में आने से एक की मौत, एक गंभीर रूप से घायल

कोडरमा। नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत पचगावां मोड़ के समीप गुरुवार की सुबह करीब सात बजे हाइवा के चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गयी। वहीं दुसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार नवलशाही बाजार निवासी 17 वर्षीय राहुल साव पिता भोला साव एवं विंडोमोह नवलशाही निवासी 17 वर्षीय अनस खान पिता मुबारक खान डोमचांच से जिम कर मोटरसाइकिल से वापस अपने घर आ रहा था। इसी दौरान पचगावां मोड़ के समीप मोटरसाइकिल के आगे चल रहे हाईवा संख्या जेएच02बीएम/3361 ने अचानक दिशा मोड़ लिया। जिससे पीछे से आ रही मोटरसाइकिल सवार चपेट में आ गये। घटना में दोनों मोटरसाइकिल सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। जिसके बाद परिजनों ने घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया, जहां चिकित्सकों ने अनस खान को मृत घोषित कर दिया। वहीं दूसरे युवक को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया।

शांति निवास, ज्ञान निकेतन, आरके पब्लिक व बालिका उवि सेमीफाइनल में

प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार देते डीआरडीए की अर्थशास्त्री क्षमा प्रिया व अन्य

गढ़वा। गोविंद उवि के मैदान में खेले जा रहे 22वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के बालिका वर्ग के मैच में शांति निवास हाई स्कूल, ज्ञान निकेतन स्कूल बेलचंपा, आरके पब्लिक स्कूल और बालिका उच्च विद्यालय की टीम ने सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। प्रतियोगिता के 20वें दिन शांति निवास उच्च विद्यालय की टीम ने बीएनटी संत मैरी को छह रनों से, बालिका उच्च विद्यालय की टीम ने जेपीएस सेंट्रल स्कूल को नौ विकेट से, ज्ञान भारती ने बीएनटी संत मैरी को आठ विकेट से, रामा साहू उच्च विद्यालय की टीम ने जेपीएस सेंट्रल स्कूल को पांच विकेट से हराकर अपने पूरे अंक अर्जित किया।

पीएम जनमन योजना को पिछड़ी जन जाति समूहों को लाभ देने के लिए प्राथमिकता से कार्य कर रही हैं

पीवीटीजी बहुल क्षेत्रों को चिन्हित कर शिविरों का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

गोड्डा। जिले में विशेष पिछड़ी जनजाति समूहों के लोगों को लाभ दिलाने हेतु प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत प्राथमिकता से कार्य किया जा रहा है। पीवीटीजी बहुल क्षेत्रों को चिन्हांकित कर शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित एवं पात्र सभी हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है। शिविर में पदाधिकारी-कर्मचारियों द्वारा लोगों को विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग हेतु संचालित योजनाओं के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी जा रही है। इसी कड़ी में आज जिले के गोड्डा प्रखंड के झिलुवा पंचायत, सुंदरपहाड़ी प्रखंड के बांसजोरी/ घटियारी पंचायत, बोआरीजोर प्रखंड के बाबुपुर/ बाधमारा पंचायत, पोड़ैयाहाट प्रखंड के लाठीबाड़ी/ धेनुकट्टा पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया। शिविरों में विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग के वंचित लोगों को आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, जनधन खाता, केसीसी, जाति प्रमाण पत्र, जॉब कार्ड सहित अन्य योजनाओं से लाभान्वित भी किया जा रहा है। साथ ही उनका स्वास्थ्य परीक्षण के रूप में बीपी, शुगर, आंख, खून की जांच कर आवश्यक परामर्श एवं दवाइयां भी प्रदान की जा रही है। गौरतलब है कि पीएम जनमन योजना का मूल उद्देश्य कमजोर जनजातीय समूहों (पीवीटीजी), परिवारों को बुनियादी सुविधाओं और सेवाओं को पहुंचाकर उनकी सामाजिक, आर्थिक स्थितियों में सुधार करना है।

बाइक की सीधी टक्कर में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल, एक रेफर

सतगांवा (कोडरमा)। थाना क्षेत्र अंतर्गत पेट्रो जल प्रपात जाने वाले मार्ग समदा पुल के समीप गुरुवार को बाइक की सीधी टक्कर में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के मुताबिक कोठियार के ग्राम घोडाकरण निवासी 55 वर्षीय जेठू राय पिता भादे राय अपने दामाद के साथ बाइक से बासोडीह आ रहे थे। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही दूसरी बाइक ने समदा पुल के समीप सीाी टक्कर मार दी। जिससे जेठू राय गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सतगावां लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के सदर अस्पताल भेज दिया गया। वहीं दूसरे बाइक सवार रजघटी निवासी बताया जा रहा है।

थाना के समीप चला वाहन जांच अभियान

खबर मन्त्र संवाददाता

कोडरमा। पुलिस अाीक्षक अनुदीप सिंह के निर्देशानुसार थाना प्रभारी द्वारिका राम के नेतृत्व में कोडरमा थाना गेट के समीप गुरुवार को दो पहिया वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान दो पहिया वाहन चालकों का हेलमेट, ड्राइविंग लाइसेंस व अन्य जरूरी कागजातों की जांच की गई। इस दौरान 15 मोटरसाइकिलों का चालान काटा गया। मौके पर एसआई सलीम लुगुन व पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

इन हाउस ट्रेनिंग का हुआ सफल आयोजन

चतरा। डी ए वी चतरा में इन हाउस ट्रेनिंग का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत चतरा डिस्ट्रिक्ट के जज आर के सिंह,विद्यालय के चेयरमैन कुमार विवेक, साई इंटरनेशनल के उप प्राचार्य एच जी तिवारी तथा विद्यालय के प्राचार्य सैयद एजाज अहमद के द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया।

फॉर्म भरने को लेकर पिता-पुत्र गिरफ्तार

फार्म भरने को लेकर उपस्थित भीड़

खबर मन्त्र संवाददाता

भवनाथपुर। ऋण माफी का अफवा फैलाकर अपने कंप्यूटर दुकान में फॉर्म भरने को लेकर बीडीओ के निर्देश पर पिता-पुत्र को भवनाथपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर पूछताछ के लिए थाना लाया। बता दें कि भवनाथपुर हाई स्कूल के सामने में आशुतोष लाल के द्वारा पिछले तीन दिनों से कर्ज मुक्ति अभियान नामक एक वेबसाइट पर समूह से लोन लिए महिलाओं का फॉर्म भरा जा रहा था। उक्त फॉर्म भराने को लेकर सैकड़ों की संख्या में महिलाओं का भीड़ उमड़ पड़ा था। जब इसकी सूचना भवनाथपुर बीडीओ को मिला तो उन्होंने ने दुकान पर जाकर जानकारी लिया। वहां उपस्थित उर्मिला देवी, रूपा देवी, राजमती देवी, रेणु देवी, पुष्पा देवी, विन्दा देवी सहित सैकड़ों महिलाओं ने बताया कि हम लोग अपने लोन माफी कराने के लिए फॉर्म भराने आए हैं। हम लोगों को दुकान संचालक के द्वारा कहा गया है कि फॉर्म भरने के बाद लोन माफ हो जाएगा। साथ ही पूरे गांव में सूचना फैलाया गया है कि किसी भी तरह का लोन हो फॉर्म भरने के बाद माफ हो जाएगा। साथ में कर्ज मुक्ति अभियान का पाम्पलेट भी बटवाया गया है। उक्त फॉर्म भरने में आधार कार्ड का जिरोक्स, मोबाइल नंबर एवं 20 रुपये फॉर्म भरने का शुल्क लिया जा रहा है।

जायंट्स सहेली ने गुरु सिंधु जलप्रपात में मनाया पिकनिक, किया गर्म कपड़े का वितरण

क्ट्रऋ20240104-हअ0052

फोटो -वितरण करती सहेली सदस्य

गढ़वा। जायंट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा सहेली के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने गुरु सिंधु जलप्रपात में पिकनिक मनाया। इस दौरान सहेली सदस्यों ने जरूरतमंद महिलाओं एवं बच्चों के बीच गर्म कपड़े, बिस्कुट एवं टॉफी का वितरण किया। मौके पर जायंट्स सहेली के पदाधिकारियों ने बताया कि गरीबों के बीच सेवा कर असीम सुख की प्राप्ति होती है। जायंट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा सहेली समाज सेवा के क्षेत्र में तेईस वर्षों से काम कर रही है और आगे भी जरूरतमंदों की सेवा में सदैव लगी रहेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता जायंट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा सहेली की अध्यक्ष रितु जायसवाल एवं संचालन जायंट्स सहेली गढ़वा की प्रशासनिक निदेशक रंजना जायसवाल ने की। मौके पर मुख्य रूप से जायंट्स वेलफेयर फाउंडेशन फेडरेशन 8 के पदाधिकारी सीमा केशरी, जायंट्स सहेली की फाउंडर अध्यक्ष रश्मि कमलापुरी, रीता केशरी, लता गुप्ता, माला केशरी, सुनीता केशरी, वीणा केशरी, कंचन कुमारी, रीमा स्वरूप, संगीता गुप्ता, वन्दना सोनी, रीना केशरी, मंजु गुप्ता, रीना सोनी, आरती केशरी, नीलम केशरी, खुशी केशरी, सुवर्णा जायसवाल, कोमल स्वरूप आदि

भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के तहत कंबल का वितरण

गिद्धौर। प्रखंड के अंतर्गत पंचायत पहरा में बुधवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की शुरूआत नारियल तोड़ एवं फीता काटकर व दीप प्रज्वलित कर किया गया। जिसकी अध्यक्षता मुखिया बेबी देवी व विधायक किशन कुमार दास एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी हरिनाथ महतो ने किया।एवं संचालन प्रखंड भाजपा अध्यक्ष कपिल कुमार ने किया। मुख्य रूप से उपस्थित सांसद प्रतिनिधि मनोज कुशवाहा विधायक प्रतिनिधि महादेव दांगी लखन दांगी पंचायत सचिव चितरंजन शर्मा उप प्रमुख प्रीतम यादव महेंद्र राम उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधन करते हुए लोगों ने पंचायत वासियों को केन्द्र सरकार द्वारा दी जाने वाली सभी जनकल्याणकारी योजनाओं कि जानकारी बताए। जहां हरिनाथ महतो ने सर्वप्रथम जनधन खाता, उज्वला योजना आयुष्मान कार्ड एवं कई तरह की जानकारियां लोगों के बीच बताया गया।

हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

शपथ दिलाते बीडीओ

डंडई। प्रखंड के झोतर, जरही और डंडई पंचायत सचिवालय भवन के प्रांगण में हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधायक प्रतिनिधि दिनेश राम, प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल कुमार सानू, उप प्रमुख प्रतिनिधि रामाशीष प्रसाद, डंडई पंचायत की मुखिया धनवंती देवी, झोतर पंचायत के मुखिया संगीता देवी, जरही पंचायत के मुखिया महेंद्र चौधरी, कनिय अभियंता मुकेश दुबे, पंचायत सचिव सुदर्शन राम, वार्ड सदस्य, जेएसएलपीएस से जुड़ी महिला ग्राम संगठन की महिलाएं व कर्मियों सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

कार्यक्रम में एलईडी वाहन द्वारा भारत सरकार द्वारा दी जाने वाली सभी योजनाओं का चलचित्र के माध्यम से उपस्थित ग्रामीणों को बताया गया। इस मौके पर जेएसएलपीएस से जुड़े महिला ग्राम संगठन की महिलाओं के द्वारा सरकार द्वारा मिलने वाली योजनाओं के बारे में बताया गया। इस दौरान संगठन की महिलाओं ने प्राप्त योजनाओं के लाभ के बारे में फीडबैक दिया, जिसमें महिलाओं ने आयुष्मान कार्ड, पीएम उज्जवला योजना, पीएम आवास योजना तथा स्वच्छ भारत मिशन के बारे में लोगों को बताया।

तीन सदस्यीय कार्यकारी समिति करेगी बार एसोसिएशन का संचालन

बार एसोसिएशन को लेकर अधिवक्ताओं की बैठक संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

चतरा। चतरा बार एसोसिएशन इलेक्शन का रास्ता अब पूरी तरह साफ हो गया है। जल्द ही अब अधिवक्ताओं के नए कमेटी का चुनाव कार्य संपन्न करा लिया जाएगा। 3 माह से अधिक समय से उठा पटक के दौर से गुजर रहे बार एसोसिएशन के चुनाव को लेकर अधिवक्ताओं द्वारा बुलाई गई रिकूजीसन मीटिंग के बाद स्टेट बार काउंसिल को चुनावी प्रक्रिया और जिले में की जा रही तैयारियों से अवगत करा दिया गया है। शांति और शौहार्दपूर्ण वातावरण में बार एसोसिएशन का चुनाव संपन्न कराने को लेकर संगठन के सदस्य सह अधिवक्ताओं की बैठक बार भवन में हुई। बैठक की अध्यक्षता वरीय अधिवक्ता शत्रुघ्न प्रसाद सिंह ने किया। बैठक के दौरान सबसे पहले पुरानी कमेटी को तत्काल प्रभाव से भंग करते हुए बार एसोसिएशन के नियमित और सुचारू संचालन को लेकर चुनाव तक तीन सदस्यीय कार्यकारी समिति का गठन किया गया। जिसमें अधिवक्ता शत्रुघ्न प्रसाद सिंह, डॉ नंदकिशोर प्रसाद और मोहम्मद मंसर आलम को जिम्मेवारी सौंपी गई है। साथ ही स्टेट बार काउंसिल के निर्देश के आलोक में चतरा में होने वाले बार एसोसिएशन चुनाव को वैधानिक तरीके से संपन्न कराने को लेकर भी तीन सदस्यीय चुनाव समिति का गठन किया गया। इसमें अधिवक्ता कृष्णा सिंह, शिशिर कुमार पांडेय और रमेश कुमार को बतौर चुनाव पदाधिकारी मनोनीत किया गया।

कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग

ई-अति अल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा सं0 :– 03/RE/2023-24/RWD/EE/HAZARIBAG दिनांक :– 03.01.2024

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

कार्य की विवरणी :–

क्र0 सं0	आईडेन्टी फिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रुपया में) अंक में	अक्षर में	कार्य समाप्ति की अवधि	कॉल
1	RWD/HAZ/MMGSY/10/2023-24	बड़कागाँव प्रखण्ड के ग्राम चन्दौल में उत्क्रमित मध्य विद्यालय से मुरकटी मुख्य पथ तक पथ निर्माण कार्य (लं0–2.200 कि0मी0)	2,65,81,800/-	दो करोड़ पैंसठ लाख एकासी हजार आठ सौ मात्र	9 (नौ) माह	द्वितीय

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 06.01.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :–12.01.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की, तिथि, एवं समय–13.01.2024 पूर्वाह्न 5.30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता :–कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0–06546–265286।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग

PR 315102 (Rural Work Department) 23-24 (D)

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग

अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–15/2023–.24

1.	विज्ञापनदाता का नाम एवं पदनाम	:	कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग।
2.	परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि	:	दिनांक 12.01.2024 के अपराह्न 1.00 बजे तक
3.	निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय	:	दिनांक 13..01..2024 को 3.00 बजे अपराह्न तक
4.	निविदा खोलने की तिथि एवं समय	:	दिनांक 13.01.2024 को अपराह्न 3.30 बजे
5.	परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान	:	1) कार्यपालक अभियंता, या प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा भवन प्रमण्डल, हजारीबाग में। 2) अधीक्षण अभियंता, या प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा भवन अंचल, हजारीबाग में।
6	निविदा प्राप्ति का स्थान	:	01)) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,भवन प्रमण्डल , हजारीबाग।

क्र. सं.	कार्यकानाम	प्राक्कलित राशि (रू0 में)	अग्रधन की राशि (रू0 में)	परिमाण विपत्र कामूल्य (रू0 में)	कार्य समाप्ति की अवधि
1	Renovation of Fisher office Cum Residence at Hazaribag	2498000/-	50000/-	5000/-	03 माह
2	Construction of Boundary Wall for South side Nura Parikshetra Jheel Fisheri Department ,Hazaribag .	2323100/-	47000/-	5000/-	03 माह
3	Construction of Boundary Wall Nura Parikshetra Jheel Fisheri Department , Hazaribag	1871800/-	38000/-	5000/	03 माह

निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, हजारीबाग

PR 315077 Building(23-24).D

कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग

ई–अति अल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा सं0 :–07/RE/2023-24/RWD/EE/HAZARIBAG दिनांक :– 03.01.2024

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

1.कार्य की विवरणी :–

क्र0 सं0	आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या	प्रखण्ड	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रुपया में) अंक में	अक्षर में	कार्य समाप्ति की अवधि	कॉल
1	RWD/HAZ/STP KG/09/2023-24	बड़कागाँव	एन0टी0पी0सी0 पथ चेपाखुर्द से चेपाकला तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं0–4.150 कि0मी0)	15,23,93,600/-	पन्द्रह करोड़ तेईस लाख तिरान्वे हजार छः सौ रुपये मात्र	9 (नौ) माह	द्वितीय
		बड़कागाँव	जुबला से चानो तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं0–5.900 कि0मी0)				
		बड़कागाँव	हरली चिड़ मन्दिर से नापोकला पथ होते हुए सतबहिनी पुल तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं0–5.140 कि0मी0)				
		बड़कागाँव	जुरगी से इन्दरा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं0–6.550 कि0मी0)				
		बड़कागाँव	महुदी मध्य विद्यालय से चुम्बागड़ा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं0–3.600 कि0मी0)				
		बड़कागाँव	बड़कागाँव सूर्य मन्दिर से आराहरा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं0–4.100 कि0मी0)				
		बड़कागाँव	डोकाटांड़ से बरवनिया होते हुए मुहडीह तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं0–4.000 कि0मी0)				
2	RWD/HAZ/STP KG/10/2023-24	चुरचू	कुसाही से कजरी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं0–2.900 कि0मी0)	17,81,93,200/-	सतरह करोड़ एकासी लाख तेरान्वे हजार दो सौ रुपये मात्र	9 (नौ) माह	द्वितीय
		चुरचू	जोरदाग गाँव से डूमर (चुरचू मुख्य पथ) भाया कोवारी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं0–2.990 कि0मी0)				
		दारू	इरगा से बरवार तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं0–4.460 कि0मी0)				
		दारू	बेलवा मोड़ से ओंगो तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं0–5.220 कि0मी0)				
		दारू	ओंगो से रहमदगा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं0–4.500 कि0मी0)				
		डाडी	खपिया से कोल्हुवाटांड़ तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं0–1.000 कि0मी0)				
		केरेडारी	बलेंदवारी से तेलिया बेंगवारी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं0–3.450 कि0मी0)				
		केरेडारी	गरीखुर्द से बरियातु तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं0–2.300 कि0मी0)				
		बड़कागाँव	ओंगो आर0ई0ओ0 रोड से करमटांड, बधपंजा भाया कोयलंग, सरना, बगाही तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं0–4.255 कि0मी0)				
		बड़कागाँव	काण्डतरी से बुढवा महादेव तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं0–2.400 कि0मी0)				
		बड़कागाँव	लुरुंगा मुख्य पथ से आदिवासी टोला भाया लेटवाटांड, चानो तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं0–3.400 कि0मी0)				
		बड़कागाँव	नापोखुर्द से असनाटांड़ तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं0–2.750 कि0मी0)				
3	RWD/HAZ/ST PKG/11/2023-24	केरेडारी	तरवां से हेन्देगीर होते हुए पताल तक पथ सुदृढ़ीकरण कार्य (लं0–19.825 कि0मी0)	18,71,02,200/-	अठारह करोड़ एकहत्तर लाख दो हजार दो सौ रुपये मात्र	9 (नौ) माह	द्वितीय

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 06.01.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :–12.01.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की, तिथि, एवं समय–13.01.2024 पूर्वाह्न 5.30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता :–कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0–06546–265286।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग

PR 315106 (Rural Work Department)23-24*D

लातेहार जिले में वाहन जांच के नाम पर पुलिस की ज्यादती चरम पर, पक्ष-विपक्ष के नेता मौन, जनता बेबस व लाचार

पुलिस द्वारा युवक को बेरहमी से पीटे जाने का मामला, युवक की स्थिति गंभीर

➲ कोलियरी में चलने वाले हाईवा की चपेट में आने से कई लोग गवां चुके हैं जान, नहीं होती उनकी जांच, प्रशासन की कार्यशैली सवालो के घेरे में

राजेश प्रसाद

लातेहार। सड़क सुरक्षा कार्यक्रम के नाम पर विगत एक माह से लातेहार जिला प्रशासन के द्वारा पुरे जिले में सघन वाहन चेकिंग अभियान चला रही है, जो सराहनीय कदम है लेकिन अभियान के दौरान प्रशासन के द्वारा खास तौर पर बाईको को निशाना बनाया जा रहा है। अभियान के क्रम में एक माह के दौरान जिले के कई स्थानो पर पुलिस की ज्यादती व अभद्रता का मामला लगातार सामने आ रहा है। जो लातेहार पुलिस के सामुदायिक पुलिसिंग पर बट्टा लगाने का काम कर रही है। आम लोगो का आरोप है कि जांच के नाम पर गर्भवती महिलाओं, वृद्धो के साथ भी कोई रहम नहीं दिखा रही है। ताजा मामला लातेहार सदर प्रखंड से आया है, जहां बुधवार 3 जनवरी को वाहन जांच के दौरान लातेहार के एक युवक साथ बीच चौंक पर आला अधिकारी की मौजूदगी में पुलिस के द्वारा पिटाई व दुर्व्यहार किये जाने का मामला सामने आया है। पिटाई का विरोध करने पर युवक को पुलिस पकड़कर अपने साथ ले गयी। युवक का आरोप है कि पकडकर ले जाने के बाद पुलिस उनके साथ बेरहमी के साथ लाठी से पिटाई की। पिटाई से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है, जिसके बाद उसे प्राथमिक उपचार के लिए सदर अस्पताल लातेहार लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुये बेहतर इलाज कि लिए रिम्स रांची रेफर कर दिया गया, जहां फिलहाल उसका इलाज चल रहा है। मामले का लेकर पिटाई का वीडियो भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर ट्वीट कर लोग पुलिस की कार्यशैली पर कड़ी प्रतिक्रिया दे रहे है व पुलिस की गुंडागर्दी बता रहे हैं।

पुलिस की बर्बरता की कहानी भुक्तभोगी की जुबानी

पुलिस की पिटाई से घायक हुआ युवक।

जख्म का निशाने दिखाते भुक्तभोगी।

पिटाई से घायक युवक प्रशांत कुमार उपाध्याय पिता प्रमोद उपाध्याय (बानपुर लातेहार) ने खबर मन्त्र के साथ साथ बातचीन में पुलिस की बर्बरता की कहानी बतायी जो उनके दर्द व पुलिस की बर्बरता को व्यां कर रही थी। प्रशांत कुमार उपाध्याय ने बताया कि उनका अपराध सिर्फ इतना था कि वह एक युवक के साथ बाईक पर पीछे बैठा था, बाईक चला रहा युवक हेल्मेट पहना था, लेकिन पीछे बैठकर उसने हेल्मेट नहीं पहन रखी थी। जांच के दौरान पुलिस ने उन्हे रोका व एक अधिकारी ने मौजूद जवान को उसके साथ पिटाई करने को कहा, जिसके बाद जवान उसे पिटने लगा, जिसका वह विरोध किया तो मौजूद पुलिस चारो ओर से घेरकर मारपीट करने लगे। प्रशांत ने बताया कि विरोध स्वरूप उसने सिर्फ इतना कहा कि बीच चौक पर पिटाई करने का अधिकार पुलिस को किसने दिया है, जिसके बाद मौजूद पुलिस के पदाधिकारी उसे पकड़कर थाने ले गये व थाना में बंद कर उसके साथ लाठी से बेरहमी से पिटाई की गयी। लगभग साढ़े चार घंटे थाने में रखने व पिटाई करने के बाद रात्री लगभग 10 बजे उसे उसके हाल पर पुलिस के द्वारा छोड दिया गया, जिसके बाद वह जैसे-तैसे घर पहुंचा, घर पहुंचने के बाद प्रशांत को सांस लेने में तकलिफ होने के बाद परिजन उसे लेकर सदर अस्पताल पहूंचे जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुये बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया, जहां उनका उपचार चल रहा है, भुक्तभोगी ने बताया कि डॉक्टरो ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुये तत्काल रिम्स में एडमिट होने की बात कही है।

सामुदायिक पुलिसिंग पर बट्टा लगा रही है लातेहार पुलिस की कार्यशैली

आम लोगो ने आरोप लगाते हुये कहा कि एक ओर सामुदायिक पुलिसिंग चलाकर आम जनता के साथ मैत्री पूर्ण संबंध स्थापित करने का दावा करती है, लेकिन वर्तमान में जो स्थिति दिख रही है वह सामुदायिक पुलिसिंग पर बट्टा लगाने का काम कर रही है। एक ओर पुलिस के जवान व अधिकारी खुद परिवहन नियमो की धज्जियां उड़ाती है व बिना हेल्मेट के घुमते देखे जाते है, उन्हे कोई नहीं रोकता, जिले के अधिकांश अधिकारी बिना सिटबेल्ट के चार पहिया वाहन में घुमते हैं उन्हे कोई नहीं रोकता है।

पुलिस हेलमेट चेकिंग के नाम पर ज्यादती बंद करें : प्रतुल शाहदेव

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने लातेहार पुलिस के द्वारा हेलमेट नहीं पहनने पर लोगों के साथ दुर्व्यवहार की शिकायतों को गंभीरता से लिया है।प्रतुल ने कहा कि पुलिस नियम सम्मत, कानून सम्मत कार्रवाई करे तो कोई आपत्ति नहीं। लेकिन अगर पुलिस फाइन काटने की जगह डंडा चलाने लगे तो यह बेहद आपत्तिजनक है। प्रतुल ने कहा कि उन्होंने इस सिलसिले में लातेहार जिले के वरीय अधिकारियों से भी बातचीत की है और उनसे आग्रह किया है कि हेलमेट नहीं पहनने वालों पर नियम सम्मत कार्रवाई हो। लाठी और डंडे अगर चलते रहें तो अब जनता सड़कों पर होगी और आंदोलन की शुरूआत होगी।

मामले में क्या कहते है लातेहार उपायुक्त हिमांशु मोहन

मामले को लेकर खबर मन्त्र के द्वारा उपायुक्त हिमांशु मोहन से पुछे जाने पर उपायुक्त ने भी घटना को लेकर खेद जताते हुये कहा कि ऐसी सुचना मिली है कि लोगो के साथ अच्छा व्यवहार नहीं किया जा रहा है। जिसके बाद मामले को लेकर 11 जनवरी को बैठक बुलायी है। जिसमें आम जनो के साथ घटित हो रहे मामलो को लेकर गंभीरता से चर्चा किया जायेगा।

कोलियरी में चलने वाले हाईवा की चपेट में आने से कई लोग गवां चुके हैं जान, नहीं होती जांच

लोगो ने बताया कि बालूमाथ, चंदवा, लातेहार जिले में संचालित कोलियरियों में चलने वाले बड़े वाहनो व हाईवा के चपेट में आने से कई गरीब जान गवां चुके हैं, लेकिन पुलिस उन वाहनो की जांच नहीं करते है, क्योंकि बड़े वाहन बड़े व्यवसायी व राजनीतिक रसुखदार लोगो के होते हैं। इसलिए प्रशासन उस ओर नजर भी उठाकर नहीं देखती है। पुलिस का डंडा सिर्फ गरीब लोगो पर हीं चलता है। जिनता सख्ती पुलिस वाहन जांच में दिखा रही है अगर उतनी सख्ती अपराध व उग्रवाद नियंत्रण पर लगाती तो शायद जिला अपराध नियंत्रण में पहले स्थान पर रहती व जिले में अपराध में कमी दिखती।

चौक पर युवक के साथ दुर्व्यहार करती पुलिस व लगा मजमा।

चालान कटाने को लेकर परिवहन कार्यालय में जमा लोगो की भींड़।

➲ विभाग के अधिकारी कार्यालय में बैठे काट रहे चालान, कोर्ट व विभाग के कार्यालय का चक्कर काट रही है आम जनता

पुलिस की बर्बरता, ज्यादती के खिलाफ सत्ता पक्ष व विपक्ष के नेता मौन जनता जाये तो जाये कहां

एक ओर जिले में वाहन जांच के दौरान पुलिस के द्वारा आम जनता के साथ दुर्व्यहार, ज्यादती व मारपीट करने का मामला लगातार सामने आ रहा है, लेकिन प्रशासन के विरोध में न तो कोई जन प्रतिनिध व न हीं पक्ष-विपक्ष के नेता कुछ बोल रहे हैं। ऐसे में आम जनता अपने आप को असहाय व कमजोर देख रहा है। सब कुछ देखते हुये भी सभी की चुप्पी जनता के बीच रोष का कारण बन रहा है।

फाइन काटने का हक पुलिस के पास है, डंडा चलाने का बिल्कुल नहीं

प्रतुल ने कहा कि देश कानून से चलता है लाठी डंडे से नहीं। प्रतुल ने कहा कि हेलमेट चेकिंग अभियान का स्वागत है। इस से आम लोगों के सर की हिफाजत होती है। लेकिन हेलमेट चेकिंग के नाम पर पुलिस की बर्बरता का विरोध होगा।

आस पास के जिले में नहीं है पुलिस की इतनी सख्ती

बता दें कि लातेहार जिले के पड़ोसी जिले पलामू, लोहरदगा, रांची या फिर चतरा में वाहन चेकिंग के नाम इतनी सख्ती नहीं है। जांच हो रहा है लेकिन लोगो को परेशान नहीं किया जा रहा है। सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण को लेकर वाहन जांच व हेल्मेट जांच जरूरी है लेकिन जांच के नाम पर लोगो के साथ दुर्व्यहार व बर्बरता कहीं से सही नजर नही आता है।

एक माह से चल रहा है अभियान पर डिजिटल इंडिया के दौर में भी ऑन द स्पॉट व ऑन लाईन चालान काटने की कोई व्यवस्था नहीं

बिना हेल्मेट के सड़क पर बाईक दौड़ाता पुलिस का जवान।

बता दें कि विगत लगभग एक माह से पुलिस के द्वारा पुरे जिले में सड़क सुरक्षा कार्यक्रम चलायी जा रही है। लेकिन डिजिटल इंडिया के दौर में भी जिले के किसी भी जांच प्वांइट पर न हीं तत्काल और न हीं ऑन लाईन चालन काटने की कोई व्यवस्था की गयी है। पुलिस के द्वारा जांच के क्रम में बिना हेल्मेट के पकड़े जाने वाले बाईक को सिधे जब्त कर रही है। जब्त करने के बाद दुसरे दिन इसकी सुची विभाग व कोर्ट को भेजती है, जिसके बाद तिसरे, चौथे दिन तो कुछ लोग एक सप्ताह थाना, परिवहन विभाग व कोर्ट का चक्कर काटने के बाद अपना चालान कटा पाते है तब जाकर उनकी बाईक छुटती है। राज्य में शायद हीं कोई ऐसा जिला होगा जहां इस प्रकार की कानून व्यवस्था चलती हो। सुदूरवर्ती क्षेत्र से आये आम जनता का कहना है कि यदि हम गलती कर रहे है तो हम फाईन भरने के हकदार है लेकिन फाईन के नाम पर जिला प्रशासन के द्वारा परेशान करना ये गलत है, हम सभी इसका विरोध करते है। यदि कोई ग्रामीण का मोटरसाईकल महुआडांड़ में पकड़ा जाये तो उसे चालान कटवाने के लिए लातेहार डीटीओ ऑफिस का चक्कर लगाना पड़ता है वो भी एक दिन में चालान नहीं काटा जाता है और दो तीन दिन तक डीटीओ ऑफिस का चक्कर काटना पड़ता है। पुछने पर डीटीओ ऑफिस में कार्यरत कर्मी के द्वारा बोला जाता है कि आपका बाईक का नंबर वाला लिस्ट नहीं आया है आने के बाद चालान काट दिया जायेगा।

स्पीड न्यूज

बेटे की आत्महत्या बर्दाश्त नहीं कर सकी मां, हो गई मौत

लातेहार। सदर थाना क्षेत्र के मोंगर गांव निवासी सुरेश सिंह के आत्महत्या की सदमा को बर्दाश्त नहीं कर सकी और एक दिन बाद ही उसकी मां कोइली कुंवर (70) की भी बुधवार की सुबह मौत हो गई। सोमवार की रात्रि सुरेश सिंह ने आत्महत्या कर अपने इस लीला को समाप्त कर लिया था।आत्महत्या के सूचना के बाद मां की रो रो कर बुरा हाल था। मंगलवार को बेटा का अंतिम संस्कार किया गया। इसके बाद रात में ही उनकी मां का तबीयत खराब हुई और सुबह उनकी मौत हो गई। बुधवार को मां का भी अंतिम संस्कार किया गया।

अलौदिया में पवित्र अक्षत कलश के साथ निकली शोभायात्रा

शोभा यात्रा में शामिल धर्म प्रेमी।

चंदवा। आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में होने जा रहे श्रीराम मंदिर प्रांगण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के निमित लाये गये निमंत्रण पत्र व अक्षत कलश के साथ गुरूवार को चंदवा प्रखंड के अलौदिया ग्राम पंचायत में शोभा यात्रा निकाली गयी। शोभा यात्राा की शुरूआत गुलाचयी बाबा मंदिर की गयी, जो नगर भ्रमण करते हुये शुक्र बाजार, हरैया होते अलौदिया होते मंदिर प्रांगण पहुंचकर संपन्न हो गयी। शोभा यात्रा के दौरान सनातन हिन्दू धर्मावलंबियों के घर-घर जाकर पवित्र अक्षत का वितरण किया गया। शोभा यात्रा के मौके पर कुलामन साहू, दीपक निषाद, कृष्णा कुमार, रूपेश कुमार, छोटू कुमार, मनोज कुमार समेत सैकड़ो श्रद्वालु शामिल थे।

कुसुम टोली में युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

चंदवा। चंदवा शहर से सटे पूर्वी पंचायत के कुसुम टोली ग्राम निवासी अमरदीप उरांव की पत्नी रूणिता देवी 27 वर्ष ने देर शाम अपने ससुराल में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के संबंध में सूत्रों की माने तो रूणिता देवी के पति अक्सर शराब पीकर अपने पत्नी के साथ मारपीट किया करते थे प्रतिदिन के झगड़े से तंग आकर उसने आत्महत्या कर ली।

विधायक के निर्देश पर अंकित पांडेय ने वृद्ध दंपति को उपलब्ध कराया आवश्यक सामग्री

खबर मन्त्र संवाददाता

लातेहार। विधायक बैद्यनाथ राम के निर्देश पर युवा नेता अंकित पांडेय टेमकी गांव पहुंचकर बेघर वृद्ध दंपती रूपन उरांव व सुकरी देवी को आवश्यक सामग्रियां उपलब्ध करायी। अंकित ने उन्हें सरकारी प्रावधानों के अनुसार सुविधाएं दिलाने का भी भरोसा दिया। रूपन उरांव ने कहा कि उसके पास रहने के लिए घर नहीं है। इस कारण वह इस यात्री शेड में रह रहे हैं। उसने कहा कि सरकार गांव-गांव शिविर लगाकर अबुआ आवास दे रही है। अगर उसे भी अबुआ आवास मिल जाता तो रहने का ठिकाना हो जाता है।

सरकारी सुविधाएं उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाया

दरअसल रूपन उरांव और उसकी पत्नी के पास रहने के लिए घर नहीं है, वह यात्री शेड में रहने को विवश है, यह खबर प्रसारित हुई थी। इस पर विधायक बैद्यनाथ राम ने संज्ञान लिया और अंकित पांडेय को वृद्ध दंपती से मिलने व मदद करने का निर्देश दिया। जिसके बाद पांडेय टेमकी गांव पहुंचे और कंबल, गद्दा, तकिया, बेडसीट, राशन व अन्य सामग्रियां उपलब्ध करायी। उन्होंने शुभम संदेश को बताया कि विधायक बैद्यनाथ राम के निर्देश पर सामग्रियां उपलब्ध करायी गयीं कहा कि सरकारी सुविधाएं भी दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। मौके पर मुखिया रवि भगत, शैलेश कुमार, सोनू पाठक, विवेक कुमार व मोनू सिंह समेत कई लोग मौजूद रहे।

केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ उठाएं ग्रामीण : कन्हाई प्रसाद

➲ हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम का बरवाडीह और खुरा में हुआ आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा नेता और अन्य।

बरवाडीह। बरवाडीह और खुरा पंचायत में गुरुवार को आयोजित हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम का उदघाटन जिप सदस्य सन्तोषी शेखर, प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय, सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, वन एवं पर्यावरण विभाग के सांसद प्रतिनिधि अजय सोनी, उप प्रमुख वीरेंद्र जयसवाल, पंचायत के मुखिया कालो देवी और जितेंद्र सिंह के द्वारा दीप प्रचलित करने के साथ एलईडी स्क्रीन का फीता काटकर किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सबसे पहले बरवाडीह पंचायत से की गई। जबकि दूसरी पाली में खुरा पंचायत सचिवालय में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मौजूद लोगों के बीच जिला परिषद सदस्य समेत अन्य अतिथियों के द्वारा केंद्र सरकार के माध्यम से चलाई जा रही सभी योजनाओं और उसके उपलब्धियां को गिनाने का काम किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से इंडियन गैस एजेंसी और एचपी गैस एजेंसी के द्वारा अतिथियों के हाथों 50 से अधिक महिलाओं के बीच उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन का वितरण किया गया। इस दौरान मौके पर डॉ.प्रभात, बिसीओ अनुज शरण, नाजिर अरविंद कुमार, पीएम आवास समन्वयक दीपक कुमार, पारस जयसवाल, वार्ड सदस्य रेखा पाठक, भाजपा नेता सुनील कुमार सिंह, ननदेव सिंह, अजय प्रसाद, शिबू प्रसाद, दिलीप कुमार पासवान, उप मुखिया सुनीता देवी, जेएसएलपीएस रंजिता सिंह, सुमित्रा देवी, रुपनती देवी, समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

सेरंगदाग चलने वाली गाड़ियों को दुसरे खदान में चलाने व ट्रीप बढ़ाने की मांग को लेकर कर रहे है आंदोलन

टोरी में आज से कांटा बंद कर आंदोलन करेगी झारखंड पठारी चंदवा बॉक्साइट ट्रक ऑनर एसो

खबर मन्त्र संवाददाता

आंदोलन को बैठक करते ट्रक ऑनर।

चंदवा। सेरंगदाग खदान में चलने वाली बॉक्साइट ट्रकों को दुसरे खादान में सिफ्ट करने व ट्रीप बढ़ाने की मांग को लेकर शुक्रवार 5 जनवरी से झारखंड पठारी चंदवा बॉक्साइट ट्रक ऑनर एसो. तत्वावधान में ट्रक ऑनर टोरी साईडिंग में कांटा बंद कर आंदोलन पर जायेंगे। जिसको लेकर एसो. ने लातेहार एसडीओ, चंदवा थाना व कंपनी प्रबंधन को अवगत करा दिया है। आहूत कार्यक्रम को लेकर चंदवा बॉक्साइट ट्रक ऑनर एसो. ने गुरूवार को चंदवा के गैरेज लेन स्थित होटल आकाश परिसर में बैठक किया, बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के सचिव संजीव कुमार व संचालन मो. एकराम ने किया। ट्रक ऑनरो ने कहा कि सेरंगदाग खादान में चलने वाली ट्रको को विगत तीन वर्षो से ट्रीप नहीं दिया जा रहा है। कंपनी प्रबंधन के द्वारा महिने में 12 ट्रीप देने का वादा किया गया था लेकिन वर्तमान में सेरंगदाग माईंस में माल ही नहीं है व महज 2 ट्रीप हीं मिल पा रहा है जिस कारण ट्रक ऑनर भुखमारी के कगार पर है। मांगो को लेकर लंबे समय से संघर्ष किया जा रहा है लेकिन प्रबंधन मौन है ऐसे में आंदोलन ही एक मात्र रास्त हम ऑनरो के पास बचा है। एसो. ने सेरंगदाग चलने वाली गाड़ियों को 4 जनवरी तक कहीं और चलने की व्यवस्था किया जाने की मांग की थी, लेकिन इस पर काम नहीं हुआ जिसके बाद बाध्य होकर 5 जनवरी शुक्रवार से टोरी साइडिंग में कांटा कार्य को अनिश्चितकालीन बंद किया जाएगा। 6 जनवरी से कांटा के समक्ष धरना दिया जाएगा, जिसकी सारी जवाबदेही हिंडाल्को प्रबंधन की होगी। बैठक में मनोज कुमार गुप्ता, अर्जुन प्रसाद वर्मा, किशोर गिनोडिया, जयराम भारती, मो. इरफान, मो. मिनहाज, मंटू कुमार, विष्णु कुमार गुप्ता, फिरोज अंसारी, जयराम उरांव, मो. आजाद, कृष्ण कुमार चौधरी, शिवनाथ यादव, दीपक दुबे, मो. अख्तर, बीजू कुमार, दिनेश प्रसाद, सबलू अंसारी, राजकिशोर सिंह, जद्दू प्रजापति, मो. फइम, बिहारी प्रजापति, मन्नू कुमार, अशोक कुमार समेत दर्जनों ट्रक ऑनर मौजूद थे।

अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को लेकर बैठक संपन्न

बैठक में उपस्थित लोग।

लातेहार। श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर लातेहार की एक बैठक अध्यक्ष राजेश प्रसाद गुप्ता उर्फ भोला की अध्यक्षता में मंदिर परिसर में आयोजित किया गया। बैठक में आगामी 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर, अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर में मंदिर परिसर में कई कार्यक्रम का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। उक्त तिथि को मंदिर में आकर्षक विद्युत सजावट की जायेगी। इसके अलावा संध्या में दीपोत्सव कार्यक्रम किया जायेगा। दिन में भजन व कीर्तन के बाद महाप्रसाद का वितरण किया जायेगा। बैठक में मंदिर का 30 वां स्थापना दिवस भी धुमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। इसके लिए तीन दिवसीय कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गयी। 20 फरवरी को कलश यात्रा 21 फरवरी को दुर्गा सप्तशति पाठ एवं 22 फरवरी को पुणार्हुति के बाद नौ कन्या पूजन व भंडारा तथा रात्रि में भगवती जागरण करने का निर्णय लिया गया। आयोजन की सफलता के लिए इसके लिए दायित्वों का बंटवारा किया गया। अध्यक्ष श्री गुप्ता ने इस अनुष्ठान मे तन, मन व धन से सहयोग करने की अपील नगरवासियों से की। वहीं संरक्षक अभिनंदन प्रसाद, त्रिभुवन पांडेय व विनोद कुमार साहु, सचिव आशीष टैगोर ने स्थापना दिवस होने वाले कार्यक्रमों की विस्तार से जानकारी दी। बैठक में कोषाध्यक्ष राजू रंजन सिंह, राजीव कुमार साहु, सह सचिव रविंद्र प्रजापति व रंजीत कुमार, सतीष कुमार, संतोष कुमार दुबे, आकाश कुमार जायसवाल, राजेश पाठक, सुनील कुमार, संजय प्रसाद, संतोष प्रसाद पिंटू व विवेक शुक्ला आदि मौजूद थे।

नीतीश कुमार से मिलने सीएम आवास पहुंचे तेजस्वी यादव

नए साल में दोनों की पहली मुलाकात, क्या बिहार में होने वाला है कुछ बड़ा?

खबर मन्त्र संवाददाता

पटना। इस वक्त बिहार की राजधानी पटना से बड़ी खबर सामने आ रही है। दरअसल बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव गुरुवार को सीएम नीतीश कुमार से मिलने 1 अणे मार्ग पहुंचे हैं। बताया जा रहा है कि नए साल नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव की पहली मुलाकात है। सूत्रों के अनुसार तेजस्वी यादव अभी सीएम आवास में ही मौजूद हैं और नीतीश कुमार से बातचीत कर रहे हैं। हालांकि नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव के बीच यह मुलाकात किस सिलसिले में हो रही है इस पर कुछ पुख्ता जानकारी नहीं मिल पा रही है। लेकिन, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव की मुलाकात कई मायनों में महत्वपूर्ण मानी जा रही है। दरअसल नए साल पर इन दोनों नेताओं की मुलाकात में इंडिया गठबंधन में सीट शेयरिंग से लेकर के अन्य मुद्दों पर बातचीत की संभावना है। बता दें, पिछले कई दिनों से बिहार में लगातार बदल रही

सियासत के बीच लाल यादव और उनके परिवार के किसी सदस्य से नीतीश कुमार की मुलाकात नहीं हुई थी। 1 जनवरी नए साल के मौके पर भी इन दोनों नेताओं की मुलाकात नहीं हो पायी थी जबकि इसके पहले आमतौर पर आए दिन नीतीश कुमार लालू प्रसाद यादव के आवास जाते थे या फिर लालू यादव खुद नीतीश कुमार से मिलने एक अन्य मार्ग पहुंच जाते थे। लेकिन कुछ दिनों से दोनों में दूरियां साफ तौर पर दिख रही थी। हालांकि आज तेजस्वी यादव खुद नीतीश कुमार से मिलने पहुंचे हैं। बताया जा रहा है कि नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव दोनों की मुलाकात पहले से ही तय थी। अब ऐसे में इस मुलाकात के कई मायने हैं। बिहार की वर्तमान राजनीतिक स्थिति को देखते हुए इस मुलाकात को काफी अहम माना जा रहा है। सूत्रों के अनुसार इस मुलाकात के दौरान नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव आगामी चुनाव 2024 को लेकर कई अहम मुद्दों पर चर्चा कर सकते हैं।

एक नजर में

पीजी सेमेस्टर-3 का परीक्षा फॉर्म भरने की संशोधित तिथि जारी

दुमका। सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग ने गुरुवार को पीजी सेमेस्टर-3 परीक्षा के लिए फॉर्म भरने की तिथि में संशोधन किया है। इसकी जानकारी विश्वविद्यालय प्रवक्ता दीपक कुमार दास ने दी। उन्होंने बताया कि परीक्षा विभाग द्वारा जारी संशोधित अधिसूचना के अनुसार अब छात्र-छात्राएं 18 से 24 जनवरी तक परीक्षा फॉर्म ऑनलाइन विश्वविद्यालय का आधिकारिक वेबसाइट से भर सकते है। पूर्व में जारी अधिसूचना के अनुसार छात्रों को 6 से 13 जनवरी तक में फॉर्म भरने की तिथि निर्धारित किया गया था। उक्त जारी अधिसूचना को विश्वविद्यालय का अधिकारिक वेबसाइट से डाउनलोड कर देखा जा सकता है।

नेत्रहीन आवासीय विद्यालय में डालसा ने चलाया जागरूकता कार्यक्रम

दुमका। विश्व ब्रेल दिवस' के अवसर पर प्रधान जज सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार अध्यक्ष अनिल मिश्रा के निर्देश पर नेत्रहीन आवासीय विद्यालय में जागरूकता अभियान गुरुवार को चलाया। इस अवसर पर प्राधिकार सचिव विश्वनाथ भगत ने श्रीअमडा स्थित नेत्रहीन आवासीय विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम करा कर रहे है। नेत्रहीन और दृष्टि बाधित छात्रों के लिए मानवाधिकारों की पूर्ण प्राप्ति में संचार के साधन के रूप में ब्रेल लिपि के महत्व के बारे में समझाया। उन्होंने कहा कि पूरे विश्व में करीब एक अरब विकलांग व्यक्तियों की सामान्य परिस्थितियों में भी स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा तथा रोजगार नहीं हो पाती है नेत्रहीनता की स्थिति में इन लोगों के अधिकार और मूलभूत जरूरतें पूरी नहीं हो पाती है।

जिला योजना कार्यकारिणी समिति की बैठक संपन्न

चतरा। समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में जिला योजना कार्यकारिणी समिति की बैठक की गई। बैठक में सर्व प्रथम उपस्थित सभी कार्यकारी एजेंसी से योजनाओं के वर्तमान स्थित की बिंदुवार जानकारी ली गई। उन्होंने कहा वैसी तकनीकी योजनाएं जो किसी कारनवस लंबित है उसे संबंधित के साथ आपस में समन्वय स्थापित कर पूर्ण कराएं। अनाबद्ध निधि मद, जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट मद, सीएसआर, विशेष केंद्रीय सहायता मद से संचालित सभी योजनाओं को भौतिक और वित्तीय रूप से जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। जिला योजना पदाधिकारी को लगातार कार्य स्थल पर भौतिक निरीक्षण करने का निर्देश दिया।

मंत्री जोबा माझी ने बंदगांव में प्रसूति प्रतीक्षालय का किया लोकार्पण

खबर मन्त्र संवाददाता

चक्रधरपुर। चक्रधरपुर अनुमंडल के बंदगांव प्रखंड स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दस बेड का प्रसूति प्रतीक्षालय का निर्माण कराया गया है। गुरूवार को राज्य की महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग की मंत्री जोबा माझी ने प्रसूति प्रतीक्षालय का उद्घाटन फीता काटकर किया। मौके पर मंत्री जोबा माझी ने कहा कि प्रसूति प्रतीक्षालय के निर्माण से गर्भवती महिलाओं को संस्थागत प्रसव के लिए प्रेरित किया जा सकेगा तथा इसका लाभ सुदूरवर्ती बंदगांव प्रखंड के दूरस्थ क्षेत्र में रहने वाली गर्भवती महिलाओं को भी मिलेगा।

उन्होंने कहा इसका उद्देश्य जिला अंतर्गत मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम कर अस्पताल में ही प्रसव हो इसको बढ़ावा देना है।एसडीओ रीना हासदा ने कहा कि यहां प्रसूति प्रतीक्षालय बनने से जंगल क्षेत्र एवं सुदूरवर्ती क्षेत्र के

महिलाओं को इसका लाभ मिलेगा। अब आसानी से यहां की महिलाएं अपना प्रसव करा सकती है। वहीं चिकित्सा प्रभारी सुनील बड़ाईक ने कहा कि प्रसूति प्रतीक्षालय का निर्माण बहुत ही बेहतर कार्य है, अब इसके लिये आंगनबाड़ी सेविका एवं सहिया प्रचार प्रसार करें, जिससे सुदूरवर्ती क्षेत्र की महिलाओं को इसका लाभ मिल सके एवं हमलोग बेहतर सेवा दे सके। ज्ञात रहे कि मानसी प्लस परियोजना टाटा स्टील फाउंडेशन द्वारा सीएसआर माध्यम से जिले में संचालित की जा रही है। मानसी प्लस परियोजना तहत प्रसूति प्रतीक्षालय का निर्माण कराया गया है। मौके पर सिविल सर्जन डा. साहिर पाल, बीडीओ नम्रता जोशी, जिप सदस्य जसफीन हमसाय, प्रखंड प्रमुख घनश्याम पीटर तियु, बीस सूत्री उपाध्यक्ष प्रेम मुंडारी, सदस्य महेश प्रसाद साह, तुलसी दास गणवीर, डा. विशाल चंद्र, वेश बिरुली, टाटा स्टील फाउंडेशन के अनिल उरांव समेत काफी संख्या में स्वास्थ्य विभाग के कर्मी समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

प्रसव के दौरान नवजात शिशु की हुई मौत

इटखोरी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इटखोरी में प्रसव के दौरान एक नवजात शिशु की मौत बुधवार को हो गई। जिसके बाद परिजनों ने स्वास्थ्य कर्मियों पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। अस्पताल की सूचना पर पहुंचे पुलिस ने परिजनों को समझा बुझा कर किसी तरह मामला को शांत कराया। परिवार के सदस्यों ने स्वास्थ्य कर्मियों से रेफर करने की बात कही। परंतु स्वास्थ्य कर्मियों ने रेफर नहीं किया। इसी दौरान नवजात शिशु की मौत हो गई।

नवयुवकों की पंचायत स्तरीय बैठक संपन्न हुई

खबर मन्त्र संवाददाता

चतरा। ठाकुर गंगटी प्रखंड के मोरडिहा ग्राम स्थित ग्रामीणों ने बैठक में अयोध्यानाथ धाम से आए अक्षत भरा कलश और आमंत्रण पत्रक वितरित किए जाने के संबंध में विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। दर्जन भर से अधिक गणमान्यों, बुजुर्गों, शिक्षाविदों, किसानों, मजदूरों, नवयुवकों आदि ने बारी-बारी से अपना विचार रखा। सर्वसम्मति से अभिमंत्रित अक्षत और आमंत्रण पत्रक को मोरडीहा पंचायत के गावों में घर-घर घूमकर धूमधाम से वितरण किए जाने का निर्णय लिया गया। बताया गया कि आगामी रविवार सात जनवरी को ढोल बाजे, बाजे, झंडा, बैनर, सुसज्जित रथ के साथ अभिमंत्रित अक्षत और आमंत्रण पत्रक को घर-घर वितरित किया जाएगा। सर्व समिति से अजय कुमार शाह को इस कार्यक्रम के लिए कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया।

बैठक का आयोजन

गोड्डा। सर्वप्रथम अपर समाहर्त्ता सह-जिला शिकायत निवारण पदाधिकारी, गोड्डा द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के क्रियान्वयन की दिशा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले मुखियागण का चयन हेतु निर्धारित मापदण्ड के संबंध में सभी सदस्यों तथा उपस्थित मुखियागण को विस्तार पूर्वक बताया गया। बैठक में प्रस्तावित मुखियागण का एक-एक कर चयन समिति द्वारा निर्धारित मापदण्डों के अनुसार कुल 08 (आठ) बिन्दुओं (कुल अंक-100) पर अंकिकरण किया गया। जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मुखिया अंकिकरण किया गया एवं अधिक अंक प्राप्त करने वाले मुखिया को क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान दिया गया एवं चयनित प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मुखियागण का नाम झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग को भेजने का निर्णय लिया गया। जिला स्तरीय चयन समिति के द्वारा बोआरीजोर प्रखंड के मेधी पंचायत के मुखिया श्री मनोज मरांडी को प्रथम स्थान, सुंदरपहाड़ी प्रखंड के बड़ासिंदरी पंचायत के मुखिया श्री राम पहाड़िया को द्वितीय स्थान एवं पथरगामा प्रखंड के बिसाहा पंचायत के मुखिया श्रीमती अनीता देवी को तृतीय स्थान के रूप में चयन किया गया।

वेयर हाउस का डीसी ने किया निरीक्षण

चतरा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चतरा अबु इमरान ने बुधवार को निर्वाचन कार्यालय स्थित वेयर हाउस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के उपरांत प्रशिक्षण एवं जागरूकता हेतु भारत निर्वाचन आयोग के तय मानकों के आधार पर राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में वेयर हाउस खोला गया।

केरा के चंद्रजारकी की ग्रामसभा में हुई शामिल बीडीओ सीमा कुमारी

खबर मन्त्र संवाददाता

चक्रधरपुर। चक्रधरपुर की बीडीओ सीमा कुमारी ने गुरूवार को प्रखंड के केरा एवं सुरबुड़ा पंचायत का दौरा किया। इस दौरान ग्रामीणों ने बीडीओ के समक्ष समस्याओं को बताते हुए समाधान की मांग की।

दौरे के क्रम में बीडीओ केरा के चंद्र जारकी गांव की ग्रामसभा में भी शामिल हुई। ग्रामसभा में ग्रामीणों ने जारकी शिमलाबाद में संचालित स्वास्थ्य केंद्र को अनुपयोगी बताते हुए चंद्र जारकी में संचालित करने की मांग की। वहीं ग्रामीणों ने जेनासाई टोला से दलकी लिंक सड़क को पीडब्ल्यूडी तक जोड़ने के लिए एक किमी सड़क निर्माण की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि पक्की सड़क नहीं होने के कारण बरसात के दिनों में उक्त मार्ग पर आवागमन कठिन हो जाता है। इस पर बीडीओ ने संबंधित विभाग से पत्राचार कर निर्माण का आश्वासन दिया। इसके अलावा बीडीओ ने केरा एवं सुरबुड़ा पंचायत के विभिन्न बूथों के अन्तर्गत क्षेत्र भ्रमण कर प्राप्त-7 का सत्यापन किया गया। इस दौरान बीडीओ सह सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी मतदान केंद्र एवं आवेदन कर्ता के आवास का भ्रमण कर उनके द्वारा मतदाता सूची से मृत व स्थानांतरित मतदाताओं के नाम को सूची से विलोपित करने के तदर्थ प्रपत्र-7 में दर्ज कर करायी गई।

ग्राम सभा का हुआ आयोजन

गिद्धौर। प्रखंड के अंतर्गत पंचायत बारिसखी कार्यालय परिसर में अबूआ आवास को लेकर गुरुवार को मुखिया सुमीरा कुमारी की अध्यक्षता में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिसमें अबुआ आवास के लाभुको ने काफी संख्या में आकर अपना नाम उप मुखिया के द्वारा पढ़ करके सुनाया गया। मौके पर उपस्थित पंचायत सचिव दिगंबर पांडेय उप मुखिया विकास कुमार पांडेय पंचायत समिति प्रतिनिधि परमेश्वर रविदास मुखिया प्रतिनिधि दिनेश भारती समाजसेवी रामाशीष यादव प्रदीप यादव वार्ड सदस्य लक्ष्मण रजक रजनी देवी भेखलाल रविदास विकास कुमार बिक्कू विजय रजक मुख्य रूप से उपस्थित थे।

एसकेएमयू धूमधाम से मनायेगी 32वां स्थापना दिवस

बैठक करते कुलपति व अन्य

खबर मन्त्र संवाददाता

दुमका। सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के कुलपति सभागार में गुरुवार को पदाधिकारी, विभागाध्यक्षों एवं विभिन्न स्नातकोतर विभाग के प्राध्यापकों की बैठक गुरुवार को आहूत हुई। बैठक की अध्यक्षता कुलपति डॉ बिमल प्रसाद सिंह ने की। बैठक में विश्वविद्यालय का स्थापना दिवस धूम-धाम से मनाये का निर्णय लिया गया। ज्ञात हो 10 जनवरी को 1992 को सिदो-कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय का गठन हुआ था। तब से लेकर अब तक विश्वविद्यालय में धूम-धाम से स्थापना दिवस मनाया जाता रहा है। हर साल की तरह भांति इस बार भी स्थापना दिवस मनाया जायेगा। कार्यक्रम विश्वविद्यालय परिसर में स्थित के अकादमिक भवन के सामने नवनिर्मित ओपन थिएटर में आयोजित होगी। बैठक में कुलसचिव डॉ. बिनय कुमार सिन्हा, डीएसडब्लू डॉ संजय कुमार सिंह, वित्त पदाधिकारी डॉ डी एन गोराय, कुलानुशासक डॉ राजीव कुमार, डॉ पीपी सिंह, डॉ टीपी सिंह, डॉ जयनेंद्र यादव, डॉ अब्दुस सत्तार, मनोज, मनीष एवं सूरज आदि उपस्थित थे।

अवैध रूप से कोयला उत्खनन कर बेचने के मामले में दो दोषी करार, एक साल की सजा

दुमका। वन क्षेत्र से अवैध रूप से कोयला का उत्खनन कर बेचने से संबंधित एक मामले में न्यायालय ने दोषसिद्ध करते हुए दो आरोपी को एक -एक साल के कारावास की सजा सुनायी है। वहीं न्यायालय ने दोनों को एक- एक हजार रुपए जुमार्ना अदा करने का भी आदेश दिया है। प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी विजय कुमार यादव की अदालत में गुरुवार को रामगढ़ थाना कांड संख्या 05/2016 में दोनों पक्षों की ओर से सजा के बिंदु पर सुनवाई हुई। इसी क्रम में न्यायालय ने भादवि की धारा 414 के तहत गोड्डा जिले के देवडांड़ थाना क्षेत्र के पिंडराहाट गांव निवासी नागेश्वर साह और पांचु साह को दोषी पाकर एक साल के कारावास और एक हजार रुपए जुमार्ना अदा करने की सजा सुनायी। इस मामले में सरकार की ओर से एपीपी खुशबुद्दीन अली ने बहस में हिस्सा लिया। विचारण के दौरान पांच गवाहों कि पेशी हुई।

प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता

गोड्डा। आज समाहरणालय अवस्थित निर्वाचन प्रशिक्षण सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, गोड्डा के निदेशानुसार गोड्डा जिले में आगामी लोकसभा निर्वाचन को स्वतंत्र व निष्पक्ष बनाने के लिए विभिन्न लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के सेक्टर पदाधिकारी व सेक्टर पुलिस पदाधिकारी के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित की गई। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी गोड्डा श्री धीरज कुमार ठाकुर के द्वारा सभी सेक्टर अधिकारियों के कार्य एवं उत्तरदायित्वों को विस्तारपूर्वक बताया गया।

उनके द्वारा बताया गया कि सेक्टर अफसरों के कार्य जिम्मेदारी निर्वाचन ड्यूटी आदेश मिलने के साथ शुरू हो जाती है और मतदान समाप्ति तक बनी रहती है। सेक्टर आफिसरों को मतदान के पूर्व मतदान केंद्र संबंधी कार्य, मतदान सामग्री वितरण दिवस के कार्य, मतदान दिवस के एक दिन पूर्व के कार्य और मतदान दिवस के कार्य के बारे में बताया गया। मतदान केंद्र के पहुंच मार्ग का भौतिक सत्यापन, मतदान केंद्रों में न्यूनतम सुविधाएं, भवन की स्थिति, पर्याप्त फर्नीचर, पेयजल, बिजली, शौचालय, छाया, रैंप की जानकारी देने के लिए सभी सेक्टर अधिकारियों को क्षेत्र भ्रमण करने के लिए कहा गया। सेक्टर अधिकारियों को वल्नरेबिलिटी मैपिंग व क्रिटिकल मतदान केंद्रों के चिह्नितीकरण के मापदंडों के बारे में बताया गया।

सेक्टर अधिकारियों को रूट चार्ट के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही वल्नरेबिलिटी मैपिंग को लेकर वीएम-1, वीएम-2 एवं वीएम-3 के संबंध में जानकारियां दी गई।

प्रशिक्षण में अनुपस्थित सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारी से उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा स्पष्टीकरण किया गया है। मौके पर सेक्टर दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारीगण सहित निर्वाचन विभाग के गौतम कुमार ठाकुर, मृत्युंजय कुमार सहित अन्य कर्मीगण मौजूद थे।

डंडई पंचायत में हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम का आयोजन, बीडीओ ने दिलाई शपथ

खबर मन्त्र संवाददाता

डंडई। प्रखंड के झोतर, जरही और डंडई पंचायत सचिवालय भवन के प्रांगण में हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधायक प्रतिनिधि दिनेश राम, प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल कुमार सानू, उप प्रमुख प्रतिनिधि रामाशीष प्रसाद, डंडई पंचायत की मुखिया धनवंती देवी, झोतर पंचायत के मुखिया संगीता देवी, जरही पंचायत के मुखिया महेंद्र चौधरी, कनिय अभियंता मुकेश दुबे, पंचायत सचिव सुदर्शन राम, वार्ड सदस्य, जेएसएलपीएस से जुड़ी महिला ग्राम संगठन की महिलाएं व कर्मियों सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। कार्यक्रम में एलईडी वाहन द्वारा भारत सरकार द्वारा दी जाने वाली सभी योजनाओं का चलचित्र के माध्यम से उपस्थित ग्रामीणों को बताया गया।

इस मौके पर जेएसएलपीएस से

शपथ दिलाते बीडीओ

जुड़े महिला ग्राम संगठन की महिलाओं के द्वारा सरकार द्वारा मिलने वाली योजनाओं के बारे में बताया गया। इस दौरान संगठन की महिलाओं ने प्राप्त योजनाओं के लाभ के बारे में फीडबैक दिया, जिसमें महिलाओं ने आयुष्मान कार्ड, पीएम उज्जवला योजना, पीएम आवास योजना तथा स्वच्छ भारत मिशन के बारे में लोगों को बताया। कार्यक्रम में बीडीओ राहुल कुमार सानू ने लोगों को भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर व विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने के लिए शपथ दिलाई। मौके पर ग्रामीणों ने बताया कि भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सपना है कि हमारा देश पूरी तरह से विकसित देश के रूप में जाना जाए।

सन 2047 तक पूरे देश को विकसित देश के रूप में जाना जाए। उसी के क्रम में यह कार्यक्रम आयोजित की गई। कार्यक्रम का संचालन प्रखंड कार्यालय के प्रधान सहायक अभय आनंद ने किया।

पेज 1 का शेष

तीन हफ्ते में निकाय...

संविधान की मूल अवधारणा का हनन है : अधिवक्ता विनोद सिंह ने बताया कि अदालत ने राज्य सरकार और राज्य निर्वाचन आयोग को आदेश दिया है कि तीन सप्ताह के भीतर चुनाव की अधिसूचना जारी कर देना है। अधिवक्ता ने अदालत में कहा कि सरकार विकास किशन राव गवली बनाम महाराष्ट्र सरकार याचिका का जिक्र तो कर रही है, लेकिन सुरेश महाजन बनाम मध्यप्रदेश की रिट याचिका संख्या 278/2022 का जिक्र नहीं कर रही है, न ही अपने जवाब में इसको लाया है। उस केस में सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट आदेश दिया है कि सरकार को ओबीसी आरक्षण ट्रिपल टेस्ट कराकर ही निकाय/पंचायत चुनाव कराना है लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि चुनाव ही नहीं कराये। किसी भी परिस्थिति में चुनाव नहीं कराना संविधान की मूल अवधारणा का हनन है। ऐसे में ओबीसी आरक्षण कर चुनाव कराना एक प्रक्रिया है लेकिन इसके कारण चुनाव नहीं कराना गलत है। **क्या है मामला :** पूर्व पार्षद रोशनी खलखो सहित अन्य की ओर से हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर कहा गया है कि राज्य में निकायों का चुनाव जल्द कराया जाये। जब तक चुनाव नहीं होता है तब तक वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में वर्तमान पार्षद को तदर्थ रूप में दायित्व का निर्वहन करने का आदेश देने का आग्रह कोर्ट से किया गया है। राज्य सरकार द्वारा राज्य के 34 निकाय परिषद के निर्वाचित प्रतिनिधियों का कार्यकाल समाप्त कर सभी शक्तियां और कार्य प्रशासन को सौंपने का निर्णय लिया गया था। निकायों में पदस्थापित नगर आयुक्त, अपर नगर आयुक्त या कार्यालय पदाधिकारी प्रशासक के रूप में कार्य कर रहे हैं। **राज्य में कुल 48 नगर निकाय :** राज्य में कुल 48 नगर निकाय हैं। इनमें 9 नगर निगम, 20 नगर परिषद और 19 नगर पंचायत हैं। सभी निकायों का कार्यकाल 2022 से 2023 के बीच अलग-अलग माह में पूरा हो गया था, लेकिन ओबीसी आरक्षण के मसले पर पूरी चुनावी प्रक्रिया ठंडे बस्ते में चली गयी थी।

नौवीं से 12वीं कक्षा...

प्रेरणा कार्यक्रम से जुड़ने के लिए वेबसाइट के माध्यम से पंजीकरण कर सकते हैं। आइआइटी गांधी नगर द्वारा तैयार प्रेरणा स्कूल का पाठ्यक्रम नौ मूल्य आधारित विषयों- स्वाभिमान और विनय, शौर्य और साहस, परिश्राम और समर्पण, करुणा और सेवा, विविधता और एकता, सत्यनिष्ठा और शुचिता, नवचार और जिज्ञासा, श्रद्धा और विश्वास, और स्वतंत्रता और कर्तव्य पर आधारित है। इन विषयों पर आधारित कार्यक्रम युवाओं को प्रेरित करेगा और भारत की विविधता में एकता के प्रति सम्मान को बढ़ावा देगा। वसुधैव कुटुंबकम की भावना को मूर्त रूप देगा और युवाओं को विकसित भारत के लिए एक मशाल धारक बनाने में योगदान देगा। इस प्रयास के लिए, प्रतिभागियों को प्रतिष्ठित संस्थानों के सलाहकारों द्वारा मार्गदर्शन किया जायेगा। दिन-वार कार्यक्रम अनुसूची में योग, माइंडफुलनेस और ध्यान सत्र शामिल होंगे, जिसके बाद अनुभवात्मक शिक्षा, विषयगत सत्र और दिलचस्प शिक्षण गतिविधियां शामिल होंगी। शाम की गतिविधियों में प्राचीन और विरासत स्थलों का दौरा, प्रेरणादायक फिल्म स्क्रीनिंग, मिशन जीवन रचनात्मक गतिविधियां, प्रतिभा शो आदि शामिल होंगे, जो समग्र शिक्षण दृष्टिकोण सुनिश्चित करेंगे। इसके अलावा, छात्र स्वदेशी ज्ञान प्रणालियों, नवीनतम अत्याधुनिक तकनीकों और प्रेरणादायक व्यक्तित्वों से सीख लेकर विविध गतिविधियों में संलग्न होंगे।

रोस्पा टावर स्थित विनोद...

संदिग्ध लेनदेन के सबूत : इडी सूत्रों के मुताबिक, छापेमारी के दौरान एजेंसी को शेल कंपनियों के जरिए निवेश और संदिग्ध वित्तीय लेनदेन के सबूत मिले हैं। इस दौरान ईडी ने सभी संदिग्धों के मोबाइल फोन भी जब्त कर लिये हैं। जब्त फोन का फोरेंसिक विश्लेषण करायी जायेगी। गौरतलब है कि अवैध खनन मामले में ईडी पहले ही मुख्यमंत्री, उनके प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद, डीसी रामनिवास यादव, डीएसपी राजेंद्र दुबे से पूछताछ कर चुकी है। ईडी के गवाह विजय हांसदा को प्रभावित करने के मामले में डीसी और कुछ उच्च पदस्थ राजनीतिक और नौकरशाही लोगों की संलिप्तता भी सामने आयी थी, जिसके बाद ईडी ने कार्रवाई की है।

रातू में कोयला...

उन्हें पहले की जान मारने की धमकी दी गयी थी। हालांकि दस्ते ने अब तक कांड की जिम्मेवारी नहीं ली है। **मोरहाबादी जा रहे थे अभिषेक :** जानकारी के अनुसार घटना के वक्त अभिषेक अपनी फार्च्यूनर कार से मोरहाबादी स्थित ट्रांसपोर्ट ऑफिस को निकले थे। जैसे वह बिक्की ठाकुर का घर के समीप पहुंचे, घात लगाकर खड़े नक्सलयों ने उन पर गोलियों की बौछार कर दी। आनन-फानन में उन्हें मेडिका ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। शव का पंचनामा कर रिम्स में पोस्टमार्टम कराने के बाद उनके परिजनों को सौंप दिया गया। मृतक के आंगन में पुलिस अधिकारी, प्रेस-मीडिया और ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गयी। पत्नी निक्की देवी बेसुध थी। वह बार-बार पूछ रही थी कि आखिर लोग क्यों आये हैं। मृतक के परिवार में पत्नी और पांच साल की एक बेटी है। बेटी उस समय स्कूल गयी थी। छोटा भाई विवेक और उनकी पत्नी दिल्ली गये थे। दोनों लौट आये हैं। घिटना के बाद मुहल्ले में मातमी सन्नाटा है।

लोकसभा चुनाव में विजय हासिल करना लक्ष्य : खड़गे

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि हमें लोकसभा चुनाव में विजय हासिल करने के उद्देश्य से आगे बढ़ना होगा। खड़गे ने गुरुवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित एआईसीसी महासचिवों, प्रभारियों, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्षों और राज्यों में कांग्रेस विधानसभा दल के नेताओं की बैठक के दौरान कहा कि इस बैठक का एजेंडा 2024 के लोक सभा चुनाव में विजय सुनिश्चित करने और भारत न्याय यात्रा की विस्तार से तैयारी करनी है। हमारे लिए दोनों की सफलता जरूरी है, इसलिए हम सबको इस बीच में काफी समय देना है और चर्चा करना है। खड़गे ने कहा कि 19

19 दिसंबर को दिल्ली में आईएनडीआईए की चौथी बैठक में सीट बंटवारे, ईवीएम और कई मुद्दों पर हुयी चर्चा

दिसंबर, 2023 को दिल्ली में आईएनडीआईए गठबंधन की चौथी बैठक में सीट-बंटवारे, ईवीएम और सारे जरूरी मुद्दों पर चर्चा हुई। सीट-बंटवारे पर बातचीत के लिए हमारी नेशनल अलाएंस कमेटी राज्य इकाइयों के साथ चर्चा कर रही है। देश भर में 8-10 बड़ी आम बैठकें हमें मिल कर करनी हैं। 21 दिसंबर को हमारी कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक हुई। 28 दिसंबर को नागपुर में कांग्रेस के 139वें स्थापना दिवस पर हमारी हैं तैयार हम रैली बहुत शानदार रही।

खड़गे ने कहा कि 2024 के चुनावों से पहले, पार्टी संगठन को मजबूत करने के लिए कई जरूरी काम किए गए हैं। डोनेट फॉर देश अभियान भी शुरू किया गया है। महासचिवों और इन्चार्ज की जिम्मेदारियां तय हो गई हैं। घोषणा पत्र समिति बनाई गई है। चुनाव के लिए संगठन को तैयार करने के लिए पिछले कुछ महीनो में हम लोगों ने 28 राज्यों के नेताओं के साथ विस्तार से बैठक की है। रात दिन श्रम करके लोक सभा के चुनावों में हम लोग वैकल्पिक सरकार देने में सक्षम होंगे। जहां हम कमजोर हैं, वहां कुछ खास जनाधार वाले लोगों और सीटों की पहचान होनी चाहिए। खड़गे ने कहा कि संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए आवाज पूरी ताकत से उठानी है। कांग्रेस के कैडर इसे सफल बनाने के लिए पूरा जोर लगाएंगे।

राहुल गांधी की यात्रा का नाम बदलकर किया गया भारत जोड़ो न्याय यात्रा

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने राहुल गांधी की यात्रा का नाम बदल दिया है। अब यह यात्रा भारत जोड़ो न्याय यात्रा के नाम से जानी जाएगी। यह जानकारी कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने गुरुवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान साझा की। जयराम रमेश ने कहा कि कांग्रेस ने बैठक में तय किया है कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा अब 15 राज्यों से होकर गुजरेगी। इस दौरान राहुल गांधी 6700 किलोमीटर की यात्रा करेंगे। उन्होंने कहा कि अधिकतर यात्रा बस से की जाएगी। यात्रा के दौरान कुल 110 जिलों को कवर किया जाएगा। इस दौरान 100 लोकसभा सीटें और 337 विधानसभा सीटों से यात्रा होकर गुजरेगी। इस यात्रा में 67 दिन लगने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी यात्रा के दौरान सबसे अधिक समय उत्तर प्रदेश में गुजारेंगे। यहां यात्रा 11 दिनों तक चलेगी और इस दौरान करीब 20 जिलों को कवर करने की योजना है। रमेश ने कहा कि मणिपुर में कुल 107 किलोमीटर की यात्रा होगी। जो चार जिलों से यात्रा होकर गुजरेगी। नगालैंड में दो दिन यात्रा चलेगी। असम में 8 दिन में 17 जिलों से यात्रा गुजरेगी।

मोदी सरकार की चीन ने की तारीफ

एजेंसी

बीजिंग। भारत से प्रतिस्पर्धा और कई मामलों पर तल्ख राय रखने वाले चीन ने मोदी सरकार की तारीफ की है। चीन के सरकारी अखबार ग्लोबल टाइम्स के लेख में कहा गया है कि भारत वैश्विक कारोबार, संस्कृति, अर्थव्यवस्था और राजनीति के मामले में तेजी से कदम बढ़ा रहा है। उसका दुनिया में कद बढ़ा है।

फुदान यूनिवर्सिटी में सेंटर फॉर साउथ एशियन स्टडी के डायरेक्टर झांग जियादोंग ने यह लेख लिखा है। उन्होंने लिखा है कि तेज आर्थिक और सामाजिक विकास से भारत का आत्मविश्वास बढ़ा है। वह आज दुनिया में भरोसे के साथ आगे बढ़ रहा है और महत्वपूर्ण हो

वैश्विक कारोबार, संस्कृति, अर्थव्यवस्था और राजनीति के मामले में तेजी से कदम बढ़ा रहा है भारत : ग्लोबल टाइम्स

गया है। पूरी मजबूती के साथ भारत नैरेटिव को आगे बढ़ाया है। चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के मुखपत्र ग्लोबल टाइम्स ने हाल ही में प्रकाशित एक लेख में पीएम मोदी सरकार की तारीफ में कसीदें पढ़े हैं। ग्लोबल टाइम्स ने लिखा कि 10 साल में भारत सरकार ने वैश्विक व्यापार, संस्कृति और राजनीति सहित तमाम मुद्दों पर बेहतर दृष्टिकोण अपनाया है। जियादोंग ने कहा कि मैंने हाल ही में दो बार भारत का दौरा किया। मैंने पाया कि भारत की घरेलू और विदेशी स्थिति चार साल पहले की तुलना में काफी बदल गई है।

कनाडा में भारतीयों से जबरन वसूली पर भारत ने जतायी चिंता

एजेंसी

नयी दिल्ली। विदेश मंत्रालय ने कनाडा में कुछ भारतीयों और भारतीय मूल के लोगों से जबरन वसूली की धमकी की रिपोर्टों पर चिंता व्यक्त की है। विदेश मंत्रालय के नव नियुक्त प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कनाडा में मंदिरों पर हमले और भारतीयों को धमकी दिए जाने के संबंध में कहा कि जबरन वसूली की रिपोर्टों पर हम चिंतित है। उल्लेखनीय है कि कनाडा में हाल में इस आशय की रिपोर्ट सामने आयी थी। एक अन्य सवाल के जवाब में जायसवाल ने कहा कि अमेरिका में खालिस्तानी आतंकवादी गुरुपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की कथित साजिश के मामले में गठित उच्च स्तरीय

खालिस्तानी आतंकवादी पन्नू की हत्या की साजिश मामले में उच्च स्तरीय समिति कर रही जांच : विदेश मंत्रालय

कतर में भारतीय की सजा के खिलाफ अपील के लिए 60 दिनों का मिला है समय

समिति जांच कर रही है। जांच पूरी होने के बाद उसके निष्कर्ष सामने आयेंगे। खाड़ी देश कतर में भारतीय नागरिकों की सजा के बारे में प्रवक्ता ने कहा कि अपील के लिए 60 दिनों का समय मिला है। कानूनी दल इसके अनुरूप आगे कदम उठायेंगे। उन्होंने बताया कि इन्हें अलग-अलग अवधि की सजा सुनाई गई और किसी को भी मृत्यु दंड नहीं दिया गया है। उल्लेखनीय है कि पहले इन पूर्व नौसैनिकों को

कथित तौर पर जासूसी करने के लिए मृत्यु दंड की सजा सुनाई गई थी। बाद में इसे कारावास की सजा में बदल दिया गया था। प्रवक्ता ने चेक गणराज्य में बंदी भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता से जुड़े उच्चतम न्यायालय के आदेश पर कहा कि हमने अभी पूरा फैसला नहीं देखा है, इसके बाद ही अगला कदम उठाया जाएगा। उल्लेखनीय है कि निखिल गुप्ता के परिवारजनों ने न्यायालय में बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका हस्तक्षेप की मांग की थी। याचिका में कहा गया था कि उन्हें विदेश मंत्रालय की ओर से सहयोग नहीं मिल रहा है।विदेश मंत्रालय ने पश्चिमी देशों के मीडिया में प्रसारित इन खबरों को पूरी तरह खारिज कर दिया कि भारत ने यूक्रेन को कोई गोला-बारूद भेजा है। प्रवक्ता ने लाल सागर में निर्बाध नौवहन बनाए रखने के भारत के रुख को दोहराया। विदेश मंत्रालय ने ईरान के करमान शहर में आंतकवादी हमले में मारे गए लोगों के साथ संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि दुख की इस घड़ी में भारत ईरान की सरकार और जनता के साथ एकजुटता प्रदर्शित करता है।

चीन के बारे में पूछे गए एक सवाल के जवाब में प्रवक्ता ने कहा कि द्विपक्षीय संबंध सामान्य नहीं है।

दिल्ली में हिज्बुल के खूंखार आतंकी जावेद मट्टू गिरफ्तार

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने हिज्बुल मुजाहिदीन के खूंखार और वांछित आतंकवादी जावेद मट्टू गिरफ्तार किया है। जावेद मट्टू जम्मू-कश्मीर में 11 आतंकवादी हमलों में वांछित था और उस पर 10 लाख से अधिक का इनाम था। दिल्ली पुलिस के विशेष सेल ने मट्टू को गिरफ्तार किया है। इसके पास से एक 9 एमएम स्टार पिस्तौल, 6 जिंदा कारतूस, एक अतिरिक्त मैगजीन और एक चोरी की कार बरामद की गई है। वह जम्मू-कश्मीर में 5 ग्रेनेड हमलों में शामिल था। पांच पुलिस कर्मियों की हत्या और दर्जनों पुलिस कर्मियों और आम नागरिकों को घायल करने में भी शामिल था। उसकी सोपोर (जम्मू-कश्मीर) में हुए एक

जम्मू-कश्मीर के 11 आतंकी हमलों में था वांछित और 10 लाख से अधिक का था इनाम

एक 9 एमएम स्टार पिस्तौल छह कारतूस व कार बरामद

आईईडी विस्फोट में संलिप्तता थी। दिल्ली के विशेष पुलिस आयुक्त एचजीएस धालीवाल ने पत्रकार वार्ता में बताया कि पुलिस कस्टडी रिमांड पर लेकर मामले में आगे की कार्रवाई करेगी। उन्होंने बताया कि जावेद अहमद मट्टू उर्फ इरसाद अहमद मल्ला उर्फ एहसान (32) सोपोर, जिला बारामूला का एक कॉलेज ड्रॉपआउट है। वह उत्तरी कश्मीर, विशेषकर सोपोर के इलाके में सक्रिय हिज्बुल मुजाहिदीन के सात खूंखार आतंकवादियों के गिरोह का सदस्य है। वह ए श्रेणी का आतंकवादी है और पिछले 13 वर्षों सुरक्षा बलों की पकड़ से बचता रहा है। वर्तमान में वह एक-श्रेणी का जम्मू-कश्मीर से जुड़ा एकमात्र जीवित आतंकवादी है। धालीवाल ने बताया कि सुरक्षा बलों के साथ गोलीबारी में घायल होने के बाद वह भूमिगत हो गया और पाक आईएसआई के निर्देश पर नेपाल भाग गया।

भारत ने नेपाल के भूकंप प्रभावित क्षेत्रों में पुनर्निर्माण के लिए दिये 100 करोड़

काठमांडू। भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने गुरुवार को नेपाल के भूकंप प्रभावित इलाकों में पुनर्निर्माण के लिए 100 करोड़ रुपये की सहायता देने का ऐलान किया है। नेपाल के जाजरकोट और रूकुम जिले में पिछले साल भूकंप के कारण हुई तबाही के बाद वहां पुनर्निर्माण जरूरत को देखते हुए भारत ने यह आर्थिक सहायता दी है। जयशंकर की मौजूदगी में इस संबंध में दोनों देशों के बीच एक समझौते पर हस्ताक्षर भी किये गए। नेपाल के विदेश मंत्री एनपी साउद के साथ द्विपक्षीय वार्ता के बाद नेपाल को पुनर्निर्माण के लिए 100 करोड़ समझौते पर नेपाल की तरफ से वित्त सचिव कृष्णहरि पुष्कर और भारत की तरफ से नेपाल में भारत के राजदूत नवीन श्रीवास्तव ने हस्ताक्षर किए। नेपाल के सुदूर पश्चिम इलाके आए भूकंप के कारण 40 हजार से अधिक घर तबाह हो गए थे। जाजरकोट और रूकुम पश्चिम जिले में सबसे अधिक नुकसान हुआ था।

नेपाल से 10 हजार मेगावाट बिजली आयात करेगा भारत

एजेंसी

दोनों देशों के बीच व्यापार समझौते पर हुए हस्ताक्षर

काठमांडू। नेपाल और भारत के बीच बिजली निर्यात पर एक दीर्घकालिक समझौता हुआ है। ऊर्जा मंत्रालय में आयोजित एक समारोह के बीच दोनों देशों के ऊर्जा सचिवों ने दीर्घकालिक ऊर्जा व्यापार संबंधी समझौते पर हस्ताक्षर किये। इससे अगले 10 वर्षों में 10 हजार मेगावाट बिजली निर्यात होने के साथ ही दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों के बीच हुई सहमति के कार्यान्वयन का रास्ता खुल गया है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गुरुवार को नेपाल के ऊर्जा मंत्री शक्ति बस्नेत की उपस्थिति में नेपाल के ऊर्जा मंत्रालय के सचिव गोपाल सिग्देल और भारत के ऊर्जा सचिव पंकज अग्रवाल ने बिजली व्यापार संबंधी द्विपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किए। यह समझौता प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल प्रचंड की पिछले साल भारत यात्रा के

दौरान दीर्घकालिक ऊर्जा पर बनी सहमति के आधार पर हुआ है। उस समय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संयुक्त पत्रकार सम्मेलन में दोनों देशों के बीच दीर्घकालिक ऊर्जा समझौते पर सहमति होने की घोषणा करते हुए अगले 10 वर्षों में 10 हजार मेगावाट बिजली नेपाल से आयात करने की बात कही थी। प्रचंड ने इस समझौते को ऐतिहासिक कदम बताया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने 10 वर्षों में 28 हजार मेगावाट बिजली उत्पादन के लक्ष्य रखा है।

श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य गर्भगृह में विराजेंगे रामलला

रामलला आ रहे हैं...

एजेंसी

अयोध्या। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य गर्भगृह में भगवान राम अपने बालरूप में विराजेंगे। मंदिर तीन मंजिला होगा। प्रथम तल पर राम का दरबार होगा। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर मंदिर निर्माण को लेकर यह जानकारी साझा की है। इसमें मंदिर की विशेषताओं के साथ-साथ मंदिर में श्रद्धालुओं की क्षमता को लेकर भी जानकारी दी गई है। तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के मुताबिक, अयोध्या में निमार्णाधीन श्रीराम जन्मभूमि मंदिर परंपरागत नागर शैली में बनाया जा रहा है। मंदिर की लंबाई (पूर्व से पश्चिम) 380 फुट, चौड़ाई 250 फुट तथा ऊंचाई 161 फुट रहेगी। मंदिर तीन मंजिला होगा। प्रत्येक मंजिल की ऊंचाई 20 फुट रहेगी।

प्रथम तल पर होगा राम का दरबार

मंदिर की लंबाई (पूर्व से पश्चिम) 380 फीट, चौड़ाई 250 फीट व ऊंचाई 161 फीट

मंदिर में कुल 392 खंभे और 44 द्वार होंगे। मंदिर में 5 मंडप- नृत्य मंडप, रंग मंडप, सभा मंडप, प्रार्थना मंडप और कीर्तन मंडप होंगे। खंभों एवं दीवारों में देवी-देवताओं तथा देवांगनाओं की मूर्तियां उकेरी जा रही हैं। मंदिर में प्रवेश पूर्व दिशा से 32 सीढ़ियां चढ़कर सिंहद्वार से होगा। मंदिर के चारों ओर आयताकार पर कोटा रहेगा।

चारों दिशाओं में इसकी कुल लंबाई 732 मीटर तथा चौड़ाई 14 फुट होगी। परकोटा के चारों कोनों पर सूर्यदेव, मां भगवती, गणपति एवं भगवान शिव को समर्पित चार मंदिरों का निर्माण होगा। उत्तरी भुजा में मां अन्नपूर्णा, दक्षिणी भुजा में हनुमान जी का मंदिर रहेगा। मंदिर के समीप पौराणिक काल का सीताकूप विद्यमान रहेगा।

मंदिर परिसर में प्रस्तावित अन्य मंदिर- महर्षि वाल्मीकि, महर्षि वशिष्ठ, महर्षि विश्वामित्र, महर्षि अगस्त्य, निषादराज, माता शबरी और ऋषिपत्नी देवी अहिल्या को समर्पित होंगे। दक्षिण पश्चिमी भाग में नवरत्न कुबेर टीला पर भगवान शिव के प्राचीन मंदिर का जीर्णोद्धार किया गया है। वहां जटायु प्रतिमा की स्थापना की गई है। मंदिर में लोहे का प्रयोग नहीं होगा। धरती के ऊपर बिल्कुल भी कंक्रीट नहीं है।

मंदिर के नीचे 14 मीटर मोटी रोलर कॉम्पेक्टेड कंक्रीट (आरसीसी) बिछाई गई है। इसे कृत्रिम चट्टान का रूप दिया गया है। मंदिर को धरती की नमी से बचाने के लिए 21 फुट ऊंची प्लिंथ ग्रेनाइट से बनाई गई है। मंदिर परिसर में स्वतंत्र रूप से सीवर ट्रीटमेंट प्लांट, वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट, अग्निशमन के लिए जल व्यवस्था तथा स्वतंत्र पॉवर स्टेशन का निर्माण किया गया है ताकि बाहरी संसाधनों पर न्यूनतम निर्भरता रहे।

25 हजार क्षमता का होगा दर्शनार्थी केंद्र

25 हजार क्षमता वाले एक दर्शनार्थी सुविधा केंद्र का निर्माण किया जा रहा है, जहां दर्शनार्थियों का सामान रखने के लिए लॉकर एवं चिकित्सा की सुविधा रहेगी। मंदिर परिसर में स्नानागार, शौचालय, वॉश बेसिन, ओपन टैप्स आदि की सुविधा भी रहेगी। मंदिर का निर्माण पूर्णतया भारतीय परम्परानुसार एवं स्वदेशी तकनीक से किया जा रहा है। पर्यावरण-जल संरक्षण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। कुल 70 एकड़ क्षेत्र में 70 प्रतिशत क्षेत्र सदा हरित रहेगा।

योगी और राम मंदिर को उड़ाने की धमकी देने वाले दो गिरफ्तार

लखनऊ। एसटीएफ ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, श्रीराम मंदिर, एडीजी एसटीएफ व देवेन्द्र तिवारी को बम से उड़ाने की धमकी देने वाले दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है।इस मामले में सुरक्षा लेने के लिए देवेन्द्र तिवारी द्वारा साजिश रची जाने का पता चला है। गिरफ्तार दोनों उसके साथी हैं। एसटीएफ और पुलिस की कई टीमें मुख्य साजिशकर्ता की तलाश में जुटी हुई हैं। बुधवार रात यूपी एसटीएफ ने योगी आदित्यनाथ और राम मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी देने वाले दो आरोपियों को थाना विभूति खंड गोमती नगर क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपित ताहर सिंह और ओम प्रकाश मिश्रा गोंडा जनपद के कटरा के रहने वाले हैं। आरोपियों के पास से दो मोबाइल, मेल आईडी, दो वाई-फाई राउटर और सीसीटीवी डीवीआर बरामद हुए हैं।देवेन्द्र तिवारी जो खुद को एक संगठन का राष्ट्रीय अध्यक्ष बताता है उसके कहने पर धमकी दी गई ताकि उसे पुलिस सुरक्षा मिल सके।

एक नजर में

दीपिका पादुकोण जल्द दें सकती हैं खुशखबरी

मुंबई। अभिनेत्री दीपिका पादुकोण जल्द ही कोई खुशखबरी देने वाली हैं। दीपिका ने एक इंटरव्यू में कहा कि हम दोनों को बच्चे बहुत पसंद हैं। हम उस दिन का भी इंतजार कर रहे हैं, जब हमारा परिवार शुरू होगा। उन्होंने यह भी कहा कि जब मैं उन लोगों से मिलती हूं, जिनके साथ मैं बड़ी हुई हूं, अपने रिश्तेदारों, दोस्तों से परिवारों में हमेशा कहा जाता है कि मैं बिल्कुल नहीं बदली हूं। यह मेरे संस्कारों का नतीजा है। दीपिका ने कहा कि इस इंडस्ट्री में पैसे और शोहरत से प्रभावित होना आसान है, लेकिन घर पर कोई भी मेरे साथ एक सेलिब्रिटी की तरह व्यवहार नहीं करता है। मैं पहले एक बेटी और बहन हूं। मैं नहीं चाहती कि इसमें बदलाव हो। रणवीर और मुझे उम्मीद है कि हम अपने बच्चों में भी वही संस्कृति विकसित करेंगे। बता दें कि दीपिका पादुकोण आने वाली फिल्म फाइटर में नजर आएंगी। इसमें ऋतिक रोशन के साथ उनकी सिजलिंग केमिस्ट्री देखने को मिलेगी। फिल्म 25 जनवरी को रिलीज हो रही है।

देश में कोरोना के 760 नये केस, 2 की मौत

नयी दिल्ली। देश में कोरोना के नए मामलों में बढ़ोतरी जारी है। पिछले 24 घंटे के दौरान देश में कोरोना के 760 नए मामले सामने आए हैं और इससे दो मरीजों की मौत हुई है। गुरुवार को स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार मौजूदा समय में देश में कोरोना के एक्टिव मामलों की संख्या 4,423 है। पिछले 24 घंटे के दौरान 775 मरीज स्वस्थ हुए हैं। आंकड़ों के अनुसार कोरोना के ज्यादातर मामले केरल और कर्नाटक से रिपोर्ट किए जा रहे हैं। इन्हीं दोनों राज्यों से एक-एक कोरोना संक्रमित की मौत भी हुई है। इस दौरान कोरोना के नए वेरियंट जेन.1 के भी 511 मामलों की पुष्टि की जा चुकी है।

एडमिरल त्रिपाठी बने नौसेना के वाइस चीफ

नयी दिल्ली। एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी को भारतीय नौसेना का उप प्रमुख नियुक्त किया गया है। उन्होंने गुरुवार को वाइस चीफ का पदभार संभालने के बाद राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर पुष्पचक्र चढ़ाकर देश की सेवा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले बहादुरों को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद उन्हें साउथ ब्लॉक में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके पहले वाइस एडमिरल त्रिपाठी नौसेना की पश्चिमी कमान में कमांडिंग-इन-चीफ थे। उनकी जगह बुधवार को आईएनएस शिकरा में आयोजित एक औपचारिक परेड में वाइस एडमिरल संजय जे. सिंह ने पश्चिमी कमान का कार्यभार संभाला है। वाइस एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी सैनिक स्कूल रीवा और राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, खडकवासला के छात्र रहे हैं। वाइस एडमिरल डिफेंस सर्विसेज स्टाफ कॉलेज, वेलिंगटन से स्नातक हैं, जहां उन्हें प्रतिष्ठित थिमैया पदक से सम्मानित किया गया था। उन्हें 01 जुलाई, 1985 को भारतीय नौसेना में नियुक्त किया गया था।

शेयर बाजार में तेजी, सेंसेक्स 490 अंक चढ़ा

मुंबई। विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत गुरुवार को शेयर बाजर पिछले लगातार दो दिन की गिरावट से उबरकर तेजी पर रहा। सेंसेक्स 490.97 अंक अर्थात 0.69 प्रतिशत की उड़ान भरकर 71,847.57 अंक और निफ्टी 141.25 अंक यानी 0.66 प्रतिशत की तेजी लेकर 21,658.60 अंक पर पहुंच गया।

RVS ACADEMY
(An ISO 9001:2000 Certified 10+2 English Medium School)
ESTD 2001
Affiliated To The Council For The ISCE, New Delhi
Siroman Nagar, Dimna Road, Mango, Jamshedpur, Jharkhand. Ph. 9507525807

JOB OPPORTUNITIES

Applications are invited from trained and experienced candidates with ICSE/CBSE background for the following posts (Applicants must be fluent in Spoken English):

1. PGT: Trained post graduate teachers required for Chemistry, Hindi, Physics, English and Computer. The Candidates should have at least 5 years of teaching experience in a reputed school.

2. TGT/PRT: Trained graduate teachers required for English, Geography, Science and Maths. The candidates should have at least 3 years of teaching experience in a reputed school.

3. GERMAN / FRENCH Language Teacher : A bachelor's or Master's Degree in German/ French subject. Should have at least 3 years of teaching experience.

4. OFFICE ASSISTANT: A post graduate with good communication skills. Should have the capability to build relationships and networks with parents, colleagues and media. Should have knowledge of ERP Software and other office work.

SALARY: Remuneration shall not be a bar for deserving candidates. Interested and eligible candidates may send their Resume with current passport size photograph online through our website www.rvsacademy.com/career within 7 Days.

वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
VERMA PRESS
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

Class - X		Class - IX	
Hindi	₹ 140	Hindi	₹ 140
English	₹ 140	English	₹ 140
Mathematics	₹ 140	Mathematics	₹ 140
Science	₹ 140	Science	₹ 140
Social Science	₹ 140	Social Science	₹ 140
Sanskrit	₹ 120	Sanskrit	₹ 120
Hindi - B	₹ 140	Hindi - B	₹ 80
Hindi Vyakaran- II	₹ 120	Hindi Vyakaran- II	₹ 120
English Grammar - II	₹ 120	English Grammar - II	₹ 120
Sanskrit Vyakaran-II	₹ 100	Sanskrit Vyakaran-II	₹ 100
Hindi Practical	₹ 55	Hindi Practical	₹ 55
English Practical	₹ 55	English Practical	₹ 55
Maths. Practical	₹ 65	Maths. Practical	₹ 55
Science Practical	₹ 65	Science Practical	₹ 70
S. Science Practical	₹ 65	S. Science Practical	₹ 65
Sanskrit Practical	₹ 55	Sanskrit Practical	₹ 55
Maths. Practical (Combined)	₹ 90	Maths. Practical (Combined)	₹ 75
Science Practical (Combined)	₹ 90	Science Practical (Combined)	₹ 75
English Medium		English Medium	
Mathematics	₹ 200	Mathematics	₹ 130
Science	₹ 200	Science	₹ 200
Social Science	₹ 200	Social Science	₹ 130
Maths. Practical	₹ 80	Maths. Practical	₹ 80
Science Practical	₹ 80	Science Practical	₹ 80
S. Science Practical	₹ 80	S. Science Practical	₹ 80

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!

163 साल पुराना है भारत में बजट प्रेजेंटेशन का इतिहास

आप नहीं जानते होंगे ये 5 बातें!

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी, 2024 को वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए अंतरिम बजट पेश करेंगी। यह 2019 के बाद से उनका लगातार छठा बजट होगा। अन्य वित्त मंत्री जिन्होंने कम से कम पांच लगातार केंद्रीय बजट पेश किए हैं उनमें मोरारजी देसाई, पी. चिदम्बरम, प्रणब मुखर्जी, मनमोहन सिंह, यशवन्त सिन्हा और अरुण जेटली के नाम शामिल हैं।

भारत में बजट प्रेजेंटेशन का इतिहास 163 साल पुराना

भारत में बजट प्रस्तुतियों की 163 साल पुरानी विरासत है। देश में पहला बजट ईस्ट इंडिया कंपनी के शासन के तहत 7 अप्रैल, 1860 को स्कॉटिश अर्थशास्त्री और राजनीतिज्ञ जेम्स विल्सन द्वारा पेश किया गया था। आजादी के बाद पहला बजट 26 नवंबर 1947 को तत्कालीन वित्त मंत्री आर.के. शन्मुखम चेट्टी द्वारा पेश किया गया था। आजादी के बाद से देश में 75 वार्षिक बजट, 14 अंतरिम बजट और चार विशेष बजट पेश किये गये हैं।

सबसे लंबा और सबसे छोटा बजट भाषण

वर्तमान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 1 फरवरी, 2020 को सबसे लंबा भाषण देने का रिकॉर्ड बनाया, जब उन्होंने वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए केंद्रीय बजट पेश किया। वह दो घंटे 42 मिनट तक बोलीं। अपने भाषण के दौरान, सीतारमण ने जुलाई 2019 में बनाए गए अपने ही रिकॉर्ड को तोड़ दिया, जब उन्होंने दो घंटे और 17 मिनट तक बोलकर अपना पहला बजट पेश किया था।

वहीं, भारत का सबसे छोटा बजट भाषण 1977 में हीरूभाई मुल्जीभाई पटेल ने दिया था, जिसमें उन्होंने सिर्फ 800 शब्द बोले थे। पटेल ने मोरारजी देसाई के नेतृत्व वाली सरकार के तहत 1977 से 1979 तक भारत के वित्त मंत्री के रूप में कार्य किया।

बजट भाषण में सबसे ज्यादा शब्द

1991 में, नरसिम्हा राव सरकार के तहत तत्कालीन वित्त मंत्री मनमोहन सिंह ने शब्दों के मामले में सबसे लंबा बजट भाषण दिया था, जो 18,650 शब्दों का था। अरुण जेटली ने अपने 2018 के बजट भाषण में 18,604 शब्दों का प्रयोग किया था। वह इस लिस्ट में दूसरे स्थान पर हैं। जेटली को अपना भाषण पूरा करने में एक घंटा 49 मिनट का समय लगा था।

प्रधानमंत्री द्वारा बजट प्रेजेंटेशन

वित्त मंत्री को आम तौर पर हर साल केंद्रीय बजट पेश करने की जिम्मेदारी सौंपी जाती है। हालांकि, ऐसे भी उदाहरण हैं जब बजट देश के प्रधानमंत्री द्वारा प्रस्तुत किया गया था।

पंडित जवाहरलाल लाल नेहरू केंद्रीय बजट पेश करने वाले पहले प्रधानमंत्री थे। 1958 में, तत्कालीन वित्त मंत्री टीटी कृष्णमाचारी ने हरिदास मुंधड़ा विवाद में कथित संलिप्तता के कारण इस्तीफा दे दिया। इसलिए, पंडित नेहरू को केंद्रीय बजट पेश करने के लिए मजबूर होना पड़ा।

1970 में फिर, तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने वित्त मंत्री मोरारजी देसाई के 14 भारतीय निजी बैंकों के राष्ट्रीयकरण के विरोध में उनसे परामर्श किए बिना इस्तीफा देने के बाद बजट पेश किया। इसी तरह, 1987-88 में तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने बजट पेश किया था जब वित्त मंत्री वीपी सिंह ने इस्तीफा दे दिया था।

पेपरलेस बजट

निर्मला सीतारमण ने पहला पेपरलेस बजट पेश करके कोविड महामारी से प्रभावित 2021 में एक और रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने केंद्रीय बजट 2021-22 को डिजिटल फॉर्मेट में पेश किया। वित्त मंत्री ने संसद में अपना बजट भाषण डिजिटल टैबलेट के जरिए पढ़ा। भाषण पूरा होने पर बजट दस्तावेज मोबाइल ऐप के जरिए उपलब्ध कराए गए। 2023 में, सीतारमण ने पेपरलेस बजट की परंपरा को आगे बढ़ाया। जबकि 2021 में कोविड-19 के समय में शारीरिक संपर्क को कम करने के लिए पेपरलेस बजट पेश किया गया था, लेकिन अब यह चलन बन गया है।

चुनावी वर्ष 2024 अंतरिम बजट में बड़ी घोषणा नहीं!

वित्त मंत्री ने कहा- फरवरी में चुनाव से पहले पेश किया जाएगा लेखानुदान

सीतारमण ने कहा कि सरकार जो बजट पेश करेगी वह सिर्फ तब तक के लिए जरूरी खर्चों को पूरा करने को लेकर होगा जब तक कोई नई सरकार नहीं बन जाती।

असित रंजन मिश्रवित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अगले साल फरवरी में पेश किए जाने वाले बजट में किसी भी बड़ी घोषणा की संभावना से इनकार किया है। उन्होंने कहा कि यह आम चुनाव से पहले पेश होने वाला अंत?रिम बजट होगा।

भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के एक कार्यक्रम में सीतारमण ने कहा, ह्यमैं कुछ अलग नहीं करने जा रही हूं। यह तथ्य है कि 1 फरवरी, 2024 को जो बजट घोषित किया जाएगा वह लेखानुदान (५ड्ड३ी ड्ड्ल्ल ूड्ड४ल्ल३)होगा क्योंकि हम चुनाव की तैयारी में होंगे और आम चुनाव अगले साल गर्मियों में होंगे। इसीलिए सरकार जो बजट पेश करेगी वह सिर्फ तब तक के लिए जरूरी खर्चों को पूरा करने को लेकर होगा जब तक कोई नई सरकार नहीं बन जाती। इसलिए अंतरिम बजट में कोई बड़ी घोषणा नहीं की जाएगी। आपको नई सरकार के आने तथा जुलाई, 2024 में पेश होने वाले पूर्ण बजट तक इंतजार करना होगा।

लेखानुदान विशेष प्रावधान होता है जिसके तहत सरकार नई सरकार द्वारा पूर्ण बजट पेश किए जाने तक आवश्यक खर्चों के लिए संसद से मंजूरी लेती है। हालांकि अतीत में कई सरकारें लेखानुदान के दौरान प्रमुख नीतिगत घोषणाएं करने से बचती रही हैं लेकिन इस पर कोई संवैधानिक रोक नहीं है और इसके अपवाद भी मौजूद हैं।

वित्त मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे पीयूष गोयल ने 2019 में अंतरिम बजट पेश किया था और उस समय किसानों के लिए प्रधानमंत्री किसान सम्मान नि?धि की घोषणा की गई थी और मध्यवर्ग के लिए आयकर में कुछ रियायतें भी दी गई थीं।

सीतारमण ने कहा कि विकसित देशों द्वारा अपनी हरित प्रतिबद्धताओं के लिए कोष हेतु सीमा समायोजन कर लगाने का कदम नैतिक नहीं है और यह विकासशील देशों की चिंता के ?विरुद्ध है।

उन्होंने कहा कि विकसित देशों का कर कुछ इस तरह का है कि मैं अपने उद्योग को हरित बनाना चाहता हूं इसलिए मैं आप पर कुछ कर लगाऊंगा क्योंकि आप गैर-हरित उत्पाद लाते हैं और कर के इस पैसे से मैं हरित उद्योग बनाऊंगा झ्र सीमा समायोजन कर का तर्क ग्लोबल साउथ की चिंता के विरुद्ध है।

सीतारमण ने यह टिप्पणी यूरोपीय संघ की घोषणा पर की जिसनेकुछ क्षेत्रों के आयात पर कार्बन कर लगाने की बात कही है। कार्बन सीमा समायोजन प्रणाली 1 जनवरी, 2026 से प्रभावी होगी लेकिन इस साल 1 अक्टूबर से कार्बन उत्सर्जन करने वाले क्षेत्रों जैसे स्टील, एल्युमीनियम, उर्वरक और हाइड्रोकार्बन क्षेत्र की घरेलू कंपनियों को यूरोपीय संघ के साथ कार्बन उत्सर्जन डेटा साझा करना अनिवार्य हो गया है।

देर शाम राज्य सभा देश की अर्थव्यवस्था पर चर्चा का जवाब देते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि भारत की आ?र्थिक वृद्धि को सभी क्षेत्रों से दम मिल रहा है और देश ने सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था का दर्जा बरकरार रखा है।

सीतारमण ने कहा कि डॉलर में मजबूती के बावजूद भारतीय रुपया ?स्थिर बना हुआ है और ऐसा भारतीय अर्थव्यवस्था और मजबूत बुनियाद के बिना संभव नहीं है।

2024 में राजकोषीय घाटे को काबू में रखने के लिए सरकार ने संसद से कम नकद खर्च की मांग की

सरकार फरवरी में बजट सत्र के दौरान पूरक मांगों की दूसरी किस्त पेश करेगी जिसमें वह खर्च के लिए और रकम मांग सकती है।

आम चुनावों से पहले आज वित्त मंत्रालय ने खजाने को सूझबूझ से संभालने का संकेत दिया और चालू वित्त वर्ष के लिए संसद से पूरक मांगों की पहली किस्त में केवल 58,378 करोड़ रुपये के शुद्ध नकद व्यय सहित 1.29 लाख करोड़ रुपये के अतिरिक्त सकल खर्च की मंजूरी मांगी। मगर सरकार फरवरी में बजट सत्र के दौरान पूरक मांगों की दूसरी किस्त पेश करेगी जिसमें वह खर्च के लिए और रकम मांग सकती है।

शुद्ध नकद व्यय में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के 14,524 करोड़ रुपये सहित 70,968 करोड़ रुपये की बचत या प्रा?प्तियों का इस्तेमाल किया जाएगा। सरकार ने आक?स्मिक नि?धि से ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के लिए 10,000 करोड़ रुपये का अग्रिम भी लिया है।

पूरक मांगों में नए मद में व्यय, जो बजट में पहले से शामिल नहीं थे और मौजूदा योजनाओं पर खर्च में वृद्धि पर होने वाले व्यय शामिल हैं। अतिरिक्त व्यय में खाद सब्सिडी (13,351 करोड़ रुपये), खाद्य स?ब्सिडी (10,396 करोड़ रुपये), गारंटी मोचन नि?धि (9,014 करोड़ रुपये) और रक्षा व्यय (5,626 करोड़ रुपये) का खर्च भी शामिल है।

इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा, ह्यपूरक अनुदान मांगों में शुद्ध नकद व्यय अपेक्षाकृत कम है और अन्य विभागों में की गई बचत से इसकी भरपाई की जा सकती है। इससे राजकोषीय घाटे के लक्ष्य से अ?धिक होने का जो?खिम नहीं है।ह्ल

58,378 करोड़ रुपये के शुद्ध नकद व्यय में से 53,858 करोड़ रुपये राजस्व व्यय के लिए और 4,520 करोड़ रुपये पूंजीगत व्यय के लिए आवंटित किए गए हैं। इसके साथ ही 13,351 करोड़ रुपये पोषक आधारित स?ब्सिडी योजना के लिए आवंटित किए गए हैं। इसमें देश की आक?स्मिक नि?धि से स्वीकृत 5,000 करोड़ रुपये की अग्रिम रा?शि की वसूली और प्रधानमंत्री गरीब अन्यय योजना के लिए 5,589 करोड़ रुपये शामिल है। इस योजना को 31 दिसंबर, 2023 से अगले 5 साल के लिए बढ़ा दिया गया है।

बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य अर्थशास्त्री मदन सबनवीस ने कहा कि सरकार ने गैस की कीमतों को ध्यान में रखते हुए उर्वरक स?ब्सिडी पर सख्ती दिखाई है। सरकार ने ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के लिए अ?धिक रकम आवंटित की है क्योंकि ग्रामीण अर्थव्यवस्था अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रही है।

उन्होंने कहा, ह्यआम चुनाव से पहले किसी भी सूरत में यह सुनि?श्चित करना आवश्यक है कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत रहे। अब अन्य समान स्थितियों में राजकोषीय घाटे में शुद्ध रूप से करीब 58,000 करोड़ रुपये का इजाफा होगा। मगर नॉमिनल कीमतों पर जीडीपी अधिक होगी और इसलिए अनुपात को 5.9 फीसदी पर सीमित किया जा सकता है।ह्ल

सरकार ने वित्त वर्ष 2024 के लिए राजकोषीय घाटे को जीडीपी के 5.9 फीसदी पर ही रोकने का लक्ष्य रखा है। चालू वित्त वर्ष के पहले सात महीनों के दौरान सरकार राजकोषीय घाटे के अपने 17.9 लाख करोड़ रुपये के लक्ष्य का महज 45 फीसदी ही हासिल कर पाई है।

अब तक सबसे बेहतर स्थिति में हैं देश के बैंक

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने इस हफ्ते भारत में बैंकिंग की रुझान एवं प्रगति रिपोर्ट 2022-23 जारी की जिसमें सबसे महत्त्वपूर्ण बात यह निकल कर आई है कि देश का बैंकिंग क्षेत्र पिछले एक दशक के किसी भी समय की तुलना में सबसे बेहतर स्थिति में है। बैंकों की सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्तियां (जीएनपीए) यानी कुल फंसा कर्ज 10-वर्ष के निचले स्तर पर है।

मार्च 2023 के अंत में अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के लिए जीएनपीए घटकर 3.9 प्रतिशत हो गई और सितंबर 2023 के अंत में यह और कम होकर 3.2 प्रतिशत के स्तर पर चली गई। इस तथ्य पर गौर करना महत्त्वपूर्ण है कि पिछले दशक के शुरूआती वर्षों के दौरान वृहद आर्थिक परिस्थितियों और लचीले ऋण मानकों के कारण भारतीय बैंकिंग प्रणाली पर काफी दबाव बनने लगा था।

बैंकिंग तंत्र में दबाव और कंपनियों की बैलेंसशीट में ऋण का अधिक हिस्सा होने के कारण निजी निवेश प्रभावित हुआ और इसका असर समग्र आर्थिक वृद्धि पर भी पड़ा। अब कॉरपोरेट और बैंक बैलेंसशीट दोनों ही बेहतर स्थिति में हैं, ऐसे में निवेश से जुड़ी स्थितियां अधिक अनुकूल हो गई हैं।

कारोबारी प्रदर्शन के संदर्भ में भी देखा जाए तो वर्ष 2022-23 में बैंक बैलेंसशीट में 12.2 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई और इस तरह इसमें नौ वर्षों में सबसे तेज वृद्धि दर दर्ज की गई है। ऐसा ऋण वितरण में आई तेज वृद्धि के कारण हुआ जो एक दशक में सबसे अधिक है। जमाओं की वृद्धि की रफ्तार भी बढ़ी, लेकिन यह ऋण वृद्धि से धीमी थी जिसके परिणामस्वरूप बाजार से उधार लेना पड़ा।

बैंकिंग क्षेत्र के प्रमुख संकेतक बेहतर स्थिति में दिख रहे हैं लेकिन नियामक कुछ हद तक असुरक्षित ऋण की वृद्धि को लेकर चिंतित है। आरबीआई के अनुसार, असुरक्षित अग्रिम ऋण का हिस्सा मार्च 2015 से बढ़ रहा है और यह मार्च 2023 में 25.5 प्रतिशत के स्तर तक पहुंच गया। नतीजतन, आरबीआई ने नवंबर में उपभोक्ता ऋण की कुछ श्रेणियों के लिए जोखिम भार बढ़ा दिया ताकि ऐसे ऋण की वृद्धि नियंत्रित की जा सके।

गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) के असुरक्षित ऋण में भी तेजी देखी गई। इसके परिणामस्वरूप, असुरक्षित ऋणों का हिस्सा मार्च 2023 के अंत में 30 प्रतिशत से अधिक बढ़ गया जबकि पिछले वर्ष यह 27.6 प्रतिशत था। बैंकों और एनबीएफसी दोनों के असुरक्षित ऋण में वृद्धि पर ध्यान दिए जाने के साथ ही दोनों के परस्पर संबंध पर भी गौर करने की आवश्यकता है। वर्ष 2022-23 में एनबीएफसी क्षेत्र के लिए बैंक ऋण, प्रमुख फंडिंग का स्रोत बन गया। अहम बात यह है कि एनबीएफसी न केवल बैंकों से सीधे उधार लेते हैं, बल्कि बैंक, एनबीएफसी द्वारा जारी ऋण योजनाएं भी खरीदते हैं।

बैंकों और एनबीएफसी दोनों के असुरक्षित ऋण में वृद्धि और इसके बीच दिखते संबंध वास्तव में दबाव के इस दौर में प्रणालीगत जोखिम बढ़ा सकते हैं। हालांकि रिपोर्ट में बताया गया है कि वैश्विक स्तर पर बैंक, गैर-बैंकिंग वित्तीय संस्थानों से ऋण लेते हैं और दोनों के बीच अंतसंर्बंध भी अब कम हो रहा है। लेकिन भारत में परिस्थितियां बिल्कुल उलट हैं।

निश्चित रूप से, एनबीएफसी उन कारोबारों और उपभोक्ताओं को ऋण देने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं जिन्हें बैंकिंग प्रणाली से यह मदद नहीं मिल पाती है। हालांकि, प्रणालीगत जोखिम से बचने के लिए एनबीएफसी की फंडिंग की बारीकी से निगरानी करने की जरूरत है।

भारतीय बैंकिंग क्षेत्र में एक महत्त्वपूर्ण पहलू यह भी है कि सरकारी बैंकों की पकड़ लगातार ढीली पड़ रही है। पिछले वित्त वर्ष में कुल बैंक बैलेंसशीट में सरकारी बैंकों की हिस्सेदारी एक प्रतिशत अंक कम होकर 57.6 प्रतिशत हो गई, वहीं निजी बैंकों की हिस्सेदारी धीरे-धीरे बढ़ी है।

इसके अलावा, कुल बैंक बैलेंसशीट में बहुत छोटी हिस्सेदारी के बावजूद, निजी बैंक अधिक मुनाफा देने में सफल हैं। यह दशार्ता है कि निजी क्षेत्र के बैंक अधिक प्रतिस्पर्धी हैं और आने वाले वर्षों में उनकी बाजार हिस्सेदारी बढ़ने की संभावना है।

2023-24 स्वच्छ भारत मिशन- साफ होते शहर-गांव

आर.के. सिन्हा

करीब नौ साल पहले का वह मंजर यकीनन यादगार था जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी स्वयं झाड़ू लेकर राजधानी दिल्ली की सड़कों पर सफाई करने उतरे थे। उनके पीछे- पीछे उनके मंत्रिमंडल के कई मंत्रियों से लेकर सरकारी बाबुओं का हुजूम भी सड़कों पर उतर आया था। 2014 में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के दिन प्रधानमंत्री ने स्वच्छ भारत मिशन का आगाज किया था। यकीनन, महात्मा गांधी की जयंती पर उन्हें इससे बेहतर श्रद्धांजलि शायद दी भी नहीं जा सकती थी। आजाद भारत में संभवतः यह पहला मौका था जब देश में स्वच्छता को लेकर सरकार ने इतनी गंभीरता दिखलाई। 140 करोड़ की आबादी का प्रतिनिधित्व करने वाला अगुआ यदि खुद सड़क पर उतर आए, फिर समुद्र तट पर घूम-घूम कर कूड़ा उठाने लग जाए, तो यह समझना कतई मुश्किल नहीं कि देश की हुकूमत का साफ-सफाई को लेकर नजरिया क्या है।

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने अबतक के कार्यकाल में स्वच्छता अभियान को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। शायद यही वजह है कि स्वच्छ भारत मिशन की शुरूआत के बाद भारत में स्वच्छता का पुनर्जागरण हुआ है। मिशन ने न केवल शहरों का कायाकल्प किया बल्कि गांवों में भी स्वच्छता की अलख जगाई। अपने देश को साफ-सुथरा रखने की संवेदनशीलता और भावना आज पूरे देश में दिखती है।

गांधीजी आजीवन स्वच्छता की अलख जगाते रहे। दक्षिण अफ्रीका प्रवास के दौरान उन्हें श्वेत निवासियों के इस दावे से लड़ना पड़ा कि भारतीयों में स्वच्छता की कमी है और इसलिए उन्हें अलग रखने की जरूरत है। नटाल विधानसभा को लिखे खुले पत्र में गांधी ने कहा था कि जहां तक स्वच्छता मानकों का सवाल है, भारतीय भी यूरोपीय लोगों के बराबर हो सकते हैं, बशर्ते उन्हें भी उसी तरह का ध्यान और अवसर दिया जाए। 1915 में भारत लौटने पर उन्होंने स्वतंत्रता प्राप्त करने के लिए अपने कार्यक्रमों के मूल में स्वच्छता के मंत्र को रखा। गांधीजी ने 1941 में कांग्रेस कार्यकताओं के लिए रचनात्मक कार्यक्रम नामक पुस्तिका प्रकाशित की। ग्राम स्वच्छता उन अठारह कार्यक्रमों में से छठा था जो गांधीजी ने उस पुस्तिका में बताए थे। कुछ अन्य महत्वपूर्ण कार्यक्रम साम्प्रदायिक एकता, अस्पृश्यता निवारण, आर्थिक समानता, सविनय अवज्ञा आदि थे।

आज गांधीजी के स्वच्छ भारत की परिकल्पना को पीएम मोदी साकार कर रहे हैं। यह दुर्भाग्य ही कहा जायेगा कि गाँधी के नाम पर राजनीति करने वाले किसी कांग्रेसी सरकार ने इसके ऊपर कोई ध्यान तक नहीं दिया। स्वच्छ भारत मिशन इन नौ साल में जनआंदोलन बन गया है। आज ज्यादातर सड़कें साफ-सुथरी दिखती हैं, गलियों में कूड़ा नहीं दिखता। चाहे पर्यटन स्थल हों या रेलवे स्टेशन। हर जगह सफाई दिखती है।

देश ने स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत एक और बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली है। अब देश के कुल गांवों में से तीन-चौथाई यानी 75 प्रतिशत गांवों ने ओडीएफ प्लस का दर्जा हासिल कर लिया है। ओडीएफ प्लस गांव वह है, जिसने ठोस या तरल अपशिष्ट प्रबंधन प्रणालियों को लागू करने के साथ-साथ अपनी खुले में शौच मुक्त (ओडीएफ) स्थिति को बरकरार रखा है। आजतक 4.43 लाख से अधिक गांवों ने खुद को ओडीएफ प्लस घोषित कर दिया है। बात अगर उन राज्यों की करें जिन्होंने 100 प्रतिशत ओडीएफ प्लस गांव हासिल किए हैं वे हैं- अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, दादर एवं नागर हवेली, गोवा, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर, कर्नाटक, केरल, लद्दाख, पुडुचेरी, सिक्किम, तमिलनाडु, तेलंगाना और त्रिपुरा। राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में - अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, दादरा नगर हवेली और दमन दीव, जम्मू और कश्मीर और सिक्किम में 100 प्रतिशत ओडीएफ

प्लस मॉडल गांव हैं। इन राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों ने ओडीएफ प्लस का दर्जा हासिल करने में उल्लेखनीय प्रगति की है और उनके प्रयास इस मील के पत्थर तक पहुंचने में सहायक रहे हैं। इस वर्ष प्रधानमंत्री मोदी द्वारा शुरू किये गये स्वच्छ भारत मिशन के नौ वर्ष पूरे हो गये हैं। 75 प्रतिशत ओडीएफ प्लस गांवों की उपलब्धि भारत के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, क्योंकि देश स्वच्छ भारत मिशन के दूसरे चरण में ही हम ओडीएफ से ओडीएफ प्लस में आ गए हैं।

स्वच्छ भारत मिशन शहरीकरण की चुनौतियों के समाधान की राह दिखा रहा है। ठोस कचरे का वैज्ञानिक प्रसंस्करण और प्रभावी ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए पुराने डंपसाइटों की खस्ताहाल स्थिति को दुरूस्त करने पर भी भरपूर ध्यान दिया जा रहा है। इससे सस्टेनेबल डवलपमेंट गोल्स 2030 के लक्ष्यों को भी प्राप्त करने में आसानी होगी।

यहां उन सफाई मित्रों का जिक्र जरूरी है, जिनके कंधों पर इसके कार्यान्वयन की बड़ी जिम्मेदारी है। इन नौ सालों में सफाई मित्र सफलता की नई इबारत लिख रहे हैं। सफाई मित्रों को सुरक्षित एवं स्वस्थ रखने के साथ बेहतर तरीके से जीने की स्थिति और आजीविका के विकल्प प्रदान करने की पहल सरकार ने की है। मेनहोल को मशीन होल में बदलने की दिशा में प्रतिबद्धता से काम किया जा रहा है। इसके लिए कई शहरों में अभूतपूर्व कदम उठाए गए हैं। सफाई मित्र अब कीचड़ हटाने वाले उपकरणों से लेकर आधुनिक मशीनों का उपयोग कर रहे हैं। लगभग 25 प्रतिशत शहरों में पहले से ही इस तरह के पर्याप्त उपकरण उपलब्ध थे जिनका सही ढंग से पूरा उपयोग नहीं हो पा रहा था । लेकिन, अब अपशिष्ट प्रबंधन के लिए वैज्ञानिक पद्धति का प्रयोग किया जा रहा है। इस क्षेत्र में डवलपमेंट स्टार्टअप्स और उद्यमियों के लिए एक बेहतर वातावरण का निर्माण करने के लिए एएफडी (एजेंस फ्रांसेइस डे डेवलपमेंट) और डिपार्टमेंट ऑफ प्रमोशन ऑफ इंडस्ट्री एंड इंटरनल ट्रेड (डीपीआईआईटी) के सहयोग से एक 'स्वच्छता स्टार्टअप चैलेंज' भी शुरू किया गया था। अपशिष्ट प्रबंधन में अतिरिक्त स्टार्टअप्स को बढ़ावा देने के लिए, सरकार ने आईआईटी कानपुर के सहयोग से कुल 75 स्टार्टअप को फंडिंग सहायता प्रदान करने की योजना बनाई है।

मूल रूप से एक प्रतिस्पर्धी मॉनिटरिंग टूल के रूप में डिजाइन किया गया और स्वच्छ सर्वेक्षण 2016 में पेश किया गया था, जिसका उद्देश्य शहरों को फास्ट-ट्रैक प्रतिस्पर्धी तरीके से स्थायी स्वच्छता और अपशिष्ट प्रबंधन का लक्ष्य प्राप्त करने में मदद करना था। वर्तमान में यह अपने 8वें संस्करण में लगभग 4500 शहरी स्थानीय निकायों को कवर करता है।

नारी शक्ति के बहुमुखी योगदान ने स्वच्छ भारत मिशन को और मजबूत किया। संक्षेप में कहा जा सकता है कि स्वच्छता को लेकर एक जागरूकता पैदा हुई है। यह कोई सामान्य बात नहीं है।

वर्ना हमारे यहां इस महत्वपूर्ण विषय पर तो पहले कभी ध्यान ही नहीं दिया गया।

(लेखक, वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।)